| मौसम | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| धनबाद | 43.9 | 31.4 |
| जमशेदपुर | 44.0 | 29.5 |
| डालटनगंज | 45.6 | 28.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



पेज 09

www.lagatar.in

रांची, गुरुवार 13 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~5~~ ● वर्ष : 2, अंक : 65

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,900 |
| चांदी (किलो) | 96,000 |

## ब्रीफ खबरें

### 24 जून से तीन जुलाई तक चलेगा संसद सत्र

**नयी दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा. सत्र के पहले तीन दिन में नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे. साथ ही सदन के अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा. सत्र तीन जुलाई को संपन्न होगा. वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक करेंगी. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद में अपनी मंत्रिपरिषद के सदस्यों का परिचय देंगे. यह जानकारी संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को दी.

### जेपीएससी सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा 22 से

**रांची।** 11वीं जेपीएससी सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा 22 जून से 24 जून तक होगी. आधिकारिक सूचना जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट www.jpsc.gov.in पर जाकर डाउनलोड की जा सकती हैं. जेपीएससी ने कहा है कि प्रारंभिक परीक्षा में पास जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन नहीं किया है, वे 14 जून तक जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं. आयोग ने कहा कि तकनीकी खामियों की वजह से अभ्यर्थियों की ओर से लगातार की जा रही मांग को लेकर आयोग ने आवेदन की तारीख बढ़ाई है.

### जी-7 सम्मेलन के लिए आज रवाना होंगे पीएम

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए गुरुवार को इटली की यात्रा करेंगे. अपुलिया क्षेत्र के बोर्गो एग्नाजिया के आलीशान रिसॉर्ट में 13 से 15 जून तक आयोजित होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन में चल रहे युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाया रहने की संभावना है. सम्मेलन में भाग लेने वाले शीर्ष नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, उनके फ्रांसीसी समकक्ष इमैनुएल मैक्रों, जापानी पीएम फूमियो किशिदा व कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो शिखर शामिल हैं.

### खुदरा मुद्रास्फीति मई में घट कर 4.75% पहुंची

**नयी दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट से खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 4.75 प्रतिशत पर आ गयी. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल 2024 में 4.83 प्रतिशत और मई 2023 में 4.31 प्रतिशत थी. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 8.69 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 8.70 प्रतिशत थी. कुल मुद्रास्फीति में फरवरी 2024 से लगातार कमी आई है. सरकार ने आरबीआई को यह सुनिश्चित करने कहा है कि सीपीआई मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनी रहे.

**एक्शन में सीएम** दूसरे दिन भी विभिन्न विभागों एवं योजनाओं की समीक्षा की, कहा

# हम अंतिम व्यक्ति तक योजना पहुंचाने में सफल



विशेष संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में विभिन्न विभागों एवं योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने कई दिशा-निर्देश दिये. कई योजनाओं में धीमी प्रगति को लेकर अफसरों को फटकार लगायी. वहीं, 13 जून को भी मुख्यमंत्री कई विभागों की समीक्षा करेंगे. बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 में बहुत उम्मीद के साथ जनता ने महागठबंधन पर भरोसा जताया. तमाम विपरित परिस्थितियों के बावजूद हमलोगों ने अच्छी-अच्छी योजनाएं लायीं और उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया. जनता की समस्याओं को सुना, समझा और फिर योजनाएं बनायीं. उसे जनता तक पहुंचाया. सीएम ने अफसरों को निर्देश दिया है कि सभी योजनाएं समय पर पूरी हों. किसानों को मजबूत करने, सुखाड़ जैसी समस्या से निबटने के लिए एरीग्रेशन पर ध्यान दे रहे हैं. लोन माफी पर भी मजबूती से काम हो रहा है.

**गलत तरीके से जमीन खरीद-बिक्री पर लगे रोक :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कई इलाकों में जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री के मामले सामने आ रहे हैं. इसपर हर हाल में रोक लगे. इसमें जो भी दोषी हो, उनके खिलाफ कार्रवाई हो. सभी डीसी अपने जिला के अंतर्गत आनेवाले अंचलों का नियमित निरीक्षण करें और वहां म्यूटेशन के मामलों की समीक्षा करें. जमीन से संबंधित दस्तावेजों का भी जांच करें.

## अफसरों को दी कड़ी हिदायत, लगाई फटकार, आज भी होगी समीक्षा

**सभी डीसी को संबंधित सीओ के खिलाफ प्रस्ताव भेजने का निर्देश**



सीएम की समीक्षा बैठक में मौजूद अलग-अलग विभागों के अफसर.

### म्यूटेशन निष्पादन में खराब प्रदर्शन करने वाले सीओ नपेंगे

मुख्यमंत्री चंपाई सोरन पूरी तरह से एक्शन मोड में आ चुके हैं. जमीन म्यूटेशन मामले में सख्ती बरतते हुए खराब परफॉर्म करने वाले सीओ के विरुद्ध कारवाई करने की बात कही है. उन्होंने कहा कि हजारीबाग, रांची, गिरिडीह और पलामू के कई अंचलों में म्यूटेशन के मामलों के निष्पादन की स्थिति काफी खराब है. ऐसे में इन जिलों के खराब परफॉर्म करने वाले अंचलों को चिह्नित कर वहां के अंचल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का प्रस्ताव मेरे पास भेजें. उन्होंने कहा कि तय समय सीमा के अंदर म्यूटेशन प्रक्रिया पूरी करें. सीएम ने कहा कि म्यूटेशन के मामले बिना किसी वजह से लंबित नहीं रहने चाहिए. अंचल ऑफिस में म्यूटेशन के कई मामले बिना किसी विरोध के काफी समय तक लंबित रहते हैं. इन मामलों का न तो निष्पादन होता है और न ही रिजेक्ट किया जाता है. इसकी जांच हो. उन्होंने सभी डीसी को अपने जिला अंतर्गत आने वाले उन अंचलों को चिह्नित करने को कहा है, जहां बिना किसी वजह के म्यूटेशन के मामले 90 दिनों से ज्यादा समय से लंबित हैं. संबंधित सीओ को शो-कॉज जारी कर और कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया.

### अबुआ आवास के लिए न्यूनतम दर पर बालू उपलब्ध कराएं

अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने पहले चरण में स्वीकृत दो लाख आवास और इसकी पहली किस्त की राशि जारी होने के उपरांत आवास निर्माण के प्रगति की जानकारी ली. इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया. कहा- इस योजना के लाभुक गरीब और जरूरतमंद होते हैं. ऐसे में न्यूनतम दर पर उन्हें आवास निर्माण के लिए बालू जैसी निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने की पहल करें. लाभुकों के चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए. वहीं, जिन्हें अबुआ आवास आवंटित हो चुका है और उनका पहला चरण का कार्य संतोषजनक है, तो उन्हें दूसरी किस्त की राशि जारी करने को कहा.

### डीएमएफटी फंड की राशि खर्च करें डीसी

मुख्यमंत्री ने डीएफएमटी फंड की राशि की समीक्षा की. कहा कि पाकुड़, गढ़वा, चतरा, रामगढ़ जिला सहित वैसे सभी जिले जहां डीएमएफटी की राशि कम खर्च हुई है, उन जिलों के डीसी डीएमएफटी फंड की राशि का खर्च बढ़ाएं. जो स्कीम जिलों में डीएमएफटी फंड से लिए गए हैं, उनके कार्यों में तेजी लाएं.

### सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में शत-प्रतिशत रिजल्ट हो

शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में सभी प्रखंड में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जाएंगे. विभाग के अफसरों को निर्देश दिए कि सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नियमित शिक्षकों की नियुक्ति करें. गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई हो, विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत रिजल्ट हो, 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में विद्यार्थियों का प्रदर्शन बेहतर हो, इसपर काम करें. सीएम ने सभी डीसी को अपने जिले के इन स्कूलों में मिल रही सभी सुविधाओं की निरंतर मॉनिटरिंग करें. वर्तमान में संचालित 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को बेहतर निजी विद्यालयों के अनुरूप अपग्रेड करें.

**तीन आतंकी हमलों से कश्मीर दहला**

# एक जवान शहीद, जवाबी कार्रवाई में दो आतंकी ढेर



एजेंसी। जम्मू

जम्मू कश्मीर में पिछले तीन दिन में तीन आतंकी हमले हो चुके हैं. नौ जून को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस पर गोलीबारी में नौ लोगों की मौत हो गयी थी, जबकि 41 घायल हुए थे. वहीं, 10 व 11 जून की मध्य रात्रि में दो अलग-अलग आतंकी हमले हुए. पहला हमला कठुआ जिले के हीरानगर स्थित सैदा सुखल गांव में हुआ. दूसरा हमला डोडा जिले के भद्रवाह-पठानकोट मार्ग स्थित चतरगला में अस्थाई संयुक्त जांच चौकी पर हुआ. इस घटना में राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक एसपीओ घायल हो गये. दूसरी ओर कठुआ जिले के सैदा सुखल गांव में मंगलवार देर रात गांव में छिपे एक आतंकवादी द्वारा की गयी गोलीबारी में सीआरपीएफ के एक जवान शहीद हो गये. वहीं, जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबल के जवानों ने अब तक दो आंतवादियों को मार गिराया गया है.

**राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना, कहा**

## जश्न मना रहे हैं पीएम मोदी

जम्मू कश्मीर में तीन दिन में आतंकी हमले की तीन घटनाएं होने को लेकर विपक्ष हमलावर है. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट करके



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है. पूछा है कि आखिर भाजपा सरकार में आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले पकड़े क्यों नहीं जाते? राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा है- बधाई संदेशों का जवाब देने में व्यस्त नरेंद्र मोदी को जम्मू-कश्मीर में निर्ममता से मौत के घाट उतार दिये गए श्रद्धालुओं के परिवारों की चीखें तक नहीं सुनाई दे रही हैं. रियासी, कठुआ और डोडा में पिछले तीन दिनों में तीन अलग-अलग आतंकी घटनाएं हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री अब भी जश्न में मग्न हैं.

**ईडी ने हाईकोर्ट में कहा-**


## हेमंत सोरेन के कहने पर पिंटू ने सीओ ऑफिस से करवाया सर्वे

संवाददाता। रांची

जमीन घोटाला के आरोप में जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की पीठ में ईडी की ओर से वरीय अधिवक्ता एसवी राजू ने दलीलें रखीं.

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन का जुड़ाव उन सबूतों से है, जो ईडी की छापेमारी में मिले हैं. बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानू प्रताप के ठिकाने से दस्तावेजों से भरा हुआ जो ट्रंक बरामद हुआ था, उसमें कई ऐसे कागजात मिले थे, जो भूमि घोटाला से ही संबंधित थे. विनोद सिंह के मोबाइल से जो चैट और नक्शा बरामद हुआ था, उसके मुताबिक, 8.86 एकड़ भूमि पर बैंकवेट हॉल बनाये जाने की तैयारी थी. हेलेरियस कच्छप को इस भूमि की देखरेख के लिए हेमंत सोरेन ने रखा था और इस भूमि पर सोरेन का कब्जा था.

**सबूतों पर खड़े किए गए सवाल बेबुनियाद :** अदालत में ईडी के अधिवक्ता एसवी राजू ने आगे कहा कि तत्कालीन सीओ मनोज कुमार ने अपने बयान में कहा था कि अभिषेक प्रसाद पिंटू और सीएमओ में कार्यरत उदय शंकर के कहने पर हेमंत सोरेन ने हल्का कर्मी भानू प्रताप को इस भूमि का सर्वे करने का निर्देश दिया था. वहीं पिंटू ने अपने बयान में कहा है कि उक्त भूमि को लेकर उसने सोरेन के कहने पर ही निर्देश दिए. वहीं, बचाव पक्ष द्वारा सबूतों पर खड़े किए गए सवाल पूरी तरह से बेबुनियाद हैं. क्योंकि, कर्मचारियों की मौजूदगी में सभी सबूतों को सील किया गया और जब्ती सूची पर सबके हस्ताक्षर हैं.



- हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई
- ईडी के अधिवक्ता ने रखी दलील- जमीन पर हेमंत सोरेन का कब्जा

### ईडी की ओर से आज भी जारी रहेगी बहस

दलीलें सुनने के बाद अदालत ने हेमंत सोरेन के अधिवक्ता को लिखित बहस जमा करने का निर्देश दिया है. बहस गुरुवार को भी जारी रहेगी. बहस के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट की वरीय अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा, हाईकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश व प्रदीप चंद्रा मौजूद रहे.

# आंध्र में नायडू और ओडिशा में माझी बने सीएम

## चौथी बार आंध्र प्रदेश के सीएम बने चंद्रबाबू नायडू



पीएम मोदी को भगवान की मूर्ति भेंट करते नायडू व पवन कल्याण.

एजेंसी। अमरावती

तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली. प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर यह उनका चौथा कार्यकाल होगा. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी तथा जेपी नड्डा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत भाजपा के वरिष्ठ नेता और अन्य केंद्रीय मंत्री मौजूद थे.

चंद्रबाबू नायडू के साथ जनसेना प्रमुख एवं अभिनेता पवन कल्याण ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली.

- जनसेना प्रमुख पवन कल्याण ने डिप्टी सीएम की शपथ ली
- **मुख्यमंत्री के तौर पर चंद्रबाबू नायडू का चौथा कार्यकाल**

इसके अलावा चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश, के. अत्चन्नायडू (टीडीपी), नादेंदला मनोहर (जनसेना), पी नारायण (टीडीपी), कोल्लू रवींद्र (टीडीपी), निम्मला राम नायडू (टीडीपी) और सत्य कुमार यादव (भाजपा) समेत अन्य ने मंत्री पद की शपथ ली. आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने नायडू और अन्य को शपथ दिलाई.

### नीतीश कुमार रहे नदारद

बुधवार को चंद्रबाबू नायडू ने आंध्रप्रदेश के और मोहन माझी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. दोनों जगह भव्य समारोह का आयोजन किया गया था. आंध्र प्रदेश में टीडीपी व भाजपा की सरकार और ओडिशा में भाजपा की सरकार का गठन हुआ है. दोनों जगह आयोजित समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं दिखे. नीतीश कुमार की तरफ से जदयू का कोई सीनियर नेता भी समारोह में शामिल नहीं हुए. मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिए एनडीए में जदयू व नीतीश कुमार की भूमिका अहम है. यही कारण है कि नीतीश की गैरमजूदगी को लेकर राजनीतिक हलकों में तरह-तरह की चर्चा होने लगी है. विपक्ष का दावा है कि एनडीए में चीजें बिगड़ने की शुरुआत हो चुकी है, नीतीश कैबिनेट के बंटवारे से खुश नहीं हैं. हालांकि, अभी तक नीतीश की तरफ से इस मामले में कुछ भी नहीं कहा गया है.

## ओडिशा में आदिवासी नेता मोहन माझी के हाथ कमान



सीएम माझी को शुभकामनाएं देते पीएम मोदी व मौजूद राज्यपाल रघुवर दास.

एजेंसी। भुवनेश्वर

आदिवासी नेता एवं चार बार के विधायक मोहन चरण माझी ने बुधवार को ओडिशा के पहले भाजपाई मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली. समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री शामिल हुए. वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पटनागढ़ से विधायक केवी सिंह देव तथा निमापारा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बनीं प्रभाती परिदा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली. जनता मैदान में राज्यपाल रघुवर दास ने मुख्यमंत्री, दोनों उप मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियों को पद

- राज्य में पहली बार भाजपा के मुख्यमंत्री ने ली शपथ-
- केवी सिंह देव और प्रभाती परिदा बने डिप्टी सीएम

एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. यह पहली बार है, जब ओडिशा में भाजपा की सरकार बनी है. समारोह में ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी शामिल हुए. माझी कैबिनेट में सुरेश पुजारी, रबिनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्र, पृथ्वीराज हरिचंदन, मुकेश महालिंग, बिभूति भूषण जेना और कृष्ण चंद्र महापात्र ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली.

**शोध** क्या भविष्य में अल्जाइमर रोग के उपचार में कारगर हो सकती है मेन्थॉल की गंध ?

# पीड़ित चूहों ने मेन्थॉल सूंघा, संज्ञानात्मक क्षमताएं सुधरीं

एजेंसी। एडिनबर्ग

अल्जाइमर रोग एक गंभीर न्यूरोडीजेनेरेटिव (मस्तिष्क में परिवर्तन) विकार है, जो समय के साथ बदतर ही होता जाता है. इसके सबसे आम लक्षणों में याददाश्त, सोच और सामाजिक कौशल में धीरे-धीरे गिरावट शामिल हैं. वहीं, एक ऐसे भविष्य की कल्पना करें, जहां मेन्थॉल की गंध अल्जाइमर रोग के कुछ सबसे खराब लक्षणों को कम कर सकती है. यह विज्ञान कथा जैसा लग सकता है, लेकिन नए शोध इसे संभावित वास्तविकता बना रहे हैं.

वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि जब अल्जाइमर से पीड़ित चूहों ने मेन्थॉल सूंघा, तो उनकी संज्ञानात्मक क्षमताओं में सुधार हुआ. हालांकि, जब तक मानव नमूने का उपयोग करके मेन्थॉल के प्रभावों का अध्ययन नहीं किया जाता है, तब तक बीमारी के इलाज के तरीके की बेहतर समझ विकसित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहला कदम माना जा सकता है. वैज्ञानिक अब तथाकथित रोग-संशोधक दवाओं पर काम कर रहे हैं, जो अल्जाइमर को धीमा या संभावित रूप से ठीक कर सकती हैं.

### चूहे और मेन्थॉल के प्रयोग में मिले अप्रत्याशित परिणाम



नए अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने घ्राण (गंध की अनुभूति), प्रतिरक्षा और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र के बीच संबंध की जांच की. इस अध्ययन के दौरान, जिन चूहों को अल्जाइमर प्रदर्शित करने के लिए आनुवंशिक रूप से संशोधित किया गया था, उन्हें छह महीने तक बार-बार मेन्थॉल के संपर्क में रखा गया. शोधकर्ताओं ने उनकी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया और संज्ञानात्मक क्षमता का विश्लेषण किया और उनकी तुलना स्वस्थ चूहों से की. इस क्रम में अप्रत्याशित परिणाम आये. पाया गया कि संज्ञानात्मक कार्य को नुकसान पहुंचाने वाले कारकों में प्रमुख प्रोटीन इंटरल्यूकिन-1 बीटा का स्तर कम हो गया है.

**दुनिया भर में 5.5 करोड़ लोग अल्जाइमर से पीड़ित :** अल्जाइमर 21वीं सदी में सार्वजनिक स्वास्थ्य के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है. हाल के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया भर में साढ़े पांच करोड़ लोग अल्जाइमर रोग और अन्य प्रकार के मानसिक गिरावट से पीड़ित हैं. कई देशों की आबादी तेजी से बढ़ती जा रही है, इसलिए इस संख्या में बढ़ोतरी की ही उम्मीद है. हर साल अल्जाइमर और डिमेंशिया के एक करोड़ नए मामले सामने आते हैं और हर 3.2 सेकंड में एक नया मामला. इससे विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया है कि 2050 तक 15 करोड़ से अधिक लोग इस बीमारी से ग्रसित हो जाएंगे.

# कुवैत : इमारत में आग, 40 भारतीयों की मौत

एजेंसी। कुवैत

कुवैत के दक्षिण मंगाफ जिला स्थित एक इमारत में बुधवार तड़के आग लगने से 40 भारतीयों समेत कुल 49 लोगों की मौत हो गई. मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है. इस घटना में 30 अन्य घायल हो गए. किसी भी तरह की सहायता के लिए भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर 965-65505246 जारी किया है. स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि अगलगी का कारण नियमों के उल्लंघन प्रतीत होता है.

इमारत में बड़ी संख्या में कर्मचारी रहते थे. दर्जनों लोगों को बचा लिया गया, लेकिन कई मौतें धुएं की वजह से दम घुटने से हो गयी. कुवैत के आंतरिक मंत्री शेख फहाद अल-यूसुफ अल-सबा ने घटना स्थल का दौरा कर इमारत के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है.



### दक्षिण अफ्रीका में बोकारो जिले के निरंजन की मौत

**बोकारो।** रोजी रोटी कमाने साल पहले दक्षिण अफ्रीका के बुरुंडी देश के बुजुंबुरा शहर में एक टेक्सटाइल्स मिल में काम करने गए बोकारो जिले के कसमार थाना क्षेत्र के गर्री निवासी निरंजन प्रजापति के बड़े पुत्र राजकिशोर प्रजापति (47 वर्षीय) का निधन तीन दिनों पहले हो गया. वे बुरुंडी के बुजुंबुरा में आफ्री टेक्सटाइल्स नामक एक कपड़े की प्रतिष्ठित कंपनी में कार्यरत थे. उक्त कंपनी में दो साल के करार में पर वे गए हुए थे. रविवार देर रात को अचानक उनकी तबियत बिगड़ी और ब्रेन हेमरेज से उनकी मौत की सूचना उनके सहकर्मियों ने परिजनों को दी.

## झारखंड में कांग्रेस विधायक दल के नेता की दौड़ में डॉ रामेश्वर उरांव, रामचंद्र सिंह और प्रदीप यादव

# आलमगीर के इस्तीफे के बाद सीएलपी लीडर और मंत्री पद की लांबिंग हुई तेज

कौशल आनंद। रांची

सीएलपी (कांग्रेस लेजिस्लेटिव पार्टी) लीडर और ग्रामीण विकास मंत्री रहे आलमगीर आलम के इस्तीफे के बाद पार्टी में दोनों पद के लिए लांबिंग तेज हो गयी है. सीएलपी लीडर के तौर पर तीन नाम आगे चल रहे हैं, जिनमें पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान में सीनियर कांग्रेसी नेता-मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, प्रदीप यादव और मनिका विधायक रामचंद्र सिंह शामिल हैं. वहीं मंत्री पद के लिए डॉ इरफान अंसारी, दीपिका सिंह पांडेय और प्रदीप यादव के नाम रेस में हैं. अंतिम तौर पर दिल्ली नेतृत्व किससे पर मुहर लगाती है, इस बार सबकी नजर रहेगी.

### खास बातें

- मंत्री पद की दौड़ में इरफान, दीपिका और प्रदीप यादव
- प्रदीप के खिलाफ चल रहा दल-बदल का मामला


रामेश्वर उरांव.


प्रदीप यादव.


रामचंद्र सिंह.


इरफान अंसारी.

### मंत्री चयन में जातिगत और धार्मिक समीकरणों का रखा जाएगा ख्याल

चूंकि कांग्रेस में आलमगीर आलम के बाद दूसरा मुस्लिम चेहरा डॉ इरफान अंसारी हैं, जो तेज-तर्रार व मुंहफट वक्ता के तौर पर भी जाने जाते हैं. इरफान दो बार से जामताड़ा से विधायक भी हैं. उनकी हेमंत सोरेन से निकटता भी किसी से छिपी नहीं है. इसलिए कांग्रेस अगर मुस्लिम कार्ड खेलती है तो डॉ इरफान का मंत्री बनना तय माना जा रहा है. मगर इस पद के लिए विधायक दीपिका सिंह पांडेय और प्रदीप यादव के नाम भी चर्चा में हैं. अगर कांग्रेस महिला कार्ड खेलती है तो ही दीपिका का नाम पर मुहर लग सकती है, क्योंकि जातिगत समीकरण में वे फिट नहीं बैठती हैं. अगड़ी जाति से पहले कांग्रेस का कोटा फुल है. बादल पत्रलेख अगड़ी समाज से पहले से ही मंत्री बने हुए हैं. रही बात प्रदीप यादव की तो निश्चित तौर पर वे एक अच्छे वक्ता हैं, जो सदन से लेकर सड़क पर डाटा और फैक्ट के साथ सरकार के साथ खड़े रहते हैं. प्रदीप यादव पांच टर्म से विधायक हैं. इस पद के लिए भी प्रदीप यादव की राह में रोड़ा दल बदल का लंबित मामला और जातिगत समीकरण खिलाफ जाता दिख रहा है. क्योंकि ओबीसी समाज से पहले से ही बन्ना गुप्ता मंत्री बने हुए हैं. इसलिए इस पद के लिए भी कांग्रेस बहुत सोच-समझ कर निर्णय लेगी.

### सीएलपी लीडर के चयन में वरीयता हो सकती है प्रथम पात्रता

चूंकि आलमगीर आलम मुस्लिम समुदाय से सीनियर नेता के रूप में जाने जाते हैं. इसलिए पार्टी ने उन्हें सीएलपी लीडर के साथ-साथ मंत्री भी बनाया गया था. झामुमो के बाद कांग्रेस सदन में दूसरी बड़ी पार्टी है. सदन के अंदर मुख्यमंत्री के बाद सीएलपी लीडर की अहम रोल होता है. इसलिए बतौर सीनियर लीडर ही सीएलपी लीडर का चयन कांग्रेस करेगी. चूंकि वे मंत्री भी थे ओर अच्छे वक्ता के साथ-साथ शासन-प्रशासन के अच्छे जानकार भी. ऐसे में वरीयता के हिसाब से डॉ रामेश्वर उरांव इस पद के लिए पहली पसंद हो सकते हैं. अगर पार्टी इन्हें नहीं चुनती है तो फिर वरीयता के आधार पर रामचंद्र सिंह और प्रदीप यादव पर पार्टी दांव खेल सकती है. मगर प्रदीप यादव के साथ स्पीकर कोर्ट में चल रहे दल-बदल के मामला उनके खिलाफ जा सकता है.

## ब्रीफ खबरें

### बीएयू के पांच छात्रों का आईडीबीआई में चयन

**रांची।** आईडीबीआई बैंक लिमिटेड ,मुंबई ने रांची कृषि महाविद्यालय (बीएयू) के पांच विद्यार्थियों का चयन सहायक प्रबंधक पद के लिए किया है. इन्हें सालाना 6.50 लाख रुपये का पैकेज दिया जायेगा. बीएयू के स्टूडेंट काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ बीके झा ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में अपूर्व राज, दिव्या पाठक, मोनिसा दुबे, एलीना सुसान जोस और हतीका गणेश शामिल हैं. आईडीबीआई द्वारा सहायक प्रबंधक पद पर नियुक्ति बीएयू परिसर में इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित समूह चर्चा व व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर की. इसमें विश्वविद्यालय के कृषि स्नातक पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया.

### पलाश-जेएसएलपीएस आईएचएम में एमओयू

**रांची ।** राज्य में ग्रामीण महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आईएचएम रांची, पलाश और जेएसएलपीसी के बीच बुधवार को एमओयू हुआ. एमओयू पर हस्ताक्षर आईएचएम के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार और राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अवध नारायण प्रसाद ने किया. एमओयू के तहत आईएचएम रांची ग्रामीण महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी सेवा उपलब्ध कराएगा. बताते चलें कि ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा क्षेत्रीय कलस्टर विकास परियोजना के तहत पलाश आजीविका दीदी कैफे खाद्य खुदरा श्रृंखला और खानपान सेवाओं के क्रियान्वयन लिए यह एमओयू किया गया है.

### सिल्ली- इलू रेललाइन के काम में तेजी : अरुण जोशी

**रांची।** रांची रेलमंडल में सिल्ली- इलू बाईपास रेल लाइन के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने इस प्रयास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहयोग के लिए पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, रेल लाइन के निर्माण हेतु बजटीय स्वीकृति दिलाने में सहयोग के लिए रांची के सांसद संजय सेठ के प्रति आभार जताया. यह भी कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने इस मामले में माननीय रेल मंत्री से निरंतर समन्वय बनाकर प्रयासों को गति दी. सिल्ली-इलू रेललाइन का निर्माण सांसद के प्रयासों का ही प्रतिफल है. इस पहल से रांची-हावड़ा-टाटा की दूरी कम होगी, सफर सुगम होगा.

## हंगामेदार रही कांग्रेस की समीक्षा बैठक

# राजेश ठाकुर ने इस्तीफे की भी कर दी पेशकश

### खास बातें

- प्रभारी मीर ने स्वीकार किया कि तालमेल का अभाव रहा
- अध्यक्ष से बूथ लेबल तक होगी समीक्षा, कमेटी बनेगी

विशेष संवाददाता। रांची

प्रदेश कांग्रेस की चुनाव परिणाम समीक्षा बैठक हंगामेदार रही. हंगामे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बीच बैठक में माइक लेकर बोलना पड़ा. उन्होंने कहा कि जहां जीते हैं, वहां भी मेरी जिम्मेवारी है, जहां हारे हैं, वहां भी मेरी जिम्मेवारी है. मैं प्रदेश प्रभारी मीर साहब की उपस्थिति में कहना चाहता हूं कि अगर मेरे और मेरे कमेटी के इस्तीफा देने से संगठन मजबूत हो जाता है और विधानसभा चुनाव में इसका बेहतर परिणाम होगा तो मैं और मेरी टीम इसके लिए भी तैयार हैं. समीक्ष बैठक में तीन बातें खुलकर सामने आयीं. इसमें संगठन और प्रत्याशियों का आपसी को-ऑर्डिनेशन की भारी कमी, विधायक या मंत्री जिनके विधानसभा में पार्टी पिछड़ने का कारण, आम जनता के बीच कांग्रेस का गांरटी कार्ड संगठन द्वारा उपलब्ध नहीं कराने या नहीं पहुंचाने विफल रहा. बैठक में भीतरघात और विरोधी प्रत्याशियों के द्वारा पैसे का खेल खेलने का भी आरोप खुलकर लगा. इसमें कांग्रेस प्रत्याशियों के पिछड़ने की बातें सामने आयी हैं.


प्रदेश कांग्रेस की समीक्षा बैठक में मौजूद गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर व अन्य.

### संगठन में किया जाएगा आवश्यक बदलाव : मीर

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रभारी मीर ने स्वीकार किया कि संगठन और प्रत्याशियों के बीच कहीं न कहीं को-ऑर्डिनेशन की बातें सामने आयी हैं. इतना ही कई मंत्री और विधायक के क्षेत्र में हमलोग पीछड़े भी हैं. इसलिए हमने तय किया है कि प्रदेश अध्यक्ष से लेकर बूथ लेबल कमेटी तक गहनता से समीक्षा होगी. इसके लिए एक कमेटी बनायी जाएगी जो विधानसभा स्तर तक जाएगी. कमेटियों को अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी. इसके बाद जवाबदेही तय की जाएगी.

### चाईबासा कांग्रेस की ही सीटिंग सीट रही थी

एक सवाल के जवाब में मीर ने कहा कि देखने का नजरिया है. इस चुनाव में हमने बहुत कुछ खोया है तो बहुत कुछ पाया भी है. हमारा 6 प्रतिशत तक वोट प्रतिशत बढ़ा है. हमने दो नहीं तीन लोकसभा सीटें जीती हैं. आखिरकार चाईबासा कांग्रेस की सीटिंग सीट रही है. हम बहुत सारे विधानसभा में पिछड़े हैं तो बहुत सारे विधानसभा में पाया भी है. आकलन कभी भी एक पक्ष देख कर नहीं होना चाहिए. निश्चित तौर पर हार की जवाबदेही तय होगी अध्यक्ष से लेकर बूथ स्तर कमेटी तक. इसमें मंत्री और विधायक भी शामिल होंगे.

### विस का समीकरण मिल-बैठकर तय होगा

गुलाम अहमद मीर ने कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि हम पिछले बार विधानसभा चुनाव कितने सीट पर लड़ें, इस बार कितने सीट लड़ेंगे. पिछले बार के मुद्दे, विषय और परिस्थिति अलग थी, इस बार के चुनाव के अलग रहेंगे. इसलिए हम 31 पर लड़ेंगे या 36 पर यह तो आगे तय की जाएगी. मगर इतना तय है कि हम गठबंधन के तहत मजबूती से लड़ेंगे और यहां से भाजपा का सफाया कर देंगे. इस चुनाव में कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, खड़गे साहब, सीएम चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन, तेजस्वी यादव समेत गठबंधन दल के अन्य सभी नेताओं की सामूहिक अहम भूमिका रही. इसी मजबूती के तहत हम विधानसभा चुनाव भी लड़ेंगे.

### विधायक दल के नेता और मंत्री पद के लिए की रायशुमारी

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने देर शाम विधायक दल की बैठक की. स्टेट गेस्ट हाउस में आयोजित इस बैठक में कांग्रेस के मंत्री एवं अन्य विधायक शामिल हुए. बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद थे. बैठक में विधायक दल नेता और मंत्री आलमगीर आलम के इस्तीफे के बाद कौन होगा नया नेता ओर कौन होगा मंत्री. इस पर रायशुमारी की गयी. रायशुमारी की रिपोर्ट लेकर प्रभारी दिल्ली जाएंगे. इसके बाद दिल्ली से नामों की घोषणा होगी. निर्णय लेने के लिए आलाकमान को अधिकृत कर दिया गया है. बैठक में मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता आदि शामिल हुए.

### नायडू के शपथ ग्रहण में नहीं गए सीएम चंपाई दिया व्यस्तता का हवाला

**रांची।** सीएम चंपाई सोरेन आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण में शामिल नहीं हो सके. चंद्रबाबू नायडू ने सीएम चंपाई सोरेन को आमंत्रण पत्र भी भेजा था. सीएम चंपाई ने शामिल नहीं होने की वजह बताते हुए सोशल मीडिया एक्स पर नायडू के नाम एक संदेश लिखा है. इसमें सीएम ने लिखा है, आंध्र प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री के रूप में 12 जून को आपके शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए आपके आमंत्रण पत्र के लिए हार्दिक धन्यवाद. मैं आपको हार्दिक बधाई देता हूं. पूर्व निर्धारित व्यस्तता के कारण मैं, उक्त शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने में असमर्थ हूं. इसका मुझे अत्यंत खेद है. आपके आमंत्रण पत्र के लिए हार्दिक धन्यवाद. मैं आपको हार्दिक बधाई देता हूं.

#### सीएम के शामिल नहीं होने के निकाले जा रहे कई मायने

चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण में सीएम चंपाई सोरेन के शामिल नहीं होने के कई मायने भी निकाले जा रहे हैं. राजनीति के गलियारों में इस बात की चर्चा हो रही है कि नायडू एनडीए खेमे से सीएम बने हैं और चंपाई इंडिया गठबंधन गुट का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसलिए नीतिगत नजरिये से चंपाई इसमें शामिल नहीं हुए. चर्चा यह भी है कि सीएम चंपाई सोरेन इन दिनों अति व्यस्त चल रहे हैं. ऐसे में उनका नायडू के शपथ ग्रहण में उनका शामिल होना संभव नहीं पाया.

### राष्ट्रपति से मिले रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सांसद संजय सेठ ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की. इसके बाद संजय सेठ ने उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ से भी मुलाकात की. इसे औपचारिक मुलाकात बताया गया है. बताते चलें कि संजय सेठ ने मंगलवार को रक्षा राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण किया था. उन्होंने रांची लोकसभा सीट से दूसरी बार जीत हासिल की है.

### सीएम से मिले पैरालंपिक एसो. के सदस्य



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से बुधवार को पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की. मौके पर सीएम को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि 13 जून से 19 जून तक आयोजित होने वाले भारत बनाम थाईलैंड के बीच दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में झारखंड के 9 पैरालंपिक खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ है. मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को राज्य सरकार की ओर से झारखंड के चयनित खिलाड़ियों को हर संभव मदद किए जाने का आश्वासन दिया है.

### मीर, ठाकुर समेत कई कांग्रेसी मिले कल्पना से

**रांची।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने बुधवार को कल्पना मुर्मू सोरेन से उनके कांके रोड स्थित आवास पर मिले. मिलने वालों में लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रोशन लाल भाटिया, ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस के कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य शफीक अंसारी, झामुमो विधायक जिग्गा सुसारन होरो, भूषण तिर्की, कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह आदि शामिल थे.



### आंध्र-ओडिशा में विकास को गति मिलेगी : मरांडी

**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में व ओडिशा में मोहन चरण मांझी के नेतृत्व में बनी राज्य सरकार के शपथ ग्रहण पर हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों प्रदेश के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री सहित प्रदेश की जनता को बधाई व शुभकामनाएं दी है.मरांडी ने कहा कि एनडीए पूरे देश में और मजबूत हो रहा है. जनता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के स्वप्न को साकार होते देखना चाहती है. डबल इंजन की सरकार आंध्र प्रदेश और ओडिशा की जनता के हित में कार्य करते हुए विकसित भारत बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देगी. नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि ओडिशा और आंध्र प्रदेश में एनडीए सरकार नया सवेरा लेकर आएगी,

## 24 साल बाद भी एसीएफ की नियुक्ति नहीं

रवि भारती। रांची

झारखंड पहला राज्य हैं जहां 24 साल बाद भी सहायक वन संरक्षक(एसीएफ) की नियुक्ति नहीं है. एसीएफ का पद राजपत्रित है. वन विभाग में एसीएफ के 140 पद रिक्त पड़े हैं. ऐसे में वन अपराधों की जांच समय पर नहीं हो पा रही है. सीएमओ ने वन विभाग के निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द एसीएफ की नियुक्ति के लिए झारखंड लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेंजे, जिससे नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जा सके.

**मार्च 2024 में बनी है नियुक्ति नियमावली :** इसी साल मार्च 2024 में नियुक्ति नियमावली बनी है. सरकार ने इसका आदेश भी जारी कर दिया है. इस नियमवाली के तहत एसीएफ की नियुक्ति के लिए प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार के बाद चिकित्सीय परीक्षण का प्रावधान किया गया है. प्रारंभिक परीक्षा 150 और मुख्य परीक्षा 550 अंक की होगी.




### खास बातें

- वन विभाग ने जेपीएससी को नहीं भेजी है अधियाचना
- सीएमओ ने दिया निर्देश- जल्द भेंजी जाए अधियाचना

### सहायक वन संरक्षक के क्या हैं काम

- वनों की सुरक्षा व संरक्षण में सहयोग करना
- न्यायिक मामलों में डीएफओ, सीएफ, सीसीएफ, पीसीसीएफ को सहयोग करना
- वन प्रमंडल स्तर पर विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना
- वन प्रबंधन समिति के साथ वनों की सुरक्षा में सहयोग करना
- वन क्षेत्र पदाधिकारी द्वारा संपादित कार्यों का सर्वेक्षण करना
- विभागीय योजना तैयार करना
- स्थापना से जुड़ी सभी कार्यों की मॉनिटरिंग करना

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर कार्यक्रम

**रांची ।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर चाइल्ड राइट एंड यू (क्राई) के सहयोग से गाड़ा टोली रेमेडियल सेंटर व कडरू रिमेडियल सेंटर के बच्चे व समुदाय के लोगों ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया. मौके पर बच्चों ने बाल मजदूरी के विरोध शपथ ली कि हम लोग कभी भी बाल मजदूरी नहीं करेंगे. सभी बच्चों ने कंटिन्यू स्कूल जाने का शपथ ली. कार्यक्रम में क्राई के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अविनाश कुमार दुबे, रिमेडियल क्लास टीचर सनी कुमार राम, अंकिता कुमारी नायक आदि शामिल थे.

क्लासिफाइड










## मंथन

## विहिप झारखंड प्रांत ने जताया आक्रोश, विरोध प्रदर्शन

# कश्मीर में श्रद्धालुओं पर हमले से आहत : विहिप

संवाददाता। रांची

विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मिलन परांडे ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी कटरा से शिव खोडी जाते समय बीते 9 जून को हिंदू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों का कायराना हमले से पूरा देश आहत है. इस घटना के विरोध में पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया गया.

सभी जगह पुतला फूंका जाएगा. घटना में 10 निर्दोष हिंदू तीर्थयात्री मारे गए. संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है. इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है. जम्मू कश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है, धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है. हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं. इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है. देश के नई सरकार की शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है. बजरंग दल ने भी मारे गए हिन्दू तीर्थयात्रियों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया. साथ ही तीव्र आक्रोश व्यक्त करते हुए इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश देने को कहा. इस संदर्भ में सभी जिला आयुक्त को पत्र दिया जा रहा जिसके मध्यम से राष्ट्रपति को आग्रह किया जाएगा. आज सभी झारखंड के साथ साथ पुरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा। समाज को जागरूक किया जाएगा प्रेस वार्ता में प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत , प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत प्रचार प्रसार सहप्रमुख प्रकाश रंजन, प्रांत सदस्य अमरनाथ ठाकुर उपस्थित रहे.


प्रेस वार्ता में अपनी बातों को रखते मिलन परांडे व चंद्रकांत रायपत.

## नए हाईकोर्ट भवन में कामकाज के एक साल पेरू होने पर कार्यक्रम


वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद न्यायाधीशगण.

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन में कामकाज शुरू हुए एक वर्ष पूरा हो गया. पिछले वर्ष 12 जून को ही हाईकोर्ट के नए भवन में पहले केस की सुनवाई हुई थी. 24 मई को नए भवन का उद्घाटन हुआ था, जिसके बाद गर्मी छुटियां खत्म होने के बाद 12 जून को न्यायिक कार्य शुरू हुए थे.


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूर्ण, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में हाईकोर्ट के नए भवन का उद्घाटन किया था. कामकाज शुरू होने के पहली वर्षगांठ पर हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस समेत अन्य न्यायाधीशों और बार एसोसिएशन के सदस्य शामिल हुए.

तापमान
40.6° अधिकतम | 26.5° न्यूनतम

एक राज्य - एक अखबार

# शुभम संदेश

www.lagatar.in | रांची, गुरुवार 13 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 65 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र







# बड़ा तालाब... ओह इतना गंदा, सड़ा पानी, बदबू से जीना मुहाल

आकर्ष अनिकेत। रांची

राजधानी के बीचोंबीच है बड़ा तालाब. इसे विवेकानंद सरोवर के नाम से भी जाना जाता है. लेकिन तालाब पूरी तरह से प्रदूषित हो चुका है. सेवा सदन के पास 8.20 करोड़ की लागत से लगे सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी कोई फायदा नहीं हुआ. तालाब में पानी के ऊपरी सतह पर हरा-हरा काई जमा हो गया है. पानी भी दूषित होने की वजह से सड़ चुका है और बदबू दे रहा. सड़ांध की बदबू से तालाब के के पास से गुजरना भी मुश्किल हो गया है. दुर्गंध ऐसी कि बिना नाक-मुंह को रुमाल से ढंके पास से गुजरे, तो कै होना तय है. तालाब का पानी प्रदूषित और बदबूदार होने के कारण आसपास को लोगों को भी परेशानी हो रही है. खास कर सेवा सदन रोड के बाशिंदे बदबू से ज्यादा परेशान हैं. तालाब में काई व गंदा पानी की वजह से डेंगू, मलेरिया जैसी खतरनाक संक्रामक बीमारियां फैल सकती हैं. तालाब के आस-पास रहने वाले लोगों ने मांग की है कि तालाब में गंदे पानी के प्रवेश पर रोक लगायी जाए, क्योंकि नाले का गंदा पानी जाने के कारण ही तालाब प्रदूषित हो रहा है और गंदगी के कारण सड़ांध की बू आ रही है.

## नाक बंद कर पार हो रहे हैं राहगीर

तालाब का पानी दूषित होने, काई और गंदगी के कारण बहुत तेज सड़ांध की बदबू से आस-पास रहने वाले लोग, मारवाड़ी कॉलेज के छात्र-छात्राएं व राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है. राहगीर तेज बदबू के कारण नाक-मुंह बंद कर तालाब के पास से पार होने के लिए मजबूर हैं. ज्यादा परेशानी आसपास दुकानें चलानेवाले व घरों में रहनेवाले लोगों को हो रही है. तालाब से उठती बदबू हवा के साथ घरों तक पहुंचने लगती है.

## मई महीने में ही हुई थी तालाब की सफाई

मई महीने में ही नगर निगम द्वारा तालाब की सफाई की गयी थी. इस दौरान वीड हार्वेस्टिंग मशीन से जलकुंभी को हटाया गया था. इसके साथ ही तालाब से कई टन गाद भी निकाले गये थे. लेकिन इसके बाद फिर से तालाब में काई व गंदगी जमा हो गयी है और पानी तो पूरी तरह से सड़ चुका है.

## लोग पेरशान, निगम के अफसर बेफिक्र

तालाब में गंदगी और बदबू की वजह से लोगों की परेशानी बढ़ गई है, लेकिन निगम के जिम्मेदार अफसर बेफिक्र हैं. न तो तालाब की सफाई की कोई व्यवस्था की जा रही है और न ही पानी से उठते सड़ांध के बदबू से लोगों को निजात दिलाने के लिए कोई पहल की जा रही है.

## अविलंब सफाई कराने की मांग

रांची झील बचाओ अभियान समिति के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने जिला प्रशासन और रांची नगर निगम से बड़ा तालाब (रांची झील) की अविलंब साफ- सफाई कराने की मांग की है. साथ ही तालाब में बड़े पैमाने पर फिटकरी व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने की जरूरत पर जोर दिया है. मिश्रा ने बताया कि समिति द्वारा रांची झील के दूषित पानी का सैंपल माननीय उच्च न्यायालय को भी दिया जाएगा. पानी दूषित होने के कारण आसपास के क्षेत्रों में महामारी भी फैल सकती है.




1 व 2– सड़ांध की बू के कारण नाक बंद कर बड़ा तालाब के पास से गुजरते बाइक व स्कूटी सवार.
3 – बड़ा तालाब में काई व गाद की वजह से हरे रंग का दिखने लगा है बड़ा तालाब का प्रदूषित पानी.

### ब्रीफ खबरें

## नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी हुआ गिरफ्तार

**खूंटी।** खूंटी जिले के जरियागढ़ में एक नाबालिग के साथ 19 वर्षीय युवक ने दुष्कर्म किया. घटना सोमवार देर शाम की बतायी जा रही है. नाबालिग अपनी सहेली के साथ शौच के लिए गांव से खेत के तरफ गई थी. इस दौरान गांव का ही एक युवक उसे जबरन खींचकर जंगल की तरफ ले गया. सूचना ग्रामीण वहां पहुंचे, तो आरोपी नाबालिग से ज्यादती कर भाग चुका था. इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया. वहीं पीड़िता का मेडिकल भी कराया गया है.

## गुमला विधायक पर एक जुलाई को आरोप गठन

**रांची।** रांची के एमएपी-एमएलए कोर्ट में बुधवार को गुमला विधायक भूषण तिर्की सहित छह आरोपियों से जुड़े मामले में सुनवाई हुई. विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत में सहायक लोक अभियोजक सिद्धार्थ सिंह ने अभियोजन की ओर से पक्ष रखा. आरोपियों पर गैरकानूनी मजमा लगाकर सड़क जाम करने के साथ सरकारी कामकाज में बाधा डालने का आरोप है. आरोप गठन को लेकर अब एक जुलाई को सुनवाई होगी.

## कोर्ट ने दोषी पति को 7 साल की सजा सुनाई

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने बुधवार को पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषी पति मो सद्दाम को सात साल की सजा सुनाई. साथ ही 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया. जुर्माने की राशि नहीं देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. बता दें कि अनगड़ा थाना क्षेत्र से जुड़ा है.

**बालू की किल्लत के बीच अच्छी खबर**

# जेएसएमडीसी के पास 31 लाख सीएफटी बालू का बफर स्टॉक

प्रवीण कुमार। रांची

### ठेकेदारों-बिल्डरों के लिए भी खरीदारी की सुविधा खनिज निगम ने दी

- जेएसएमडीसी से खरीद सकते हैं 7.50 रुपये प्रति सीएफटी बालू
- आमलोगों को घर बनाने के लिए मिल सकेगा चार हजार सीएफटी तक बालू

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने हर साल की तरह इस साल भी देश भर में 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू खनन पर रोक लगा दी है. 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू का खनन नहीं किया जा सकता है. वहीं झारखंड राज्य खनिज विकास निगम (जेएसएमडीसी) के पास राज्य के 10 जिलों के 15 बालू घाटों के स्टॉक में करीब 31 लाख सीएफटी बालू उपलब्ध हैं. इस बालू की खरीदारी घर बनानेवाले आमलोगों के साथ ही कांट्रैक्टर और बिल्डर कर सकते हैं.

जेएसएमडीसी से बालू की खरीदारी के लिए ऑनलाइन बुकिंग करानी होगी. ऑनलाइन बुकिंग के वक्त अपको ऑप्शन आएगा, जिसमें इस बात का उल्लेख करना होगा कि आप खनिज विकास निगम के किस जिले के स्टॉक से बालू का उठाव करना चाहते हैं. बुकिंग की प्रक्रिया पूरी कर भुगतान आदि करने के बाद निगम की ओर से चालान उपलब्ध करा दिया जाएगा. चालान लेकर संबंधित स्टॉक से बालू का उठाव कर सकते हैं. लेकिन उठाव अपने वाहन से करना होगा.

**बालू माफिया हो रहे मालामाल :** जेएसएमडीसी आम उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध करा रहा है, लेकिन राज्य में इसका लाभ आम लोगों की बजाय बालू माफिया उठा रहे हैं. इस बार भी अलग-अलग आधार कार्ड का इस्तेमाल कर इन बालू माफियाओं ने बालू का उठाव करना शुरू कर दिया है और इसी बालू को बाजार में ऊंची कीमत पर बेचा जा रहा है. बालू माफिया बुकिंग कर बालू का उठाव कर शहर व आसपास के इलाके में स्टॉक कर रहे हैं.



**किस जिले में कितना बालू उपलब्ध**

| जिला | स्टॉक की संख्या | बालू की मात्रा (सीएफटी में) |
|---|---|---|
| देवघर | 04 | 07 लाख |
| चतरा | 03 | 10 लाख |
| दुमका | 01 | 1.30 लाख |
| गढ़वा | 01 | 1.75 लाख |
| गुमला | 01 | 2.50 लाख |
| हजारीबाग | 01 | 0.8 लाख |
| खूंटी | 01 | 1.25 लाख |
| लातेहार | 01 | 1.55 लाख |
| सरयकेला | 01 | 1.80 लाख |
| कोडरमा | 01 | 03 लाख |

**कैसे करें ऑनलाइन बुकिंग**

बालू खरीदारों को झारखंड राज्य खनिज विकास निगम की वेबसाइट (jsmdc.in) पर जाकर ऑनलाइल बुकिंग करानी होगी. आईडी और पासवर्ड बनाना होगा. यहां आपको प्रति सीएफटी 7.50 रुपये की दर से बालू उपलब्ध कराया जाएगा. हालांकि उपभोक्ताओं को प्रति सीएफटी 7.50 रुपये के साथ ही चार प्रतिशत जीएसटी का भी भुगतान करना होगा. साथ ही बालू ले जाने का खर्च भी खुद ही उठाना होगा. यानी जिस वाहन से बालू का उठाव करेंगे, उसका खर्च खुद ही वहन करना होगा.

### फिलहाल क्या है स्थिति

#### बालू खरीदार के साथ छोटे कारोबारी भी परेशान

बालू की किल्लत से आम लोगों के साथ-साथ छोटे बालू कारोबारी भी परेशान हैं. झारखंड के विभिन्न घाटों का न तो छोटे कारोबारियों को बालू मिल पा रहा है और न ही आमलोगों को. ठेकेदारों व बिल्डरों को भी बालू के लिए परेशान होना पड़ रहा है. बालू के कारण कई ठेकेदार और बिल्डरों के प्रोजेक्ट या तो बंद हो गए हैं या उनकी रफ्तार धीमी हो गयी है. प्रोजेक्ट बंद होने से मजदूरों को काम भी नहीं मिल पा रहा है. मजदूर गांव से शहर में काम की तलाश में आते हैं और तीन-चार घंटे इंतजार कर वापस लौट जाते हैं.

#### एक टर्बो पर 125 सीएफटी बालू, कीमत 8500 रुपये

बालू काराबोरी ने बताया कि एक टर्बो पर 120 से 125 सीएफटी तक बालू लोड होता है. पहले एक टर्बो बालू 27-28 सौ रुपये में आम लोगों को मिल जाया करता था, लेकिन जबसे बालू की किल्लत हुई है, एक टर्बो बालू 8500 रुपये में मिल रहा है. बालू महंगा बिकने पर न तो आम लोग कुछ बोल पा रहे हैं और न ही छोटे कारोबारी. दूसरी ओर बालू माफिया मालामाल हो रहे हैं. महंगे बालू पर न तो सत्ताधारी दल के लोग कुछ बोलते हैं और न विपक्ष के नेता ही कुछ कहते हैं.

#### बिहार के बालू के भरोसे कारोबारी और आम लोग

राजधानी सहित राज्य के विभिन्न जिलों के लोग बिहार से मंगाये जा रहे बालू भरोसे हैं. हालांकि बिहार का बालू उन्हें महंगे दर मिल रहा है, लेकिन आसानी से मिल जा रहा है. गिट्टी, बालू, ईंट के एक कारोबारी नवीन झारखंड के बालू घाटों और जेएसएमडीसी का नाम सुनते ही भड़क गए. कहने लगे, झारखंड में अफसरों व माफिया तत्वों ने पूरा सिस्टम बिगाड़ कर रख दिया है. बालू की कालाबाजारी हो रही है. वे बताते हैं कि फिलहाल बिहार के बालू के भरोसे उनका कारोबार चल रहा है. बिहार का बालू आसानी से उपलब्ध हो जा रहा है.

# 11.27 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ चार महिलाएं समेत छह धराए



कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते एसएसपी चंदन सिन्हा.

संवाददाता। रांची

### मिली सफलता

- 90 हजार रुपये नकद सहित छह मोबाइल जब्त
- रांची पुलिस व लखनऊ आर्मी इंटेलीजेंस टीम की कार्रवाई

रांची पुलिस और लखनऊ आर्मी इंटेलीजेंस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते चार महिलाओं समेत छह तस्करों को गिरफ्तार किया. एसएसपी चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि सदर के बारियातू क्षेत्र के रामेश्वरम लेन के पास कुछ लोगों द्वारा ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है. इसके बाद सदर डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया. पुलिस टीम ने लखनऊ मिलिट्री इंटेलिजेंस की ईकाई के साथ छापेमारी की. इस क्रम में पुलिस टीम ने छह आरोपियों को ब्राउन शुगर की पुड़िया बनाते धर दबोचा.

**एल्यूमीनियम फ्वॉयल में तैयार की जा रही थी ब्राउन शुगर की छोटी पुड़िया:** छापेमारी के दौरान कमरे में छह लोग मौजूद मिले, जिनमें चार महिलाएं और दो पुरुष थे. सभी ब्राउन शुगर के पाउडर को एल्यूमीनियम फ्वॉयल में लपेट कर छोटी-छोटी पुड़िया बना रहे थे. पुलिस ने चारों महिला-पुरुष को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार लोगों में आरती देवी, शुगन देवी, नीतु नंद किशोर, नंद किशोर मिस्त्री, पृथ्वी कुमार और प्रियंका कुमारी शामिल हैं. इनके पास से 11.27 ग्राम ब्राउन शुगर, 90 हजार रुपये नकद, छह मोबाइल समेत कई अन्य सामान बरामद किये गये हैं. पुलिस गिरफ्तार महिला-पुरुष तस्करों से पूछताछ कर रह रही है, ताकि पूरे गिरोह का पता लगाया जा सके.

**सिविल ड्रेस में मारा छापा :** एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि तस्कर जिस इलाके में ड्रग्स की सप्लाई करते थे, उस इलाके में पुलिस पर नजर रखा करते थे. जैसे ही तस्करों की नजर पुलिस या गश्ती वाहन पर पड़ती थी, वे मोबाइल से गिरोह के तस्करों को अलर्ट कर दिया करते थे. तस्कर पुलिस को चकमा देकर भाग जाते थे. इसलिए पुलिस ने सिविल ड्रेस में छापा मारा.

## ड्रग्स तस्करों के मुंबई लिंक का पता चला

गिरफ्तार ड्रग्स तस्करों से पूछताछ में जो जानकारियां मिली हैं, उससे पता चला है कि इनका मुंबई के तस्करों से संपर्क है. गिरफ्तार तस्करों से यह भी पता लगाया जा रहा है कि गिरोह में कहां-कहां के और कौन-कौन से लोग शामिल हैं? कई सदस्यों के बारे में जानकारी भी मिली है.

# ईडी ने जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को किया गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

- जमीन घोटाला मामले में ईडी ने शेखर कुशवाहा समेत चार लोगों के नौ ठिकानों पर की थी छापेमारी

जमीन घोटाला मामले में ईडी ने रांची के बड़े जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को गिरफ्तार किया है. एजेंसी कुशवाहा को गुरुवार के दिन कोर्ट में पेश कर सकती है. बता दें कि जमीन घोटाला मामले में ईडी ने 16 अप्रैल को रांची में शेखर कुशवाहा समेत चार लोगों के कुल नौ ठिकानों पर छापेमारी की थी. यह रेड मो सद्दाम से मिले इनपुट के बाद की गयी थी.

ईडी की टीम जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, शेखर कुशवाहा समेत अन्य लोगों के यहां छापेमारी करने पहुंची थी. इस छापेमारी से कुछ दिन पहले ही ईडी ने मो सद्दाम को गिरफ्तार किया था. ईडी ने आरोप लगाया है कि सद्दाम ने हेमंत सोरेन के लिए फर्जी दस्तावेज बनाया था. इस मामले में इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप को गिरफ्तारी किया गया था. फिलहाल दोनों न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं.



जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा.

### 4445 लीजधारकों में सिर्फ 765 ही कार्यरत, नॉनवर्किंग लीजधारकों की संख्या है 276

# झारखंड में खदानों के 3403 लीजधारकों की लीज खत्म

रवि भारती। रांची

झारखंड में खदानों के 3403 लीजधारकों का लीज खत्म हो गया है. खान विभाग में मेजर व माइनर मिनरल और कोयला खदानों के लिए 4445 लीजधारकों को लीज दिया था. वर्तमान में राज्य में सिर्फ 765 लीजधारक ही कार्यरत हैं, जबकि नॉनवर्किंग लीजधारकों की संख्या 276 है. वहीं, कोयला खदान में 53 लीजधारकों के लीज खत्म हो गये हैं.

**साहेबगंज में माइनर मिनरल के 327 लीज खत्म :** साहेबगंज में सबसे अधिक माइनर मिनरल खदानों (पत्थर सहित अन्य छोटे खनिज) के लीजधारकों के लीज खत्म हो गये हैं. इस जिले में 327 लीजधारकों का लीज खत्म हुआ है. इसके बाद पाकुड़ में 293 लीज खत्म हुए हैं. वहीं, कुल 10 जिलों में 100 से अधिक लीजधारकों का लीज खत्म हो गया है.

**बोकारो में कोयला खदानों के 13 लीज खत्म :** बोकारो में सबसे अधिक कोयला खदानों के 13 लीजधारकों का लीज खत्म हो गया है. वहीं धनबाद में पांच, रांची सर्किल में सात और रामगढ़ में छह लीजधारकों का लीज खत्म हो गया है. वहीं गोड्डा में नौ और जामताड़ा में पांच लीजधारकों का लीज खत्म हुआ है.

**माइनर मिनरल के जिलावार कितने लीज खत्म**

| जिला | खत्म लीजों की सं. | जिला | खत्म लीजों की सं |
|---|---|---|---|
| बोकारो | 150 | रामगढ़ | 186 |
| धनबाद | 140 | चाईबासा | 107 |
| गिरिडीह | 173 | जमशेदपुर | 158 |
| देवघर | 133 | सरायकेला | 124 |
| दुमका | 248 | गढ़वा | 36 |
| गोड्डा | 58 | लातेहार | 19 |
| जामताड़ा | 79 | पलामू | 119 |
| पाकुड़ | 293 | गुमला | 54 |
| साहिबगंज | 327 | खूंटी | 69 |
| चतरा | 51 | लोहरदगा | 98 |
| हजारीबाग | 102 | रांची | 263 |
| कोडरमा | 70 | सिमडेगा | 60 |



**कोयला खदान के जिलावार कितने लीज खत्म**

| जिला | खत्म लीजों की सं. |
|---|---|
| बोकारो | 13 |
| धनबाद | 05 |
| गिरिडीह | 01 |
| दुमका | 02 |
| गोड्डा | 09 |
| जामताड़ा | 05 |
| पाकुड़ | 01 |
| हजारीबाग | 02 |
| रामगढ़ | 06 |
| जमशेदपुर | 01 |
| पलामू | 01 |
| रांची | 07 |

**मेजर मिनरल के जिलावार कितने लीज खत्म**

| जिला | खत्म लीजों की सं. |
|---|---|
| बोकारो | 01 |
| धनबाद | 02 |
| गोड्डा | 02 |
| हजारीबाग | 03 |
| रामगढ़ | 10 |
| चाईबासा | 67 |
| जमशेदपुर | 10 |
| सरायकेला | 06 |
| गढ़वा | 03 |
| लातेहार | 01 |
| पलामू | 08 |
| गुमला | 12 |
| लोहरदगा | 10 |
| रांची | 03 |

• **चाईबासा में मेजर मिनरल के 67 लीज खत्म:** मेजर मिनरल खदानों (आयरन ओर, बॉक्साइट, तांबा सहित अन्य खनिज) में सबसे अधिक चाईबासा के 67 लीजधारकों का लीज खत्म हो गया है. वहीं इस सूची में जमशेदपुर, रामगढ़ और लोहरदगा में 10 लीजधारकों के लीज खत्म हुए हैं.

वातावरण व हवा को शुद्ध रखने के लिए घरों, ऑफिसों या बंद जगहों पर पौधे लगाने का बढ़ रहा क्रेज

# रांची में हरियाली के नये सितारे बन रहे इंडोर पौधे

पियूष गौतम। रांची

राजधानी रांची के घरों में इन दिनों इंडोर पौधों को लगाने का चलन तेजी से बढ़ रहा है. इंडोर पौधे वे पौधे होते हैं जो घरों, ऑफिसों और अन्य बंद जगहों में लगाए जाते हैं. पहले लोग अपने घरों में तुलसी, मनी प्लांट जैसे ही कुछ पौधे लगाते थे, लेकिन अब लोग इंडोर पौधों को भी अपनाने लगे हैं. इन पौधों की खूबसूरती और रंग-बिरंगे पत्ते लोगों को आकर्षित कर रहे हैं. घर में हरियाली को बढ़ावा देने का इंडोर पौधा एक शानदार तरीका है. एक अध्ययन के अनुसार इनडोर पौधे हमारे स्वास्थ्य के लिए कई तरह से फायदेमंद हैं. यह तनाव कम करने और मनोदशा को बेहतर बनाने में भी मदद कर सकते हैं.



### 2029 तक 26 लाख करोड़ का होगा बाजार

इनडोर प्लांट्स के बढ़ते चलन के साथ, इसकी मार्केट वैल्यू भी तेजी से बढ़ रही है. एक रिपोर्ट के अनुसार 2029 तक वैश्विक स्तर पर इनडोर प्लांट्स का बाजार 26 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है. भारत समेत कई देशों में इसकी लोकप्रियता और डिमांड लगातार बढ़ रही है. रांची के स्थानीय नर्सरी मालिकों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में इंडोर पौधों की मांग में काफी वृद्धि हुई है. लोग इन पौधों को घरों, ऑफिसों और यहां तक कि रेस्तरां में भी लगा रहे हैं.





| विभिन्न प्रकार के इंडोर पौधे |
|---|
| स्नेक प्लांट |
| पीस लिली |
| मनी प्लांट |
| एयर प्लांट्स |
| एलोवेरा |
| स्पाइडर प्लांट |
| लेडी पाम |
| रेड एग्लोनेमा |
| फिकस लिरेटा |
| जेबरा कैक्टस |

### कहां मिलते हैं इंडोर पौधे

रांची में कई नर्सरी और हॉर्टिकल्चर स्टोर हैं, जो विभिन्न प्रकार के इंडोर पौधों की बिक्री होती है. पौधे ऑनलाइन भी खरीदे जा सकते हैं. यदि आप अपने घर में कुछ हरियाली जोड़ना चाहते हैं, तो इंडोर पौधे एक बेहतरीन विकल्प हैं.



**इंडोर पौधों की लोकप्रियता के क्या हैं कारण** | इंडोर पौधों को ज्यादा देखभाल की आवश्यकता नहीं होती है. यह घर के वातावरण को शुद्ध रखने व हवा में मौजूद प्रदूषकों को सोख लेते हैं, जिससे सांस लेने में आसानी होती है. घर का वातावरण स्वस्थ और ताजा बना रहता है. वहीं घर की सजावट में भी ये पौधे चार चांद लगाने का काम करते हैं. इसके अलावा यह घर को एक प्राकृतिक और सुंदर लुक प्रदान करते हैं. शहरों में इन दिनों घरों व फ्लैट में इंडोर पैधे लगाने का क्रेज बढ़ा है, लोग उत्साहित हैं.

## शहर में आज

1. सीएम करेंगे समीक्षात्मक बैठक, प्रोजेक्ट भवन में दोपहर 12 बजे
2. शहर के विभिन्न हिस्सों में कार्यक्रम दिन के 10 बजे से

## ब्रीफ खबरें

### बकरीद : शांति समिति की बैठक का आयोजन



**रांची।** बकरीद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक बुधवार को थाना प्रभारी दयानंद कुमार की अध्यक्षता में हुई. उन्होंने कहा कि शांति के साथ त्योहार मनाएं, वेस्टेज आइटम को नगर निगम की गाड़ी में डालें और दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखें. सभी लोग मिलजुल कर आपसी प्रेम के साथ त्योहार मनाएं. किसी को तकलीफ नहीं होने दें. रांची नगर निगम अपनी जिम्मेवारी को निभायेगा और शांति समिति के सदस्यों से भी अनुरोध है कि अपनी जिम्मेदारी निभाएं, मोहल्ले को साफ रखें. मौके पर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के महासचिव अकीलुर्रहमान, मो इस्लाम, कर्बला टैंक रोड दुकानदार समिति के हाजी माशूक, मुजीब कुरैशी, मो निसार, हाजी मो निसार, अंजुमन इस्लामिया के मो बबलू, अब्दुल खालिक, मो शकील आदि मौजूद थे.

डिस्टिलरी पुल के पास वेजिटेबल मार्केट के शेड का काम अंतिम चरण में

# जाम से निजात की पहल: लालपुर सब्जी बाजार जल्द शिफ्ट होगा

**खास बातें**

- जुलाई में फुटपाथ के सब्जी विक्रेताओं को मिलेंगी दुकानें
- इसके बाद लोगों को नहीं करना पड़ेगा जाम का सामना

आकर्ष अनिकेत। रांची

लालपुर सब्जी बाजार के कारण रोज-रोज लालपुर-कोकर रोड पर दिन भर में कई दफा जाम लगता रहता है. खास कर सुबह स्कूल व ऑफिस टाइम और दोपहर एक से तीन बजे के बीच स्कूल की छुट्टी के वक्त ज्यादा जाम लगता है. जाम के कारण लोग घंटों फंसे रह जाते हैं. लेकिन निगम ने लोगों को जाम से निजात देने के लिए पहल की है. पहले चरण में मांस-मछली विक्रेताओं को वेजिटेबल मार्केट में शिफ्ट कर दिया है, लेकिन सब्जी व फल विक्रेताओं को जगह नहीं मिल सकी थी. अब सब्जी विक्रेताओं के लिए भी शेड लगभग तैयार कर दिया गया है. अगले महीने सब्जी-फल विक्रेताओं को वेजिटेबल मार्केट शिफ्ट कर दिया जाएगा. इसके बाद लालपुर-कोकर रोड पर जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलने के आसार हैं.



### वेजिटेबल मार्केट के शेड का काम अंतिम चरण में चल रहा

सब्जी विक्रेताओं के लिए डिस्टिलरी पुल के पास तैयार किये गये वेजिटेबल मार्केट के ऊपरी तल्ले पर शेड बनाने के लिए लोहे का एंगल सेट किया जा चुका है. जून के आखिरी हफ्ते तक मार्केट का शेड तैयार हो जाएगा. जुलाई में सब्जी-फल विक्रेताओं को यहां शिफ्ट कर दिया जाएगा. बता दें कि इस मार्ग पर सड़क पर सब्जी विक्रेताओं की दुकानों के कारण ही हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है.

### 273 विक्रेताओं के आवेदन 120 ने नाम दर्ज कराया था

मार्केट की क्षमता कुल 120 दुकानों की है. यानि 120 सब्जी-फल विक्रेताओं को ही जगह मिल सकेगी. हालांकि निगम के अनुसार, 273 सब्जी विक्रेताओं ने मार्केट में जगह के लिए आवेदन दिया है, जिनमें 120 विक्रेताओं ने 2016 में हुए पहले सर्वे में मार्केट में स्थान के लिए नाम दर्ज कराया था. वहीं 153 विक्रेता ऐसे हैं, जिन्होंने निगम को आवेदन दिया था कि वे लोग वर्षों से बाजार में दुकान लगा रहे हैं. फिलहाल तो 273 में से 120 विक्रेताओं को जगह मिल सकेगी. बाकी के 153 विक्रेताओं के लिए कब तक व्यवस्था होगी या उन्हें कहां शिफ्ट किया जाएगा, यह अभी तय नहीं है.

### कुल 681 विक्रेताओं ने कराया था रजिस्ट्रेशन

मार्केट में दुकान के लिए नॉन वेज, फल व सब्जी विक्रेता मिलाकर कुल 681 दुकानदारों ने रजिस्ट्रेशन कराया था. इनमें 74 नॉन वेज विक्रेताओं के मार्केट के ग्राउंड फ्लोर में पहले ही जगह मिल चुकी है. वहीं 120 सब्जी विक्रेताओं को पहले फ्लोर पर दुकान दी जानी है. दुबारा 273 दुकानदारों ने जगह के लिए आवेदन दिया, लेकिन सर्वे में 120 दुकानदारों ने ही नाम दर्ज कराया. जिन्होंने नाम दर्ज कराया, उन्हें ही जगह मिलेगी, तो 153 दुकानदार सड़क पर ही रह जाएंगो.

**153 विक्रेता सड़क पर दुकानें न लगाएं, इसकी व्यवस्था में निगम जुटा है** | मार्केट की क्षमता 120 विक्रेताओं की ही है. यानि जो शेड बनाया जा रहा है, उसमें 120 दुकानदारों को ही जगह मिलेगी. ऐसे में 153 विक्रेताओं को सड़क किनारे ही दुकानें लगाने की मजबूरी होगी.वैसे निगम प्रशासन 153 विक्रेताओं के लिए व्यवस्था में जुटा है, ताकि सड़क पर फिर से दुकानें न लगें.

मॉनसून की आहट के बीच सेवा सदन, पहाड़ी मंदिर रोड, ग्वाला रोड में नाली की हालत खराब

# खुली नालियां दे रहीं हादसे को न्योता



बसंत मुंडा। रांची

मॉनसून दस्तक देने वाला है. नगर निगम तैयारी का दावा कर रहा है. नाली सफाई का अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है. प्रत्येक वार्ड में काम चालू है. कूड़ा कचरा नाली में न घुसे इसके लिए नाली को स्लैब ढका गया है. नाली का पानी सड़क में न बहे इसके लिए जाम नाली की सफाई कराया गई, लेकिन रांची नगर के 200 मीटर की दूरी पर सेवा सदन रोड. पहाड़ी मंदिर रोड, ग्वाला रोड में नाली की हालत खराब हो है. नाली बनाई गई है, ढकी भी गई है, लेकिन कुछ स्थानों पर जानबूझकर या भूलवश खुली छोड़ दी गई है. तेज बारिश में ये खुली नालियां दुर्घटना को निमंत्रण दे रही हैं.



दिलीप कुमार ने बताया कि तेज बारिश में दुकान लगाना मुश्किल है. दुकान का सामान बारिश में बह जाता है. बारिश में इस रोड से चलना जान जोखिम में डालने से कम नहीं है. लोगों को रोड और नाली का अंतर करना मुश्किल होता है. नाली का पानी सड़क पर बहता है. नाली और सड़क दोनों पानी से लबालब भर जाता है. इस रोड में स्लैब नहीं रखे गए हैं. राहगीर के पांव कभी भी नाली में चले जाते हैं





राहुल पाल ने बताया कि खुली नाली परेशानी का सबब है, क्योंकि इसमें लोग प्लास्टिक, कूड़ा कचरा फेंक देते हैं. इससे नाली जाम होता है. बरसात शुरू होने वाली है. खुली नाली ढकी नहीं गई है. सेवा सदन रोड में सबसे ज्यादा परेशानी होती है. बारिश में नाली और सड़क पानी से भर जाती है. तालाब के बराबर पानी बहता है. इस रोड में बारिश में चलना मुश्किल होता है.



सेवा सदन के पास रहने वाले प्रदीप साहू ने बताया कि बरसात में परेशानी होती है. रोड और नाली का पता ही नहीं चलता है. नगर निगम ने नाली की सफाई की गई है. ढकी नाली के स्लैब उठाकर खुली नाली पर रखे गए है, लेकिन इसे छह माह से खुला छोड़ दिया गया है.

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक विदेशी महतो की अध्यक्षता में संपन्न

# छह सितंबर की प्रस्तावित आर्थिक नाकेबंदी पर चर्चा

संवाददाता। रांची

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की चिंतन मंथन बैठक झारखंड विधानसभा स्थित विधायक क्लब में विदेशी महतो की अध्यक्षता में हुई. मौके पर आंदोलनकारी अल्फ्रेड को शॉल भेंट करके सम्मानित किया गया. झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा जयपाल सिंह मुंडा, विनोद बिहारी महतो, निर्मल महतो, एके राय व देवेंद्र मांझी के नाम पर वृक्षारोपण किया गया. मांगों की पूर्ति के लिए 6 सितंबर को आर्थिक नाकेबंदी करने, राज्य के झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग समेत झारखंड में हो रहे



चिंतन बैठक में भाग लेते झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के सदस्य.

संवैधानिक मूल्यों का अवमानना, झारखंड आंदोलनकारियों के उनके संवैधानिक अधिकारों के तहत लाभ नहीं देने, राज्य में झारखंड आंदोलनकारी पार्टी की सरकार होने के बावजूद आंदोलनकारियों के अस्तित्व, अस्मिता, राजकीय मान सम्मान, अलग पहचान व सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु के प्रति सरकार गंभीर नहीं होने के मुद्दे को लेकर राज्यपाल व मुख्यमंत्री को जिला उपयुक्त व प्रखंड पदाधिकारी के माध्यम से पत्र प्रेषित करेंगे. गांव सभा, नुक्कड़ सभा व गांव-गांव चर्चा करने, समता जजमेंट लागू करने को लेकर लोहरदगा व गुमला जिला में मशाल जुलूस करने की तैयारी है. विदेशी महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की उपेक्षा सरकार, माननीयों व राजनेताओं को मंहगा पड़ेगा, लुटेरों का पनाहगाह झारखंड को नहीं बनने देंगे.

संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को आज अपने अधिकारों की रक्षा व झारखंड अलग राज्य के मूल्यों को स्थापित करने के लिए हथियारबंध्द आंदोलन करने की जरूरत पड़ी तो जरूर करेंगे. केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, संयोजक भुवनेश्वर केवट ने भी अपने विचार रखा. मौके पर सरोजनी कच्छप , रोजलीन तिर्की, जिदन कोल, अनिता पाहन, किशोर खंडित, अर्जुन प्रजापति, सुबोध लकड़ा, महबूब अंसारी, कार्तिक महथा, नर्मेश्वर् पांडेय, दिनेश राम, सुजात टोप्पो, सोमारी देवी, आरके झा, ठाकुर राम महतो, रतिया इंदवार आदि शामिल थे. संचालन अली हसन अंसारी ने किया.

### रांची से गुजरने वाली तीन जोड़ी ट्रेनें हुईं रद्द

**रांची।** दक्षिण मध्य रेलवे में रोलिंग कॉरिडॉर ब्लॉक की वजह से रांची रेल मंडल से होकर गुजरनेवाली वाली तीन जोड़ी ट्रेनें रद्द रहेंगी. इनमें ट्रेन संख्या 06065 ताम्बरम-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) 16 जून से, ट्रेन संख्या 06066 धनबाद-तांबरम साप्ताहिक स्पेशल 19 जून से, ट्रेन संख्या 06059 कोयंबटूर-बरौनी स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) 18 जून से, ट्रेन संख्या 06060 बरौनी-कोयंबटूर स्पेशल स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) 21 जून से, ट्रेन संख्या 06061 तांबरम-बरौनी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) 20 जून से और ट्रेन संख्या 06062 बरौनी-तांबरम साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) 22 जून से अगले आदेश तक रद्द रहेगी.

**पहल** ट्राइबल वूमन एंटरप्रेन्योरशिप उप समिति की कार्यशाला में किशोर मंत्री ने कहा-

# उत्पाद को बेहतर मार्केट उपलब्ध कराने में करेंगे सहयोग

**खास बातें**

- योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील
- चैंबर इन योजनाओं के लिए प्रचार- प्रसार करेगा

संवाददाता। रांची

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा गठित ट्राइबल वूमन एंटरप्रेन्योरशिप उप समिति की कार्यशाला बुधवार को चैंबर भवन में हुई. इसमें महिलाओं को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम



ट्राइबल वूमन एंटरप्रेन्योरशिप उप समिति की कार्यशाला में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी.

मंत्रालय की जेड सर्टिफिकेशन (जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट) की योजना व इसके लाभ से अवगत कराया गया.

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने छोटे छोटे गृह उद्योग और कुटीर उद्योग से जुड़ी महिलाओं को एमएसएमई मंत्रालय की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की. उन्होंने कहा कि चैंबर भी इन योजनाओं का अधिकाधिक प्रचार प्रसार करेगा. महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद को बेहतर मार्केट उपलब्ध कराने में भी उन्होंने हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया.

कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी व उप समिति चेयरपर्सन माला कुजूर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की अधिकांश महिलाएं लाई, कढ़ाई में ही सीमित हैं, एमएसएमई मंत्रालय की ऐसी कई आकर्षक योजनाएं हैं, जिसका लाभ लेकर महिलाएं उद्यमिता की ओर अग्रसर हो सकती हैं. उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए जेड सर्टिफिकेशन काफी उपयुक्त है, जेड प्रमाणित एमएसएमई को बैंकों से कर्ज देने में वरीयता दी जाती है.

मौके पर चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, महासचिव परेश गट्टानी, एमएसएमई के असीसटेंट डायरेक्टर गौरव, नेशनल एसटी एससी हब की ब्रांच हेड किरन मारिया तिरू, जेम विभाग के सुबोधकांत, आईएफसीआई वेंचर कैपिटल के असीसटेंट जेनरल मैनेजर श्रीपर्णा चौधरी, उद्यमी सीमा खलखो, निरंजना हेरेंज टोप्पो, नीलम कुल्लु, मीना मुंडा, उषा उरांव, शीतल टोप्पो समेत 60 से अधिक महिला उद्यमी शामिल थीं.

## सूचना

**मौजा:** बड़ा घाघरा, खाता नंबर 29, प्लॉट नंबर 1860 और 1864 भोला गोसाई, पिता स्व झरी गोसाई की खतियानी जमीन है और इस जमीन पर एसडीओ कोर्ट में धारा 144 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही चल रही है और मनानिया न्यायालय द्वारा इसमे यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश पारित हुआ है. कुछ ज़मीन दलाल उपरोक्त जमीन की खरीद-बिक्री करने की कोशिश कर रहे हैं.

**अतः** आम जन को ये सूचित किया जाता है कि उक्त जमीन की खरीद - बिक्री अवैध है और यदि कोई इसकी खरीद-बिक्री करता है, तो उसके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

## AFFIDAVIT

I, **Rajni Sinha** daughter of Sri Sushil Ranjan Kumar and wife of Sri Yashwant Verma, Resident of 231/B Road No.-2, Ashok Nagar, P.O-Hinoo, P.S - Argora, Ranchi Solomonly affirm as follow:-

1. That My Name is Rajni Sinha.
2. That My Educational Certificate, UID, PAN, Voter Id, Driving Licence, Bank Account are in the name of Rajni Sinha except in Kotak D. Mat Account.
3. That traditionally my name **Rajni Sinha** was changed after marriage with Yashwant Verma as **Rajni Verma** in 1997.
4. I want to correct my Sur Name as per my Educational Certificate **RAJNI SINHA**.
5. That the aforesaid contents are true to the best of my knowledge.

THE DEPONENT WHO HAS BEEN IDENTIFIED BY SHREE S. K. MISHRA ADVOCATE, RANCHI.

**NOTARY PUBLIC, RANCHI**

Affidavit No.567 Dt. 25 Apr. 2024

**ब्रीफ खबरें**

### नीट परीक्षा के मामले में पीएम चुप्पी तोड़ें : नायक

**रांची ।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर नायक ने कहा कि छात्रों द्वारा नीट यूजी परीक्षा को रद्द करने के लिए जो आंदोलन चलाया जा रहा है, अब उसे विराम देने की जरूरत है और यह विराम तभी हो सकता है जब देश के प्रधानमंत्री इस संदर्भ में अपनी चुप्पी तोड़ेंगे. उन्होंने कहा कि एक सेंटर विशेष पर एग्जाम दे रहे 67 विद्यार्थियों को फुल मार्क्स 720 तक दिया जाना संदेह के घेरे में हैं. नीट परीक्षा 5 मई को हुई और तभी से कई शिकायतें सामने आईं और यहां तक कि पेपर लीक की बातें कही गईं. कहा कि रिजल्ट आने के बाद से ही कई दिनों से छात्र देश के कोने-कोने में प्रदर्शन कर रहे हैं, वे दोबारा परीक्षा तथा परीक्षा के रिजल्ट में धांधली की जांच की भी मांग कर रहे हैं.

### नीट परीक्षा मामले की जांच व कार्रवाई की मांग

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने नीट (राष्ट्रीय योग्यता सह प्रवेश परीक्षा ) 2024 की परीक्षा में हुए धांधली पर सवाल उठाया है. उन्होंने कहा है कि इतनी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को 720 में 720 अंक प्राप्त हुए है. इसके अलावा एक ही सेंटर से सात छात्र-छात्राओं को 720 में से 720 अंक प्राप्त हुए हैं. अगर पिछले 10 से 15 सालों का इतिहास उठाकर देखा जाए तो अचानक कट ऑफ इतना ऊपर जाना संदेह के घेरे में है. जिस नंबर पर छात्र-छात्राओं को पिछले वर्ष 2023 मे 17000 रैंकिंग आई थी इस वर्ष उतने ही अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की रैंकिंग 50000 के पार पहुंच गई.

### श्रीअर्जन देव के शहीदी गुरु पर्व की तैयारी जोरों पर

**रांची।** श्रीगुरु अर्जन देव जी के शहीदी गुरु पर्व को लेकर चल रहा 40 दिनी सुखमनी साहिब पाठ बुधवार को संपन्न हो गया. इसके साथ ही गुरु पर्व मनाने की तैयारी चल रही है. गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक सत्संग सभा, स्त्री सत्संग सभा और सेवक जत्था इसमें समर्पित होकर लगे हुए हैं. इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब तथा कृष्णा नगर कॉलोनी रातू रोड में 15 जून से तीन विशेष दीवान सजाये जायेंगे. मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि पहले दिन सुबह आठ से साढ़े दस और रात्रि आठ से 11 बजे तक दीवान सजेगा. इसमें स्त्री सत्संग के साथ हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह और भाई तवनीत सिंह चंडीगढ़ वाले शबद कीर्तन कर साध संगत को निहाल करेंगे.

**बाल श्रम उन्मूलन दिवस :** घरेलू कामगार संगठन के लोगों ने मानव श्रृंखला बना लोगों को किया जागरूक

# बाल मजदूरी पूरी मानवता के लिए अभिशाप है : अंशु

**संवाददाता। रांची**



बाल श्रम उन्मूलन दिवस पर पुरुलिया रोड में बैनर के साथ मानव श्रृंखला में शामिल राष्ट्रीय घरेलू कामगार संगठन के कार्यकर्ता.

अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन दिवस के अवसर पर पुरुलिया रोड में बुधवार को राष्ट्रीय घरेलू कामगार संगठन के लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया. इसमें सिस्टर अंशु, रीना किस्पोट्टा, रेणुका केरकेट्टा, एलिस पूर्ति, आशा तिर्की, रोहित लिंडा समेत बाल अधिकार संगठन के 400 बच्चे शामिल हुए. बच्चों के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर लिखा था- बाल मजदूरी एक पाप है, मानवता के लिए अभिशाप है, बाल मजदूरी एक व्यापार है, बचपन में खेलना -बचपन का अधिकार है

संयोजक सिस्टर अंशु ने बताया कि 2011 की जनगणना में देश 1.01 करोड़ बाल मजदूर है, इसकी संख्या रांची मे 2287 है. बाल श्रम कानून होते हुए भी आज बड़ी संख्या में बाल मजदूर बढ़ते जा रहे हैं. बच्चे नाजुक होते हैं. उनकी ये उम्र पढ़ने-लिखने, खेलने- कूदने और आगे बढ़ने की है. इस उम्र में उनसे मजदूरी करायी जा रही है. बच्चों का सर्वांगीण विकास नहीं हो पाता है और शिक्षित भी नहीं हो पाते हैं. यह मानवता के लिए अभिशाप है. बाल मजदूरी करने से बच्चे का भविष्य अंधकारमय हो जाता है. बच्चों का सर्वांगीण विकास नहीं हो पाता है और वे शिक्षा से दूर हो जाते हैं. बच्चे का भविष्य बिगड़ जाता है. इसे बचाने की जरूरत है. इनका भविष्य सुधारना है. बालश्रम को रोकना जरूरी है. सरकार को ठोस कानून बनाने की जरूरत है..

# रांची पेरिश कमेटी का चुनाव 16 जून को, 13 प्रत्याशी मैदान में

**संवाददाता। रांची**

बहूबाजार स्थित संत पॉल्स कथिड्रल चर्च में पेरिश कमेटी का चुनाव 16 जून को होगा. इसको लेकर चर्च में जोरशोर से तैयारी चल रही है. रांची पेरिश की देखरेख में संपन्न होगी. पुरोहित एस डेविड ने बताया कि चुनाव को देखते हुए रांची पेरिस ने चार स्थानों पर मतदान केंद्र बनाया है, जिनमें संत पॉल्स कथिड्रल चर्च, सामलौंग का संत जेम्स चर्च, नामकौम का बरनवास चर्च और चुड़ु चर्च शामिंल हैं. संत पॉल्स कथिड्रल चर्च में सुबह छह बजे प्रभु भोज शुरू होगा. उसके तुरंत बाद मतदाता अपना वोट का उपयोग चार बजे तक करेंगे. रांची पेरिस के करीब 2829 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. चुड़ु चर्च में सुबह आठ बजे प्रभु भोज होगी. उसके तुरंत बाद मतदान शुरू किया जाएगा. सामलोंग चर्च सुबह 6.30 बजे प्रभु भोज का आयोजन के बाद मतदान आरंभ होगा, जो चार बजे तक चलेगा. उल्लेखनीय है कि प्रत्येक तीन साल के लिए पेरिश कमेटी का चुनाव होता है, जिसमें पांच लोगों को निर्वाचित किया जाता है. निर्वाचित सदस्य तीन सालों के लिए काउंसलर के रूप में काम करेगें.

**चुनाव मैदान में चार महिला उम्मीदवार**

जिसमें जोन तिर्की, ,अनुशील किस्पोट्टा, अरुणिमा टोप्पो, आलोक तिर्की, राजकुमार नागवंशी, सिलवंती खलखो, मनोनीत सौके, सामुएल तिग्गा, हिमांशु निलय कुजूर, हितेश पन्ना, उषा कच्छप, रूबेन मालतो और नथानियेल बरवा शामिल है.

दूरस्थ शिक्षा को समर्पित अंतरराष्ट्रीय आभासी शिक्षा परिषद करेगी सहयोग

# जेएसओयू लॉन्च करेगा प्री यूनिवर्सिटी सर्टिफिकेट कोर्स

**संवाददाता। रांची**


पेस क्लब में पत्रकारों को जानकारी देते झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलपति सहित अन्य अधिकारी.

झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय (जेएसओयू) प्री यूनिवर्सिटी सर्टिफिकेट कोर्स लॉन्च करेगा. यह नया कोर्स दसवीं, बारहवीं, अन्य पारंपरिक और कौशल योजना पर आधारित होगा. यह जानकारी बुधवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में जेएसओयू के कुलपति प्रो. टीएन साहू तथा अंतरराष्ट्रीय आभासी शिक्षा परिषद के फाउंडर डॉ. शबाब आलम ने दी.

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो साहू ने बताया कि राज्य सरकार का अभी तक कोई ओपन डिस्टेंस लर्निंग का बोर्ड नहीं है. राज्य में केवल एनआईओएस ही कार्यरत है. क्योंकि विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा को समर्पित है. अंतरराष्ट्रीय आभासी शिक्षा परिषद के फाउंडर शबाब आलम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आभासी शिक्षा परिषद देश में ही नहीं, बल्कि इसे कई अन्य देशों में भी दूरस्थ शिक्षा व ऑनलाइन शिक्षा पद्धति के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है. कोरोना के संकट काल के बाद पूरे देश व संसार को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए आईसीवीई विशेष प्रकार से कार्य कर रहा है, साथ ही शिक्षा से वंचित अभ्यर्थियों को खासतौर पर एससी/एसटी/ ओबीसी/ आदिवासी समुदाय पर विशेष ध्यान दे रहा है, ताकि विकासशील देश जैसे नेपाल, भूटान, बंगाल श्रीलंका आदि देशों को वर्चुअल शिक्षा पद्धति मजबूत कर सके.

**खास बातें**

- झारखंड में नहीं है ओपन डिस्टेंस लर्निंग का बोर्ड
- दूरस्थ शिक्षा में अंतरराष्ट्रीय आभासी शिक्षा परिषद आगे

उल्लेखनीय है कि जेएसओयू झारखंड सरकार द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय है. जिसका गठन 2021 में किया गया. झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय राज्य का एकमात्र दूरस्थ शिक्षा को समर्पित विश्वविद्यालय है, जो कि नए-नए प्रोफेशनल कोर्सेज को संचालित कर रहा है. उद्देश्य है राज्य में शिक्षा स्तर व युवाओं में निहित हुनर को प्रोत्साहित करना, रोजगार, स्वरोजगार और व्यावसायिक शिक्षा पद्धति का राज्य में सरलता व सुगमता पूर्वक प्रचार प्रसार के लिए सकारात्मक पहल. प्री यूनिवर्सिटी सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश के लिये योग्यता 10वीं पास अथवा 16 वर्ष आयु होनी चाहिए. जबकि 10वीं के लिए आठवीं पास अथवा 14 वर्ष आयु है, क्योंकि उक्त कोर्स वर्चुअल शिक्षा पद्धति पर आधारित है. इसमें प्रवेश के लिए वे सभी लोग पात्र हैं, जो किसी सरकारी अथवा गैर सरकारी संगठन में कार्यरत हैं. यह सर्टिफिकेट उनकी प्रोन्नति में भी सहायक हो सकता है. मौके पर जेएसओयू के रजिस्ट्रार प्रो जीके सिंह, फाइनेंस ऑफिसर डॉ बारुण मंडल, कोऑर्डिनेटर डॉ प्रेम सागर केशरी, विकास मौर्या, डॉ. मनोज अगरिया, आईसीवीई के कंट्री हेड एल मुथुवेलराज राजशेखर, वाइस प्रेसिडेंट अजय साहू, जेनरल सेक्रेट्री आचार्य महेंद्र पारीक, सेक्रेट्री नवनीत त्यागी मौजूद थे.

# सामुदायिक कार्ययोजना पर कार्यशाला

**संवाददाता। रांची**


कार्यशाला में शामिल आदिवासी महिलाएं व पुरुष.

इंडिजेनस नेविगेटर इंडिया चैप्टर के बैनर तले विमेन एंड जेंडर रिसोर्स सेंटर ने आदिवासी विमेंस नेटवर्क के साथ एचआरडीसी में एकदिवसीय सामुदायिक सर्वेक्षण आधारित सामुदायिक कार्ययोजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के गुमला, खूंटी, सिमडेगा, सरायकेला, खरसावां और बोकारो के लोग शामिल हुए. समन्वयक एलिना होरो ने आदिवासी समुदाय एवं उनके अधिकारों पर चर्चा की. साथ ही आदिवासी समुदायों को उनकी स्थिति की जानकारी दी. आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया. समुदायों को व्यापक डेटा संग्रह उपकरण प्रदान किया गया, ताकि उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा, भूमि अधिकारों पर मजबूत किया जा सके. बताया गया कि सेंटर आदिवासी समुदायों में स्वामित्व और सशक्तीकरण का प्रयास करेगा.

### पहाड़ी मंदिर का दान पात्र खुला, मिले दो लाख सत्तर हजार रुपये

**रांची।** पहाड़ी मंदिर का दान पात्र बुधवार को खोला गया. मुख्य दान पेटी से दो लाख सत्तर हजार रुपये प्राप्त हुए. पैसे की गिनती की वीडियोग्राफी भी की गयी. पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव राकेश सिन्हा, वित्त प्रभारी राजेश साहू, राजेंद्र सिंह, दीपक नन्दा, जीतू, राम सिंह, पुजारी मनोज मिश्रा, बादल सिंह, बेबी सिंह, बद्री, राजकुमार तलेजा आदि मौके पर मुख्य रूप से मौजूद थे. राकेश सिन्हा ने बताया कि जल्द ही मंदिर की अन्य दान पेटियों को भी खोला जाएगा. समिति के बैंक अकाउंट में जमा कराया जाएगा.



# इंडियन ग्रांड प्रिक्स-3 एथलेटिक्स में झारखंड की संघमित्रा ने जीता रजत

**संवाददाता। रांची**


झारखंड की संघमित्रा महथा

भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली और कर्नाटक एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में बुधवार को कर्नाटक के बेंगलुरु में आयोजित इंडियन ग्रांड प्रिक्स -3 में झारखंड की संघमित्रा महथा ने रजत पदक जीतकर राज्य का मान बढ़ाया है. संघमित्रा ने 3000 मीटर स्पर्धा में 9:55.60 मिनट के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल किया. इस स्पर्धा का स्वर्ण मध्यप्रदेश की आकांक्षा कुमारी ने जीता. वहीं कांस्य पदक महाराष्ट्र की प्राची देवकर ने जीता. इस उपलब्धि पर भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सीडी सिंह, सचिव एसके पांडेय, आलोक मिश्रा, आशीष झा, सुखैर भगत, फादर रामू, राकेश सिंह, बरूण कुमार, किरण रानी साहू, संजय त्रिपाठी, रविंद्र मुर्मू, बंधन टोप्पो, प्रभाकर वर्मा, कोच बिनोद सिंह, योगेश यादव, आशु भटिया, अरविंद कुमार, प्रभात रंजन तिवारी, सिकंदर महतो, सरोज कुमार,अजीत साहू, अजय नायक, रणवीर सिंह, मुकुल टोप्पो, शशांक भूषण सिंह समेत संघ के अन्य पदाधिकारियों ने संघमित्रा महथा को बधाई दी है.

# अवकाश तालिका की त्रुटियों में सुधार के लिए जेसीईआरटी निदेशक को ज्ञापन


ज्ञापन देने के बाद झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के प्रतिनिधिगण.

**संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ ने बुधवार को राज्य के सभी कोटि के विद्यालयों के लिए जारी एक समान अवकाश तालिका में अब तक व्याप्त त्रुटियों में सुधार के लिए जेसीईआरटी निदेशक एवं प्रशासी पदाधिकारी जयंत कुमार मिश्रा को मांग पत्र सौंपा है.

संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि राज्य के सभी कोटि के विद्यालयों में सभी धर्मावलंबियों के छात्र-छात्राएं पठन पाठन करते हैं, इसलिए सभी धर्मावलंबियों के त्योहारों की छुट्टी निर्धारण में समानता बरती जानी चाहिए. राज्य के उर्दू विद्यालयों की कुल सात छुट्टियों का सामंजन बकरीद में दिये गये 17 जून 2024 के अवकाश के अतिरिक्त तीन दिनो, मुहर्रम को दिये गये 17 जुलाई 2024 के अवकाश के अतिरिक्त दो दिनों एवं ईद मिलाद-उन-नबी के 16 सितंबर अवकाश के अतिरिक्त एक दिन के अवकाश का सामंजन किया जाय, ताकि उर्दू विद्यालयों के लिए भी जेसीईआरटी द्वारा जारी एक समान अवकाश तालिका में दिये गए कुल 55 दिनों के अवकाश के बराबर हो जाय. प्रशासी पदाधिकारी ने समस्या के समाधान के लिए कार्य करने का आश्वासन दिया. प्रतिनिधिमंडल में मो. फखरुद्दीन, मकसूद जफर हादी, शहजाद अनवर, सरवर आलम शामिल थे.

# विधायक कल्पना से मिला मुंडा सभा का प्रतिनिधिमंडल


विधायक कल्पना सोरेन एवं मुंडा सभा केंद्रीय समिति का प्रतिनिधिमंडल.

**संवाददाता। रांची**

मुंडा सभा केंद्रीय समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को गांडेय विधान सभा की विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल ने विधायक चुने जाने पर कल्पना सोरेन को बधाई दी और पुष्प देकर उन्हें सम्मानित किया गया. मौके पर महासचिव बिल्कन डॉग, सचिव प्रभु सहाय मेघनाथ सिंह मुंडा, डॉक्टर तनुजा मुंडा, शोसन सम्मद, तुरन लगुन, शोभा टोपनो, समेत अन्य शामिल थे.

# 21 दिवसीय निःशुल्क खो -खो प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ

**संवाददाता। रांची**


प्रशिक्षण शिविर के समापन के मौके पर सर्टिफिकेट के साथ खिलाड़ी.

रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय निःशुल्क राज्यस्तरीय खो-खो ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन बुधवार को हुआ. धुर्वा के लीची बगान व बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय में आयोजित शिविर के समापन के दौरान सब जूनियर मैत्रीपूर्ण मैचों का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को खो-खो कट की श्रंखला, पोल डाइव, ग्राउंड डाइव, कोवरिंग, पोल टर्न समेत अन्य नए-नए कौशल का अभ्यास करवाया गया.


इस दौरान प्रशिक्षक अजय कुमार ने सभी बच्चों को खो-खो इतिहास के बारे में बताया. पूरे शिविर के दौरान सहायक प्रशिक्षक वरीय राष्ट्रीय खिलाड़ी संजय कुमार, निखिल कुमार, कौशल कुमार, सरिता कुमारी, खुशबू कुमारी, वेद प्रकाश तिवारी, सुभाष गांगुली द्वारा प्रतिदिन सुबह साढ़े पांच बजे से आठ बजे तक व शाम 4 बजे से 6 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया. समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी व युवा नाट्य संगीत अकादमी के निदेशक ऋषिकेश लाल ने संयुक्त रूप से बच्चों को प्रमाण पत्र कर सम्मानित किया.

**बकरीद की तैयारी** राजधानी में सजा बकरा बाजार, देसी, बाबरी समेत कई नस्ल के बकरों का जुटान हुआ

# दारा और बाबर 17 जून को बकरीद के मौके पर होंगे कुर्बान

**रेहान अहमद। रांची**


मुसलमानों का पर्व ईदुल अजहा (बकरीद ) 17 जून को है. पर्व के महज चार दिन शेष रह गये हैं. पर्व को लेकर राजधानी में बकरा बाजार सजने लगा है. मेन रोड स्थित डॉ. फतेउल्लाह रोड में बकरा बाजार सज गया है. यहां इस समय 10 हजार से लेकर 70 हजार रुपये तक के बकरे बाजार के रौनक बने हुए हैं. यहां खरीदार दूर दूर से पहुंच रहे हैं. जिन्हें जो बकरा भा रहा है, वे बाजार से उसकी कीमत चुका कर साथ ले जा रहे हैं.


मेन रोड स्थित डॉ. फतेउल्लाह रोड में सजा बकरा बाजार.


बाबर नामक बकरे के साथ विक्रेता.

**लंबे कान का बाबरी बकरा लोगों खूब भा रहा :** ईटकी से तीन बकरे लेकर आये मो अजीम ने कहा कि इसे बचपन में राजस्थान से लाया था, लंबे कान वाला, ऊंची हाईट का यह बकरा बाबरी नस्ल का है. यह महज डेढ़ साल का है, इसकी कीमत 50 हजार है. इसे प्यार से बाबर कहते हैं. इसे बहुत ही लाड से पाला है, घास पत्ते, कुट्टी के साथ यह रोजाना आधा केजी चना, एक पाव गेहूं खाता है. इससे बकरे जल्द तंदुरुस्त होते हैं. अन्य दो बकरे 30 व 20 हजार के हैं.नगड़ी, कांके, रातू, ओरमांझी, पुंदाग, नवासराय, पतरातु, इटकी, बेड़ो, रांची के कांटा टोली, मोरहाबादी, हिंदपीढ़ी, इरबा, बड़गाई, डोरंडा, पिठोरिया, हटिया, हीनू, बरियातु, समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग बकरे बेचने के लिए पहुंच रहे हैं.

**दारा सबसे तगड़ा, कीमत 70 हजार रुपये**



ग्रामीण क्षेत्र से आये तुलसी पंडित ने कहा कि मुसलमानों के इस बकरीद के पर्व का हम बेसब्री से इंतजार करते हैं. इस पर्व में मेरा अच्छा मुनाफा हो जाता है. हर साल के लिये घर में पाल कर बकरों को तैयार करता हूं. बुंडू से बकरी लाया था, उसी के बच्चे तैयार हो रहे हैं, जिन्हें बाजार में बेचते हैं, इस समय 12 बकरे हैं. उन्होंने बताया कि दारा 70 हजार, कीनू 60 हजार, गुड्डू की 50 हजार कीमत है. ये देसी नस्ल के ऊंचे कद के गठीले बकरे हैं. बकरों को तगड़ा करने के लिये चना 500 ग्राम, गेहू 200 ग्राम, 5-6 रोटियां, कुट्टी, चोकर, पत्ते, घासस 1-1 बकरे को रोजाना खिलाते हैं.

जेईई एडवांस्ड में डीएवी बरियातू का शानदार प्रदर्शन

# नित्या सिंह, आदित्य कौंडिल्य और अभिनव महथा हुए सफल


नित्या सिंह


आदित्य कौंडिल्य


अभिनव महथा

**संवाददामा। रांची**

डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु के छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2024 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है. नित्या सिंह ने जेईई एडवांस्ड में 5894 रैंक हासिल किया है. आदित्य कौंडिल्य को 12978 और अभिनव महथा को 23151 रैंक प्राप्त हुआ है. नित्या ने विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य रख अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ होकर अपनी मंजिल को वास्तविकता का मूर्त रूप दिया है. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. तापस घोष ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी. वहीं आईआईटी से आगे की शिक्षा प्राप्त कर देश के तकनीकी विकास में छात्रों के अहम योगदान के लिए शुभकामनाएं दीं.

## ब्रीफ खबरें

### पूर्व पंचायत सेवक सह समाजसेवी का निधन

**सोनाहातू।** समाजसेवी और पूर्व पंचायत सेवक रविंद्रनाथ महतो का निधन सोनाहातू प्रखंड अंतर्गत बाकू गांव के निवासी पूर्व पंचायत सेवक और समाजसेवी रवींद्रनाथ महतो उम्र 92 वर्ष का निधन हो गया. स्वर्गीय रविंद्र नाथ महतो लंबे समय से सोनाहातू प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और गरीबों के बीच समाजसेवी काम करते थे. उनके दो पुत्र विदेश में नौकरी करते हैं. वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर चल बसा उनके निधन पर कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो, अधिवक्ता विजय कुमार, गोवर्धन महतो, बृजेंद्र महतो, राजकुमार सिंह, अर्चना देवी, प्रहलाद महतो, हरे कृष्णा, कामेश्वर, गंगाधर, विनोद कुमार सिंह ओंकार आदि ने शोक प्रकट किया है.

### अखंड हरिनाम संकीर्तन से पूर्व अधिवास संपन्न

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली के हाट बगान स्थित हरि मंदिर में बुधवार की हरिनाम संकीर्तन के पूर्व संध्या पर अधिवास दिवस (गंधादिवस) का आयोजन किया गया. वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिपूर्वक अधिवास पूजन के दौरान देवताओं का कीर्तन में आह्वान किया गया. इस्कान अनुमोदित सिल्ली हरे कृष्ण नाम हट्ट समिति की ओर से अधिवास दिवस पर कीर्तन भजन का आयोजन किया गया. आयोजन समिति ने बताया कि नौ दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन की शुरुआत गुरुवार से होगी. इस अनुष्ठान में बंगाल एवं झारखंड की दर्जनों कीर्तन मंडलियों के कलाकार भाग लेंगे.

### बीओआई काठीटांड़ ने लगाया ऋण शिविर

**रातू।** बैंक ऑफ़ इंडिया काठीटांड शाखा में वुधवार को विशेष ऋण समझौता शिविर का आयोजन किया गया . शाखा प्रबंधक कुमार संभव ने बताया कि शिविर में आए ग्राहकों को एनसीपी हो चुके एवं पुराने ऋण खातों की राशि को आसान किस्तों में जमा करने की सुविधा भी दी गई।.उन्होंने ऋण धारकों से शिविर मे भाग लेकर इसका लाभ उठाने के लिए ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त किया.

### रेस्टोरेंट के बाहर से चोरों ने बाइक उड़ाई

**रातू।** थाना क्षेत्र के कमड़े स्थित हॉटलिप्स रेस्टोरेंट के पास खड़ी मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली. मामले को लेकर पंडरा ओपी क्षेत्र के हेहल निवासी सुनील कुमार वर्मा पिता स्व सुरेश प्रसाद वर्मा ने रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज की है. जानकारी अनुसार भुक्त भोगी सुनील वर्मा हॉटलिप्स के बाहर बाईक खड़ी कर सामान लेने चले गए. एक घंटे बाद जब लौटा तो देखा उनकी मोटरसाइकिल गायब है.

### जंगली हाथी ने वृद्ध को उतारा मौत के घाट

**अनगड़ा।** बीती रात प्रखंड के सिकीदिरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत रानू दारू जोड़ासिमरा केराकोचा गांव में जंगली हाथी ने एक वृद्ध को कुचलकर मार डाला . प्राप्त जानकारी के मुताबिक धीरेन्द्रनाथ उरांव (65) अपने बेटी के घर आया था. नातिन रीना उरांव (8) के साथ बैठा हुआ था लगभग 8 बजे रात्रि में जंगली हाथी दबोचा मौके पर ही धीरेन्द्रनाथ उरांव का मौत हो गया हाथी ने रीना उरांव को पटक दिया. जिससे बच्ची का पेट फट गया. इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. किन्तु इलाज के दौरान रीना का मौत हो गया . सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी घटना स्थल का जायजा लिया व पीड़ित परिवार को एक लाख का मुआवजा राशि प्रदान किया . वहीं रेंजर राजेश कुमार ने बताया कि जंगली हाथी के बचाव के लिए टीम के द्वारा यह प्रयास किया जाता है कि हाथी लोगों के घर से दूरी बनाए रहे नजदीक न आने पाये .

### परियोजना में बस की चपेट में आने से चालक घायल

**पिपरवार।** अशोक परियोजना में स्थित गुप्ता ब्रदर्स नामक कंपनी में कार्यरत चालक की ड्यूटी जाने के दौरान शिफ्ट बस के चपेट में आने से घायल हो गए . जानकारी के अनुसार सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा एक नंबर कॉलोनी निवासी संजय करमाली अपने घर से ड्यूटी जाने के लिए गुप्ता ब्रदर्स कंपनी में बाईक से जा रहे थे इसी दौरान अशोक परियोजना माइंस की हॉल रोड स्थित इको पार्क जाने वाले मार्ग पर पिपरवार की शिफ्ट बस के चपेट में आने से मंगलवार रात्रि 9, 30 बजे बुरी तरह से घायल हो गए .

# 20 लाख मांगी थी रंगदारी, नहीं देने पर जेवर दुकान में चली गोली

## फुसरो के ज्ञान ज्वेलर्स में बाइक सवार अपराधियों ने की फायरिंग

**खास बातें**

- विरोध में दुकानदारों ने बंद किया बाजार
- पुलिस कार्यशैली पर उठे सवाल

संवाददाता। बेरमो

एक तरफ सीएम ने हाइलेबल मीटिंग कर सभी जिले के उपायुक्त व एसपी को विधि व्यवस्था को लेकर लापरवाही नहीं बरतने की ताकीद की है कि वहीं दूसरे ही दिन बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो में बुधवार को दिनदहाड़े एक जेवर दुकानदार पर गोली चलने की वारदात को अंजाम दिया गया है.ये गोली अपराधियों द्वारा बीस लाख रुपये रंगदारी मांगे जाने के बाद अपराधियों ने चलाई है. संयोगवश दुकानदार गोली से बच गए. लेकिन वारदात के बाद फुसरो में दुकानदारों ने विरोध स्वरूप सारी दुकानें बंद कर दी. दुकानदार अपराधियों को दबोचने की मांग कर रहे थे. बाद में जनप्रतिनिधियों ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है. बेरमो विधायक अनूप सिंह ने भी एसपी बोकारो को पत्र देकर अपराधियों को जल्द से जल्द दबोचने के लिए एसआइटी गठन की मांग की है.

**ये है मामला**

उमा रानी वर्मा ने 20 मई को बेरमो थाने में मामले की शिकायत की थी. उन्होंने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया था कि उनके पति ज्ञानेश्वर प्रसाद वर्मा, जो सुभाषनगर वार्ड नंबर पांच में रहते हैं. उनके पति के मोबाइल पर दिन में करीब साढ़े तीन बजे एक धमकी भरा मैसेज आता है. जिसमें लिखा होता है कि हम मेजर बोल रहे हैं , 20 लाख रुपये देना है नहीं तो खोपड़ी खोल देंगे. मोती अलंकार ज्वेलर्सतो बच गया मरने से, लेकिन तुम नहीं बच पाएगा. फिर उसी रात सवा नौ बजे हां या ना का जवाब मांगते हुए मैसेज आया. इस धमकी के बाद पूरा परिवार डर गया और मामले की शिकायत थाने में की गई.




**लगातार आते रहे फोन कॉल्स**

मैसेज के बाद भी लगातार फोन कॉल्स आते रहे और फोन पर रुपये नहीं देने पर बुरे परिणाम भुगतने की धमकी दी जाती रही. पीड़ित परिवार ने थाने के साथ-साथ वरीय पुलिस अधिकारियों को भी इस बारे में शिकातय की, लेकिन बावजूद इन्हें कोई सुरक्षा नहीं मिली और न ही अपराधी पकड़े जा सके. हालांकि शिकायत के बाद पुलिस दुकान पर पहुंची थी, छानबीन भी की गई,

**विधायक अनूप ने एसपी को लिखा पत्र, एसआइटी गठन की मांग**

**व्हाट्सएप चैट**




**अरविंद ज्वेलर्स से भी मांगे बीस लाख**

बोकारो थर्मल : बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल के डीवीसी सेंट्रल मार्केट के अरविंद ज्वेलर्स को भी मोबाइल पर बीस लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मैसेज आया है. ये मैसेज अरविंद कुमार के पुत्र अमित कुमार के मोबाइल पर बुधवार को दिन के 11 बजे आया है. जिस वक्त ये मैसेज उनके मोबाइल पर आया तब दो पुलिस पदाधिकारी भी दुकान पर ही मौजूद थे. मैसेज में बीस लाख रुपये नहीं देने पर ज्ञान ज्वेलर्स पर हुई गोलीबारी का भी जिक्र किया गया है. इस मामले की भी शिकायत पुलिस से की गई है.

**ऐसे हुई घटना**

बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत फुसरो में 10 बजे के आसपास की घटना है. उस वक्त दुकानदार और उनका बेटा दुकान खोलने के लिए गया था. ठीक उसी वक्त बाइक पर सवार होकर दो लोग दुकान के पहुंचे और निशाना साधते हुए गोली चला दी. ये गोली दुकान के शीशे में जा लगी और शीशा टूट गया. वारदात के बाद दोनों बाइक सवार वहां से फरार हो गए. इसके बाद पिता-पुत्र ने शोर मचाया तो लोग जमा हुए और फिर धीरे-धीरे वहां भीड़ हो गई.

## सीएए सीनियर डिवीजन फुटबॉल टूर्नामेंट में खेले गये क्फा मैच

# बरियातू, मेकॉन, कव्वाली और ब्लैक टाइगर की टीम सेफा में

संवाददाता। रांची

छोटानागपुर एथेलिटक्स एसोसिएशन (सीएए) की ओर से आयोजित सीएए सीनियर डिवीजन फुटबॉल 2024 में राजा स्पोर्ट्स बरियातू, मेकॉन, नाइन बुलेट कव्वाली व ब्लैक टाइगर की टीम ने सेमीफाइनल में खेलने की जगह पक्की कर ली है. बुधवार को खेले गए पहले क्वार्टर फाइनल मैच में बरियातू ने स्वर्णरेखा एफसी को 3-0 से हराकर बाहर कर दिया. शुरुआत से ही बरियातू की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया. पहले ही मिनट में रौशन कुमार ने गोलकर बरियातू की टीम को 1-0 से आगे कर दिया. 37वें मिनट में ओमा तांग व 43वें मिनट में अंकित सिंह ने गोलकर बरियातू की टीम को बड़ी जीत दिला दी. वहीं, दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच मेकॉन व हटिया ब्वॉयज के बीच खेला गया. मैच बेहद रोमांचक रहा, हांलाकि मेकॉन की टीम 2-1 से मैच जीत गई. पहले हाफ तक के खेल में दोनों ही टीमें गोल नहीं कर सकी. लेकिन दूसरे हाफ में मेकॉन के खिलाड़ियों ने शानदार रणनीति बनाकर हमला करना शुरू किया. 37वें मिनट में अंकित होरो ने गोलकर मेकॉन को आगे किया. 44वें मिनट में शंकर उरांव ने गोलकर मेकॉन को 2-0 से आगे कर दिया, लेकिन 61वें मिनट में तरुण ने गोलकर हटिया ब्वॉयज की वापसी कराई. आखिरी समय में हटिया की टीम ने गोल करने को लेकर कई मूव बनाए लेकिन गोल करने में सफल नहीं हो सके.



**टाईब्रेकर में जीता ब्लैक टाइगर**

प्रैक्टिस ग्राउंड में तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच कव्वाली व स्पोर्टिंग यूनियन का सांस रोक देने वाला रहा. शुरू से अंत तक मैच का रोमांच बना रहा. कव्वाली के निखिल कच्छप ने 36वें मिनट में दूर से लॉप कर गेंद को जाल में डाल दिया. स्पोर्टिंग के गोलकीपर इस गेंद को रोक नहीं सके. जबकि गेंद उनके पाले में था. इस गोल के बाद स्पोर्टिंग के प्लेयर्स ने अटैकिंग खेल खेलना शुरू किया. कव्वाली के मजबूत डिफेंस को अंत तक भेद नहीं सके व मैच एक गोल से हार गए. चौथा क्वार्टर फाइनल मैच भी ब्लैक टाइगर व अरगोड़ा एफसी का बेहद रोमांचक रहा. बिना कोई गोल हुए मैच समाप्त हुआ. मैच का सहारा टाईब्रेकर से लिया गया. जहां ब्लैक टाइगर की टीम ने बाजी 4-1 से जीत ली.

**आज खेला जाएगा सेमीफाइनल**

गुरुवार को दोनों सेमीफाइनल मैच प्रैक्टिस ग्राउंड में खेला जाएगा. पहला सेमीफाइनल मैच दिन के 2.30 बजे से ब्लैक टाइगर व कव्वाली के बीच खेला जाएगा. वहीं, दूसरा सेमीफाइनल मैच दिन के 3.45 बजे से बरियातू व मेकॉन के बीच होगा. 15 को फाइनल मैच प्रैक्टिस ग्राउंड में ही दिन के 3.30 बजे से खेला जाएगा। सेमीफाइनल व फाइनल मैच शुरू होने से आधा घंटा पहले टीम को आना होगा.

### एएसआई हत्याकांड में सार्जेंट मेजर व मुंशी सस्पेंड

**लोहरदगा।** असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह की मानसिक रूप से बीमार कांस्टेबल अनंत सिंह मुंडा द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने कार्रवाई करते हुए लोहरदगा पुलिस के सार्जेंट मेजर शेरू कुमार रंजन को सस्पेंड कर दिया है. जांच में दोषी पाए जाने पर लोहरदगा एसपी हारिश बिन जमां ने डे मुंशी विनोद कुजूर को सस्पेंड कर दिया है.

### बिनोद के परिजनों से मिले भाजपा नेता

**बुढ़मू।** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के उरुगुट्टू गांव निवासी बिनोद कुमार महतो व काटमकुली निवासी मुकेश महतो का आकस्मिक निधन विगत सोमवार को ठनका की चपेट में आकर हो गई थी. घटना की सूचना मिलने के बाद भाजपा के वरीय नेता संदीप कुमार राम ने बुधवार को मृतकों के परिजनों से मिलकर दुःख प्रकट किया. साथ ही श्राद्धकर्म के लिये सहयोग भी प्रदान किया. मौके पर भाजपा नेता ने सरकार से मिलने वाले सहायता राशि दिलाने के लिए कांके बीडीओ से बात भी किया.

### सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मंडा पूजा संपन्न

**सिल्ली /मुरी।** सिल्ली प्रखंड के भूली गांव में मंडा पूजा बुधवार को धूमधाम से संपन्न हो गया. इससे पूर्व मंगलवार की पूरी रात बंगाल के कलाकारों ने छऊ नृत्य के साथ लोगों के बीच समां बांध दिया था.वहीं बुधवार को अहले सुबह दहकते अंगारों पर चलकर अनुष्ठान में शामिल भगतियों ने अटूट आस्था का परिचय दिया.इसे सफल बनाने में मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय मंडल, सचिव भुनेश्वर बेदिया, ,कोषाध्यक्ष प्रकेशवर बेदिया, सक्रिय सदस्य नरेश बेदिया आदि शामिल थे.

## लोहरदगा : लड़की की बेहरमी से हत्या कर डोभा में फेंका शव

संवाददाता। लोहरदगा

जिले के कैरो थाना क्षेत्र के सढ़ाबे गांव में एक लड़की की बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है. लड़की के चेहरे को पत्थर से बुरी तरह कुचल दिया गया है. बुधवार सुबह लड़की का शव एक डोभा में मिला है. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आसपास के लोगों से पूछताछ की. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया.

**देर रात अचानक लापता हो गई थी लड़की :** जानकारी के मुताबिक, लड़की अपने माता-पिता के साथ मंगलवार की रात सो रही थी. सुबह जब माता-पिता जागे, तो लड़की लापता थी. काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था. खोजबीन के दौरान परिजन डोभा की तरफ गये, तो उसमें लड़की का शव पड़ा मिला. चेहरे को पत्थर से बुरी तरह कुचल दिया गया था.

### चिनिया ब्लॉक का बीपीओ घूस लेते गिरफ्तार हुआ

**गढ़वा।** पलामू एसीबी की टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है. एसीबी ने गढ़वा जिले के चिनिया ब्लॉक के बीपीओ अनुज कुमार रवि को पांच हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है. गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम उसे अपने साथ पलामू स्थित एसीबी मुख्यालय ले गयी, जहां पूछताछ की जा रही है. बता दें कि वादी ने बीपीओ के द्वारा घूस मांगे जाने की शिकायत पलामू एसीबी कार्यालय में की थी. बताया था कि मापी पुस्तिका में हस्ताक्षर करने के लिए अनुज कुमार रवि द्वारा योजना राशि का 5% घूस मांगा जा रहा है.

## धारदार हथियार से महिला की गला काट कर हत्या

संवाददाता। गुमला

पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत तपकरा में बुधवार शाम एक महिला का शव संदिग्ध हालत में पुलिस ने बरामद किया है. महिला की गला काट कर हत्या की गई है. पालकोट थाना की पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है. मृतका की पहचान होलिका देवी (28) के रूप में की गयी है. मृतका के परिजनों के अनुसार, होलिका देवी बुधवार की सुबह करीब सात बजे अपने घर से निकली थी.

शाम करीब पांच बजे ग्रामीणों ने बताया कि दतली डैम के समीप एक महिला का शव पड़ा है. जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण एकजुट होकर मौके पर पहुंचे. इस क्रम में पति संजय साहू ने शव की पहचान अपनी पत्नी होलिका देवी के रूप में की. महिला का गर्दन तेज धार वाले हथियार से काटा गया प्रतीत हो रहा था. संजय साहू ने पत्नी की हत्या की आशंका जाहिर की है.

**आभार यात्रा** हजारीबाग के सांसद का विभिन्न स्थानों पर हुआ नागरिक अभिनंदन

# सांसद संग पिपरवार में भाजपा ने निकाली आभार यात्रा

संवाददाता। पिपरवार

हजारीबाग लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने बुधवार को पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आभार यात्रा निकाली गयी. इस दौरान हजारीबाग लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्र की जनता एवं मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त कर सबको धन्यवाद दिया गया. आभार यात्रा में सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास भी शामिल हुए. आभार यात्रा बहेरा पंचायत के कारो से प्रारंभ होकर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के मुख्य मार्ग से होते हुए चिरैयाटांड पहुंचने पर वहां के ग्रामीणों ने माला पहनाकर एवं नृत्य कर भव्य स्वागत किया. इस दौरान चिरैयाटांड़ में ग्रामीणों की ओर से क्षेत्र की समस्याओं को लेकर निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा गया. इसके पश्चात सांसद के बचरा आगमन पर बचरा चार नंबर चौक स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल , शहीद कृष्णा महतो , एवं बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई . आभार यात्रा में उन्होंने बचरा स्थित संगम विहार क्लब मैं कुछ पल विश्राम के दौरान सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल को बुके देकर स्वागत किया गया . इसके पश्चात कार्यकर्ताओं से मुखातिब होने को लेकर बचरा ऑफीसर्स क्लब में पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में नवनिर्वाचित सांसद का कार्यक्रम आयोजित कर नागरिक अभिनंदन किया गया . कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा एवं संचालन बीएमएस यूनियन के एस के चौधरी ने किया. कार्यक्रम को सिमरिया विधानसभा विधायक किशुन कुमार दास सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया । इस आभार यात्रा में मुख्य रूप से पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा एस के चौधरी शक्ति केंद्र प्रमुख धनराज भोक्ता उपाध्यक्ष करण कुमार महतो राजेश महतो संजय भोक्ता अरुण उरांव जगदीश भोक्ता मुकेश राणा रामलाल महतो रामप्रसाद महतो ईना कुमारी अश्विनी दाराद विजय लाल मेवा लाल नाग काशीनाथ महतो अर्जुन महतो विनोद सिंह उर्फ विधायक प्रताप चौरसिया सहित हजारीबाग लोकसभा के



## न्यूज अपडेट

### राहे हत्याकांड के आरोपी को पुलिस ने बंगाल से किया गिरफ्तार

**राहे।** राहे हत्याकांड के आरोपी समीर कोइरी को पुलिस ने पुरुलिया जिला के कोड़ाडीह गांव से गिरफ्तार कर लिया है. सोमवार की रात आरोपी बुंडू निवासी अर्जुन महतो को राहे के दुलमी गांव में गोली मार कर फरार हो गया था. जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हुई थी. मंगलवार को सुबह बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रतिभान सिंह, राहे थाना प्रभारी फैज रब्बानी के साथ मिलकर आरोपी के घर कोड़ाडीह ओर गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने तत्परता के साथ सात घंटे के अंदर हत्याकांड का उद्भेदन कर दिया. हत्याकांड में प्रयोग किया गया देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा, एक धारदार चाकू और मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद किया है.



गिरफ्तार आरोपी के बारे में जानकारी देते एसडीपीओ.

### पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव शुरू


**रातू।** रातू के काठीटांड आनंद मयी नगर कॉलोनी में अवस्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिक दो दिवसीय स्थापना दिवस समारोह शुरू हो गया. इसके तहत बुधवार को 251 महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली जो मंदिर प्रांगणसे शुरू होकर ब्लॉक चौक ,काठी टांड चौक होते हुए ऐतिहासिक महाराज तालाब पहुंची. जहां पुरोहित पंडित विनोद पाठक ने विधिवत वैदिक मंत्रोचार के बीच कलश में जल भरवाया. कलश यात्रा पुनः वापस मन्दिर प्रांगण में पहुंचीं.मंदिर में जलाभिषेक एवं 24 घंटे का अखंड हरि की भी शुरू हो गया .



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं.

### सिल्ली से गायब हुआ किशोर धनबाद में मिला

**सिल्ली/मुरी ।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत हांकेदाग निवासी ईश्वर दयाल महतो का पुत्र निर्मल कुमार महतो उम्र 14 वर्ष मंगलवार से लापता है. बुधवार सुबह वह धनबाद में पाया गया. धनबाद कैसे पहुंचा . इस बारे में उक्त किशोर कुछ भी कहने में असमर्थ है.इस सबंध में परिजनों ने बताया कि उसे ढूंढने का प्रयास किया .परंतु बगल के गांव भुली में मेला लगा होने के कारण परिजनों को लगा कि किसी साथी के साथ मेला चला गया होगा. बच्चे की मां तिलेश्वरी देवी ने बताया कि रात्रि में लगभग दो बजे के आसपास धनबाद रेलवे पुलिस ने फोन कर हम लोगों को जानकारी दिया कि आपका बच्चा धनबाद रेलवे पुलिस के पास सुरक्षित है .



निर्मल कुमार महतो की फाइल फोटो.

### हारिन गांव में हाथियों के झुंड ने फसल बर्बाद की

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के हारिन गांव में मंगलवार रात को हाथियों के झुंड गांव में प्रवेश कर उत्पात मचाया है. गांव के किसान गंगाधर महतो और अनंत महतो के दो एकड़ खेत में लगे लौकी खेती को हाथियों ने मन भर खाया और नष्ट किया है. इधर हाथियों के उत्पात की सूचना पर पंचायत के मुखिया मनोज सिंह मुंडा, हाथी मित्र तापस कर्मकार गांव पहुंच कर किसानों से नुकसान की जानकारी लिए. शीघ्र मुआवजा दिलाने को लेकर आवेदन फॉर्म का वितरण भी किसानों के बीच किए.



खेत का निरीक्षण करते मुखिया व अन्य.

### प्रखंड प्रमुख व नए अंचलाधिकारी से की मुलाकात

**ओरमांझी।** ओरमांझी प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी व ओरमांझी सीओ उज्जवल कुमार सोरेन से बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात की. प्रमुख अनुपमा देवी ने शुभकामनाएं देते हुए छात्र छात्राओं के जाति,आवासीय,आय सहित अन्य प्रमाण पत्र के साथ जमीन के ऑनलाइन में हुई त्रुटि का काम में तेजी लाने को कहा. अंचलाधिकारी उज्जवल कुमार सोरेन ने हमारी कोशिश रहेगी लोगों की समस्या को दूर करने का प्रयास करेंगे. मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, उपमुखिया आदि मौजूद थे.



सीओ से औपचारिक मुलाकात करते प्रमुख.

### ग्राम सभा की मजबूती को लेकर हुई बैठक

**अनगड़ा।** प्रखंड के अनगड़ा पंचायत सचिवालय में बुधवार को लोकनाथ पहान की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान संघ अनगड़ा की बैठक हुई. बैठक का संचालन ग्राम प्रधान गणेश चन्द्र बेदिया ने किया. मुख्य अतिथि रांची जिला ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष उमेश कुमार बडाईक व अनगड़ा थाना प्रभारी चमरा मिंज उपस्थित थे. मांगों को लेकर एक सप्ताह के अंदर उपायुक्त रांची को ज्ञापन सौपने का निर्णय लिया गया. मौके पर ग्राम प्रधान के सचिव सोमरा उरांव, कोषाध्यक्ष देवराज मुण्डा, निर्मल करमाली, बालेश्वर बेदिया, जयशंकर पहान, दूतिलाल बेदिया आदि शामिल थे.



बैठक में शामिल ग्राम प्रधान संघ के सदस्य.

### आजसू की बैठक में विभिन्न मुददों पर हुई चर्चा

**नामकुम।** प्रखंड के राजाउलातु पंचायत के वाईबीएन यूनिवर्सिटी सभागार में आजसू की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता जितेन्द्र सिंह ने किया. संचालन राजू उरांव के ने किया गया . कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आजसू के केन्द्रीय सचिव पारसनाथ उरांव ने कहा कि झारखंड के लोगों की आवाज बनेगा आजसू. लोगों के सुख दुख में हर समय आजसू पार्टी साथ है. उन्होंने कहा जन जन की सेवा के लिए खिजरी विधानसभा स्तरीय आजसू पार्टी हेल्प डेस्क सेन्टर का गठन किया जा रहा है . मौके पर केन्द्रीय प्रवक्ता डॉ सुधीर कुमार यादव,रांची जिला महिला अध्यक्ष वीणा कुमारी, श्रमिक संघ के माथुर प्रसाद, दिलीप महतो,प्रखंड सचिव विनोद मुंडा, धीरज नाग,चमरा विंहा,सुखराम लोहार,राजू मुंडा,बिशुन गाड़ी,भूपेश उरांव, अभिषेक कुमार, जंयती देवी जिला सचिव वीणा देवी,कुसुम मुण्डा,पदमा देवी,आशालता देवी आदि उपस्थित थे.

### हाइवा ऑनर व पेटी कांट्रेक्टरों का धरना जारी

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र स्थित सीएचपी/सीपीपी से बचरा साइडिंग तक कोयला ढुलाई का काम पिछले आठ दिनों से से बंद है. जिसके कारण सीसीएल प्रबंधन एवं रेलवे को करोड़ों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है. जानकारी के अनुसार सीएचपी से बचरा साइडिंग तक कम रेट मे कोयला ढुलाई का काम लाने वाली जय अम्बे रोड लाईंस प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी का विरोध लगातार जारी है. सभी हाइवा ऑनर,मुंशी और पेटी कांट्रेक्टर कोयला ढुलाई का काम बन्द कर पिछले आठ दिनों से धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं. बचरा साइडिंग से जुड़े सभी हाइवा मालिक,मुंशी और पेटी कांट्रेक्टरों ने बताया कि ट्रांसपोर्टिंग कम्पनी जय अम्बे रोड लाईंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कम रेट मे टेंडर लाकर काम लेने से हाइवा मालिकों के अलावे पेटी कांट्रेक्टर व मुंशी को काफी नुकसान होगा. पूर्व मे एकेटी कम्पनी के समय से भाड़ा वृद्धि की मांग की जा रही थी और एकेटी कम्पनी का टेंडर समाप्त होने के बाद जय अम्बे रोड लाईंस प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी ने 16 प्रतिशत बिलो टेंडर डालकर काम लिया है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** शिक्षा में सुधार होगा. पंचम भाव में चन्द्रमा है. नए स्थान पर घूमने का आनंद प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में कोई नया विचार क्रियान्वित हो सकता है. कोई नया कार्य होगा, जिसकी प्रशंसा भी होगी.

**वृषभ** हृदय रोग से बचाव आवश्यक है. कार्य की सफलता के लिए प्रयास अधिक करना पड़ेगा. गलतफहमी से विवाद हो सकता है. भावनाओं पर अंकुश आवश्यक है. हितशत्रुओं से सावधान रहें. कारोबार ठीक चलेगा.

**मिथुन** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. आय में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. निवेश शुभ फल देगा. समय की अनुकूलता का लाभ लें. भरपूर प्रयास करें.

**कर्क** समय उत्तम फल प्रदान करेगा. आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. आय में वृद्धि होगी. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा.

**सिंह** समय बहुत ही उत्तम है. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भाग्य का सहारा रहेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. चोट व रोग से बचें. किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है. विदेश से मिलने वाले शुभ समाचार से मन खुश रहेगा.

**कन्या** कहीं घूमने का भी समय है. किसी व्यक्ति के उकसावे में नहीं आएं. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. नए कार्य को लेकर आय बनी रहेगी.

**तुला** आय के लिए दिन बहुत ही अच्छा है, बस प्रयास करें. चोट व रोग से हानि की आशंका है, लापरवाही न करें. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पुरानी लेनदारी वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी.

**वृश्चिक** सरकारी कार्य में गति मिलेगी. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. शत्रुओं का पराभव होगा. आर्थिक नीति में बदलाव हो सकता है. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. कार्य होने से सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

**धनु** बड़ों के अनुभव का लाभ लेना चाहिए. अनहोनी की आशंका रह सकती है. कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी मामलों की बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पूजा-पाठ आदि पर व्यय होगा.

**मकर** पार्टनर से विवाद हो सकता है. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है. वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें. कारोबार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी.

**कुंभ** व्यापार में लाभ का मौका मिलेगा. शुक्र के प्रभाव से जीवनसाथी का सुख बढ़ेगा. कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी. आय में वृद्धि होगी. नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा. गरीब को भोजन और जल दान करें.

**मीन** शत्रु पक्ष से हानि हो सकती है. किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिए. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. लंबी यात्रा की योजना बन सकती है. स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. विष्णु मंदिर में पीला फूल अर्पण करें.

## चतरा में नक्सलियों ने सड़क निर्माण में लगी मिक्सर मशीन फूंक डाली

**चतरा।** जिले में एक बार फिर नक्सलियों ने तांडव मचाया है. बुधवार की शाम कुंदा-लावालौंग पथ स्थित करिलगड़वा जाने वाली सड़क पर निर्माण कार्य में लगी मिक्सर मशीन को आग के हवाले कर दिया. इससे 40 लाख का नुकसान हुआ है. घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी सनोज चौधरी सीआरपीएफ व जिला बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली. पुलिस ने नक्सलियों की धर-पकड़ के लिए अभियान शुरू कर दिया है. बताया जा रहा है कि चतरा के कुंदा जंगल में नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम उस वक्त दिया, जब मिक्सर मशीन अमौना गांव से मेटेरियल लेकर करिलगड़वा की ओर जा रही थी. इस दौरान गांव से आधा किमी दूर स्थित जंगल में नक्सलियों ने वाहन को रोककर चालक व मजदूरों को नीचे उतारा. सभी का मोबाइल छीन कर सिम निकाल कर तोड़ दिया, फिर मोबाइल लौटा दिया. इसके बाद वाहन से डीजल निकाल कर वाहन में आग लगा दी.बताया जा रहा है कि लेवी को लेकर नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया है. सड़क निर्माण कार्य जय मां अंबे कंस्ट्रक्शन के द्वारा कराया जा रहा है. घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है. घटना को अंजाम किस संगठन के द्वारा दिया गया है, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है. क्षेत्र में टीएसपीसी व भाकपा माओवादी दोनों संगठन सक्रिय हैं. मालूम हो कि 12 जनवरी 2024 को नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे दो ट्रैक्टर व एक मिक्सर मशीन के टायर में गोली मार कर दहशत फैलायी थी. घटना के बाद तीन माह तक काम बंद रहा.

## युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत बजरंगबली चौक के समीप स्थित होटल द राज के कमरा संख्या 208 से कोडरमा पुलिस ने बुधवार को संदिग्ध अवस्था में युवक का शव बरामद किया है. जानकारी के अनुसार बिहार के राजगीर अशोक नगर निवासी चंदन कुमार (35) मंगलवार की रात होटल पहुंचे थे. वहां खाना खाने के बाद रात्रि विश्राम के लिए चंदन कुमार ने कमरा बुक किया था. सुबह जब चंदन के द्वारा कमरा नहीं खोला गया तो पुलिस की उपस्थिति में कमरा को खोलकर अंदर चेक करने पर चंदन कुमार बेड पर मृत पाए गए. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही व्यक्ति की मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल पाएगा.


### जेबीकेएसएस की राजनीतिक इंट्री परेशानी का सबब बनी, जिन विस सीटों पर आजसू के विधायक हैं, उन सीटों पर भी कम वोट मिले

# टेंशन में आजसू पार्टी, खिसकते जनाधार पर मंथन कर बनाएगी रणनीति

प्रमुख संवाददाता। रांची

लोकसभा चुनाव के परिणाम से आजसू टेंशन में है. इस पर पार्टी मंथन भी करेगी और अपने जनाधार को बढ़ाने के लिए आगे की रणनीति भी तैयार करेगी. आजसू के टेंशन की सबसे बड़ी वजह यह है कि लोकसभा चुनाव में आजसू के वोट वैंक में जबरदस्त सेंधमारी हुई है. जेबीकेएसएस की राजनीतिक इंट्री ने आजसू के लिए परेशानी का सबब बन गया है. जिन विधानसभा सीटों पर आजसू के विधायक हैं, उन सीटों पर आजसू को जेबीकेएएस से भी कम वोट मिले.

**आजसू सुप्रीमो के गढ़ में जेबीकेएसएस की दस्तक :** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के गढ़ में जेबीकेएसएस ने अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई है. इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में कुल 1,64,518 लोगों ने वोट किया था. इनमें कांग्रेस की यशस्विनी सहाय को 34,846 वोट मिले थे. भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को 57,281 वोट मिले, जबकि जेबीकेएसएस के प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो 49,362 वोट निकाल ले गये. ऐसे में विधानसभा चुनाव में आजसू के लिए खतरे की घंटी बज गई है.







**लंबोदर महतो भी नहीं दिला सके लीड :** गोमिया से आजसू विधायक अपनी विधानसभा सीट से लीड नहीं दिला सके. गोमिया भी गिरिडीह लोकसभा सीट में आता है. इस विधानसभा क्षेत्र में 2,14,654 लोगों ने वोट डाले थे. इसमें से जयराम महतो उर्फ टाइगर को सबसे ज्यादा 70,828 वोट मिले. दूसरे स्थान पर आजसू के प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी रहे. उन्हें 66,488 वोट तो झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो 58,828 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे.

**खास बातें**

- सिल्ली, रामगढ़ और गोमिया विस क्षेत्र में खिसका जनाधार
- तीनों सीटिंग विधायक के विस क्षेत्र में जेबीकेएसएस ने पछाड़ा

### रामगढ़ में भी जेबीकेएसएस की रही शानदार इंट्री

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में रामगढ़ भी शामिल है. हजारीबाग और रामगढ़ में आजसू का जनाधार है. हजारीबाग लोकसभा चुनाव में जेबीकेएसएस ने रामगढ़ में अपना दबदबा साबित कर दिया. इस विस क्षेत्र में कुल 2,49,529 लोगों ने वोट डाले थे. इनमें भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल को 1,08,110 वोट और कांग्रेस प्रत्याशी जेपी .पटेल को 70,517 वोट मिले थे. इसकी तुलना में जेबीकेएसएस प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने 55,485 वोट लाकर साबित कर दिया कि यहां के कुर्मी वोटर भी जयराम महतो में अपना नेता देखने लगे हैं.

### कुरमी वोटरों पर दिखा जेबीकेएसएस का जादू

जेबीकेएसएस का गठन करने वाले जयराम महतो ने आठ लोकसभा सीटों पर ताल ठोका था. वह खुद गिरिडीह सीट से मैदान में उतरे थे. उनकी टीम में शामिल संजय कुमार मेहता हजारीबाग के प्रत्याशी थे. रांची सीट से छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने चुनाव लड़ा था. इसके अलावा कोडरमा में मनोज यादव, सिंहभूम में दामोदर सिंह हांसदा, धनबाद में अखलाक अहमद, दुमका में देवीलता टुडू और चतरा में दीपक गुप्ता उम्मीदवार थे. लेकिन गिरिडीह, हजारीबाग और रांची में जेबीकेएसएस का जादू कुर्मी वोटरों पर साफ दिखा.

### मुख्यमंत्री ने कई विभागों के कार्यों की समीक्षा की

# सीएम रोजगार योजना की धीमी गति से मुख्यमंत्री चंपाई नाराज

**दिया निर्देश**

- विभाग में आवेदन लटके नहीं रहने चाहिए
- किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी
- साइकिल वितरण योजना में तेजी लायी जाए


मुख्य संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की धीमी कार्य प्रगति पर गहरी नाराजगी जताई. उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि आखिर क्यों मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत कम आवेदन आ रहे है, कहां कमी रह गई है, अधिकारी इसकी समीक्षा करें. सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने का एक महत्वाकांक्षी योजना है. जो आवेदन आते हैं, उसका शीघ्र निबटारा हो. विभाग में आवेदन लटके नहीं रहने चाहिए. किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. विभाग साइकिल वितरण योजना में तेजी लाने, साइकिल वितरण के निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूरा करने के साथ-साथ मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के विस्तार के लिए कार्य में तेजी जाने का निर्देश दिया.

**सीएम गंभीर बीमारी योजना का गरीबों को नहीं मिल रहा लाभ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है. इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिलना चाहिए. लोगों को इस योजना के साथ राज्य सरकार के स्वास्थ्य से संबंधित अन्य योजनाओं की जानकारी हो, इसके लिए इन सभी योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्रामीण इलाकों में किया जाए. 108 एंबुलेंस सेवा को लेकर कई शिकायतें लगातार सामने आ रही है. जरूरतमंदों को इसका समय पर लाभ नहीं मिल पाता है. इसके संचालन से संबंधित शिकायतों को जांच कर व्यवस्थित करने के निर्देश दिये.

**सीएम के अन्य निर्देश**

- राज्य सरकार के अबुआ आवास योजना से शौचालय निर्माण योजना को जोड़ें.
- जहां अबुआ आवास स्वीकृत हैं, वहां शौचालय निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू हो.
- ओडीएफ प्लस घोषित गांवों को और बेहतर व अन्य सुविधाएं देने की पहल करें.
- सभी पंचायतों में लक्षित 10 नलकूपों के लिए जलस्तर मिलने तक ड्रिलिंग करें.
- आंगनबाड़ी केंद्रों में जल जीवन मिशन के तहत जल्द नल जल की व्यवस्था करें.
- सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि वे अपने स्तर से किए गए वृक्षारोपण की स्थिति की जांच करें. इन्हें हर हाल में संरक्षित किया जाना चाहिए.
- मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अंतर्गत विभाग द्वारा अच्छे नस्ल के पशु वितरण किए जाएं,



जिससे यहां के लाभुक किसानों की आय में वृद्धि की जा सके.

- पशु वितरण की प्रक्रिया को सरल बनाएं तथा कार्य प्रगति में तेजी लाएं.
- मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में तेजी लाने का निर्देश.
- सावित्री फूले बाई बालिका योजना के तहत डीबीटी के माध्यम से राशि की जानकारी बच्चियों के अभिभावक को भी हो, इसे सुनिश्चित करें.
- एक परिवार से अधिकतम दो बच्चियों को लाभ देने की बाध्यता खत्म कर दी गई है. अब एक परिवार में जितनी भी बच्चियां होंगी, उन्हें इस योजना से जोड़ा जाना है. ऐसे में इन बच्चियों को चिन्हित कर इस योजना का लाभ देना सुनिश्चित करें.
- सिदो कान्हो क्लब की स्थापना लक्ष्य के अनुरूप हो इस निमित्त रजिस्ट्रेशन कार्य में तेजी लाएं.
- राज्य के वैसे प्रखंड जहां खेल स्टेडियम स्वीकृत नहीं हुए हैं उन प्रखंडों में जमीन चिन्हित करें और स्टेडियम निर्माण कार्य की प्रक्रिया में तेजी लाएं.
- मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का लाभ लोगों को सरल और सुगमता पूर्वक मिले यह सुनिश्चित करें.
- मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत झारखंड के धार्मिक स्थलों को भी जोड़ें.

### बोकारो : क्षेत्र में शोक की लहर

# रोजी रोटी कमाने दक्षिण अफ्रीका गए कसमार के युवक की मौत



मृतक के घर शोक व्यक्त करने पहुंचे विधायक डॉ लंबोदर महतो व अन्य

- गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो पहुंचे मृतक के घर
- मंगलवार तक अफ्रीका से शव भारत लाये जाने की है उम्मीद



फाइल फोटो

संवाददाता। बोकारो

रोजी रोटी के लिए एक साल पहले दक्षिण अफ्रीका के बुरुंडी देश के बुजुंबुरा शहर में एक टेक्सटाइल्स मिल में काम करने गए बोकारो जिले के कसमार थानाक्षेत्र के गर्री निवासी निरंजन प्रजापति के बड़े पुत्र राजकिशोर प्रजापति (47 वर्षीय) का निधन तीन दिनों पूर्व हो गयी है. वे बुरुंडी के बुजुंबुरा में आफ्री टेक्सटाइल्स नामक एक कपड़े की प्रतिष्ठित कंपनी में कार्यरत थे.

उक्त कंपनी में दो साल के करार में वे गए हुए थे. उनके पारिवारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार देर रात को अचानक उनकी तबियत बिगड़ी और ब्रेन हेमरेज से उनकी मौत की सूचना उनके सहकर्मियों ने दी है. सूचना मिलते ही पूरे कसमार में मातम पसर गया है. मृतक की पत्नी व बच्चे मुंबई में रहते हैं एवं माता पिता समेत घर के अन्य सदस्य कसमार में रहते हैं. राजकिशोर के आकस्मिक निधन की सूचना के बाद माता पिता समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है. मृतक के पिता निरंजन प्रजापति ने बताया कि उनके बेटे के शव को भारत लाने की तैयारी एवं कानूनी कार्रवाई संबंधित कंपनी कर रही है. इसके लिए सभी तरह की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है. मंगलवार तक मृतक का शव कसमार पहुंचने की उम्मीद है.

इधर, घटना की सूचना के बाद बुधवार को गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो व स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज समेत अन्य कई लोग गर्री स्थित मृतक के घर पहुंचे एवं मृतक के पिता निरंजन प्रजापति से घटना की जानकारी लेकर शोक संवेदना व्यक्त की. विधायक डॉ लंबोदर महतो ने मृतक के आश्रित को सरकारी प्रावधान के अनुरूप मुआवजा दिलाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात की है. इस दौरान बताया गया कि आश्रित को पांच लाख रुपये तक मुआवजा मिलेगा.

# मेदिनीनगर में जलसंकट, बर्तन लेकर पानी के लिए सड़क पर उतर पड़े लोग



संवाददाता। पलामू

जिला मुख्यालय स्थित मेदिनीनगर नगर निगम के वार्ड 27 अंतर्गत आने वाले इलाके पहाड़ी मुहल्ला, गम्हेल रोड, गौसिया मुहल्ला में लोग पेयजल के लिए काफी परेशान हैं. यहां के लोग काफी दूर हॉस्पिटल चौक से पानी लाने पर मजबूर हैं. बुधवार को इस इलाके के परेशान लोग पानी के बर्तन लिए सड़क पर नजर आए. सारे लोग पेयजल की मांग कर रहे थे. इनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी. महिलाओं ने कहा कि पानी के लिए उन्हें तरसना पड़ रहा है. मोहल्ले से काफी दूर अस्पताल चौक से सारे लोग पानी लाकर किसी तरह अपनी प्यास बुझा रहे हैं. मोहल्ले में सप्लाई पानी नहीं आ पाता. कुंड मुहल्ला में शिव मंदिर के पास से जलापूर्ति का पानी उपरोक्त मुहल्लों के लिए बंद कर दिया गया है. यह स्थिति पिछले छह सात महीने से बनी हुई है. नगर आयुक्त मो. जावेद हुसैन को इस संबंध में लिखित जानकारी दी गयी थी, लेकिन एक माह बीतने के बाद भी जलापूर्ति का पानी मुहल्लों में भेजने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है. इलाके के लोगों ने पूर्व वार्ड पार्षद कमर यासमीन पर कई गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि वार्ड पार्षद ने चुनाव जीतने पर पेयजल समस्या दूर करने को प्राथमिकता बताया था, लेकिन जब चुनाव जीती तो पैसों के लिए आवास योजना पर फोकस रहा, पेयजल समस्या का निदान नहीं किया.

### वन विभाग का ग्रामीणों को नहीं मिल रहा सहयोग, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रस्ताव नहीं माना

# रोंगो और रायडीह के ग्रामीणों से सीखें जंगल बचाना

संवाददाता। किरीबुरु

पश्चिम सिंहभूम जिले में स्थित कोल्हान रिजर्व वन क्षेत्र अन्तर्गत रोंगो एवं रायडीह गांव के ग्रामीण पर्यावरण प्रेमी हैं. ग्रामीण जंगल को बचाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं. जंगलों को कैसे बचाया जाता है, यह सारंडा, कोल्हान एवं पोड़ाहाट के जंगलों में बसे गांवों के ग्रामीणों से सीखने की जरूरत है. रोंगों गांव निवासी पर्यावरण प्रेमी लूथर चेरवा ने शुभम संदेश अखबार से कहा कि रोंगो गांव में पांच टोली है. इसमें मुंडा टोली, ऊपर टोली, हिपी टोली, बुंडा टोली एवं दिरीउला टोली है. गांव के मुंडा के नेतृत्व में सभी टोली के लोगों को ग्रामसभा के माध्यम से जंगल को बचाने हेतु वन अधिकार समिति व अलग-अलग कमिटी बनाकर जिम्मेदारी दी गई है. गांव के सीमा क्षेत्र के जंगलों में प्रतिवर्ष साफ-सफाई करायी जाती है. अपने गांव के सीमा क्षेत्र में लकड़ी काटने के उद्देश्य से आने वाले दूसरे गांव व क्षेत्र के लोगों को घुसने नहीं देते हैं. अगर कोई घुस गया तो उसे ग्रामीण समझाकर वापस भेज देते हैं. समय-समय पर जंगलों की निगरानी ग्रामीण करते हैं.



कोल्हान जंगल की तस्वीर।

**खास बातें**

- सभी ग्रामीणों को दी गई है अलग-अलग जिम्मेदारी
- लकड़ी काटने आनेवालों को समझा कर लौटाया जाता है

### जंगल में आग लगी तो खुद बुझाते हैं ग्रामीण

ऐसे तो जंगल में आग लगाने की इजाजत किसी को नहीं है, लेकिन गलती से आग लग गयी तो उसे ग्रामीण तत्काल बुझा देते हैं. उन्होंने वन विभाग को पूर्व में प्रस्ताव दिया था कि जंगलों को बचाने में लगे ग्रामीण युवाओं को मनरेगा के तहत कुछ रोजगार उपलब्ध करायें. लेकिन वन विभाग ने यह प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया. इसके बावजूद जंगलों को बचाने का प्रयास कर रहे है.

### जंगल पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराता है : चेरवा

लूथर चेरवा ने कहा कि लोग जंगल के महत्व को नहीं समझ रहे हैं. यह जंगल हमारी सभी जरुरतों को न सिर्फ पूरा करती है, बल्कि हर मौसम में हमें आर्थिक उन्नति व पौष्टिक आहार उपलब्ध कराती है. जंगल रहा तो हम ग्रामीण कभी भूखे मर नहीं सकते हैं. जंगल हमें शीतलता, वर्षा, शुद्ध हवा व वातावरण देती है.

### रोंगे में माओवादी कमांडर जॉन्सन की हो गई थी हत्या

कोल्हान वन प्रमंडल का रोंगो गांव तब अचानक सुर्खियों में आया था, जब चाईबासा जेल ब्रेक कर भाकपा माओवादी के प्लाटून कमांडर जॉनसन के नेतृत्व में कई नक्सली भाग गये थे. जेल से भागने के कुछ दिन बाद जॉनसन की हत्या तीर मारकर रोंगो गांव में कर दी गई थी.

### सख्ती प्रदेश में हर दिन सात लोगों की गिरफ्तारी और 11 वाहन भी जब्त किए जा रहे

# अवैध खनन के खिलाफ झारखंड में हर दिन आठ केस दर्ज

शुभम संदेश एक्सक्लूसिव

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड में कोयला, बालू, पत्थर और आयरन ओर के अवैध खनन के खिलाफ हर दिन आठ मामले दर्ज हो रहे हैं. इसके अलावा सात लोगों की गिरफ्तारी और 11 वाहन भी जब्त किए जा रहे हैं. झारखंड में पिछले 860 दिनों के दौरान (जनवरी 2022 से 31 मई 2024 तक) यह कार्रवाई हुई है. कोयला, पत्थर और आयरन ओर की तुलना में बालू के अवैध खनन के खिलाफ ज्यादा मामला दर्ज किया हुआ है. वहीं गिरफ्तारी की बात की जाए तो अवैध कोयला खनन मामले में सबसे अधिक अरेस्टिंग हुई है.



**अवैध कोयला खनन के मामले में 2708 गिरफ्तार :** साल 2022 से लेकर 31 मई 2024 तक झारखंड के विभिन्न जिलों में अवैध कोयला खनन के खिलाफ 2356 मामले दर्ज किए गए हैं. इसके अलावा 2708 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और 3862 वाहन को जब्त किया गया है.

**अवैध बालू खनन मामले में 2452 मामले दर्ज :** साल 2022से लेकर 31 मई 2024 तक झारखंड के विभिन्न जिलों में अवैध बालू खनन के खिलाफ 2452 मामले दर्ज हुए हैं. इसके अलावा 2551 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और 4283 वाहन को जब्त किया गया.

**खास बातें**

- कोयला, बालू, पत्थर आदि का बड़े पैमाने पर हो रहा खनन
- अवैध कोयला खनन मामले में सबसे अधिक गिरफ्तारी

**अवैध पत्थर खनन मामले में 1321 वाहन जब्त :** साल 2022 से लेकर 31 मई 2024 तक झारखंड के विभिन्न जिलों में अवैध पत्थर खनन खिलाफ मामले 858 मामले दर्ज हुए हैं. इसके अलावा 1242 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और 1321 वाहन को जब्त किया गया.

**आयरन ओर के अवैध खनन को लेकर सबसे कम मामला दर्ज :** झारखंड में आयरन ओर के अवैध खनन को लेकर सबसे कम 123 मामले दर्ज हुए है. इसके अलावा 137 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है और 111 वाहन जब्त किए गए है.

### एनटीपीसी की राख ढुलाई का विरोध, लोगों के जीवन से खिलवाड़ का आरोप

# महिलाओं ने विधायक का आवास घेरा

संवाददाता। चतरा

एनटीपीसी के राख ढुलाई के खिलाफ टंडवा के ग्रामीण कई दिनों से आंदोलरत हैं. राहम गांव में महिलाओं ने बुधवार को सड़क पर उतरकर राख की ढुलाई को बंद करा दिया. महिलाओं ने टंडवा स्थित सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के आवास का घेराव किया और धरने पर बैठ गईं. महिलाओं ने राख ढुलाई को रोकने, ढुलाई में लगे सौरभ सागर, मोदी, नोकर्स, पीएम इंफ्रा, ट्यूटोरियल नामक कंपनियों पर कार्रवाई की मांग की. उन्होंने कहा कि एनटीपीसी प्रबंधन आम लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है. जब से टंडवा में बड़ी परियोजनाओं का संचालन हो रहा है तब से यहां की बड़ी आबादी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही है. रूबी देवी का कहना था कि एनटीपीसी के छाई से लोगों के जनजीवन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है. इसके बाद विधायक ने चतरा डीसी रमेश घोलप और एसडीओ सन्नी राज को मोबाइल पर सूचना देकर वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया. इसके बाद एसडीओ ने ट्रांसपोर्टर्स को राख की ढुलाई दिन में नहीं करने, नियमित पानी छिड़काव, ट्रक हाइवा में तिरपाल लगाने का सख्त निर्देश दिया. इसके बाद महिलाओं ने राहत की सांस ली.



चतरा में राख ढुलाई के विरोध में विधायक आवास पर धरने पर बैठीं महिलाएं.

## आरएसएस की चेतावनी

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सत्ता के अहंकार, मणिपुर में 13 महीनों से जारी हिंसा और चुनाव में बिगड़े बोल पर जो विचार व्यकत किए हैं, उसके अनेक सियासी मायने हैं. मोहन भागवत का संदेश साफ तौर पर भाजपा के वर्तमान शीर्ष नेतृत्व और प्रधानमंत्री को एक चेतावनी है. जाहिर है कि चुनाव परिणामों में अंतरनिहित जनता के निषेध वाले संदेश को संघ ने भाजपा से अलग तरह से समझा है. यानी संघ केंद्र में भाजपा की सत्ता तो चाहता है, लेकिन भाजपा नेताओं ने जिस तरह चुनाव के दौरान और पिछले दस सालों में अहंकार का प्रदर्शन किया है, उसमें सुधार चाहता है. यानी जनादेश में जिस तरह भाजपा को बहुमत न दे कर जनता ने अपनी नाराजगी प्रकट की है, संघ उसे गंभीरता से ले रहा है. मणिपुर की दोनों लोकसभा सीटों पर पराजय के बाद संघ प्रमुख ने तेरह महीनों बाद वहां जारी हिंसा पर चिंता प्रकट की है. प्रधानमंत्री तो इन तेरह महीनों में केवल एक बार संसद में मणिपुर का नाम लिया. वह भी रस्मी अंदाज में. इन तेरह महीनों में प्रधानमंत्री ने देश भर में 250 से ज्यादा जनसभाओं को संबंधेधित किया, लेकिन हिंसाग्रस्त मणिपुर एक बार भी नहीं गए और न ही हिंसा को रोकने की दिशा में वहां की सरकार या मुख्यमंत्री पर नकेल कसते नजर आए. संघ प्रमुख ने इसके साथ यह भी कहा है कि प्रतिपक्ष का भी सम्मान होना चाहिए, वे विरोधी नहीं हैं. संघ प्रमुख के बयान को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयान से भी जोड़कर देखा जा रहा है. गौरतलब है कि नड्डा ने कुछ दिन पहले कहा था कि भाजपा अब अपने पैरों पर खड़ी है. तो क्या संघ प्रमुख ने भाजपा को अपनी शक्ति का अहसास दिलाया है. चाहे इसके सियासी मायने जो भी हों, लोकतंत्र सहयोग, सहभाग, सहकार और असमहमति को सम्मान दे कर ही परिपक्व होता है. संघ प्रमुख की बातों से यह तो समझा ही जा सकता है कि संघ की परिकल्पना में भारत और लोकतंत्र के जो मायने हैं, उसे प्रकट किया गया है. दरअसल भारत की राजनीति पिछले दस सालों में टकराव और विपक्ष को खत्म कर देने की जिस प्रवृत्ति का शिकार रही है, वर्तमान चुनाव के जनादेश ने उसे नकार दिया है. नागपुर में आरएसएस प्रशिक्षुओं की एक सभा को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने इस जनादेश को समझते हुए कहा कि 10 साल पहले मणिपुर में शांति थी. ऐसा लगा था कि वहां बंदूक संस्कृति खत्म हो गई है, लेकिन राज्य में अचानक हिंसा बढ़ गई है. आरएसएस प्रमुख ने कहा, मणिपुर की स्थिति पर प्राथमिकता के साथ विचार करना होगा. चुनावी बयानबाजी से ऊपर उठकर राष्ट्र के सामने मौजूद समस्याओं पर ध्यान देने की जरूरत है. मोहन भागवत ने कहा कि अभी चुनाव संपन्न हुए, उसके परिणाम भी आए. सरकार भी बन गई, यह सब हो गया, लेकिन उसकी चर्चा अभी तक चल रही है. आरएसएस लोकमत परिष्कार का अपना कर्तव्य करता रहेगा. संघ प्रमुख ने स्पष्ट कर दिया है कि राजनैतिक शैली में प्रधानमंत्री, कैबिनेट और भाजपा को सुधार करने की जरूरत है.

> मणिपुर की दोनों लोकसभा सीटों पर पराजय के बाद संघ प्रमुख ने तेरह महीनों बाद वहां जारी हिंसा पर चिंता प्रकट की है. प्रधानमंत्री तो इन तेरह महीनों में केवल एक बार संसद में मणिपुर का नाम लिया. वह भी रस्मी अंदाज में.

### सुभाषित

**नास्ति विद्यासमं चक्षुः नास्ति सत्यसमं तपः।**
**नास्ति रागसमं दुःखं नास्ति त्यागसमं सुखम् ॥**

विद्या के समान कोई चक्षु (आंख) नहीं है, सत्य के समान कोई तप नहीं है, राग (वासना, कामना) के समान कोई दुःख नहीं है और त्याग के समान कोई सुख नहीं है.

# दुनिया भर में ताकतवर बना वोटर

**विश्लेषकों का कहना है कि एएनसी को गठबंधन सरकार के लिए सहयोगी दलों की कई मांगों को स्वीकार करना होगा, जो उनके लिए अतीत में असहज था. एएनसी ने गुजिश्ता शनिवार को अपने राष्ट्रीय नेताओं के साथ एक बैठक की, जिसमें गठबंधन में बदलाव और राष्ट्रीय एकता सरकार बनाने की संभावना पर चर्चा की. ऐसी व्यवस्था पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला के युग की याद दिलाती है, जिन्होंने 1994 से 1997 तक राष्ट्रीय एकता सरकार का नेतृत्व किया था.**



• देश-काल




पुष्परंजन

दुनिया की आधी आबादी, जिसमें लगभग चार अरब लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाले 60 से अधिक देश हैं, 2024 में राष्ट्रपति, संसदीय और स्थानीय चुनावों में हिस्सा ले रहे हैं. भारत के बाद, 27 देशों का ब्लॉक यूरोपीय संघ में मतदान आरंभ हो चुका है. पहले यूरोप की चुनावी प्रकिया को हमारे यहां का मतदाता देखता था, इसबार भारत यूरोपीय वोटरों के लिए उदाहरण बना हुआ है. मेक्सिको से भारत तक, रूस से दक्षिण अफ्रीका तक, वेनेज़ुएला से सूडान तक, आधे से अधिक देश चुनाव करा चुके. दुनिया के 10 सबसे अधिक आबादी वाले देशों में से सात बांग्लादेश, भारत, इंडोनेशिया, मैक्सिको, पाकिस्तान और रूस में चुनाव हो चुके. बड़ी आबादी वाले ब्राज़ील में पांच हज़ार 568 पालिकाओं के लिए 27 अक्टूबर 2024 को मतदान होंगे, जो दो साल बाद आम चुनाव में मतदाताओं की दिशा निर्धारित करेंगे. उधर अमेरिका 5 नवंबर 2024 को राष्ट्रपति चुनाव कराने के लिए तैयार है. भारत के बहु-दिवसीय संसदीय चुनाव को दुनिया में सबसे बड़े मतदान प्रकिया के रूप में देखा गया. उसके बरक्स इंडोनेशिया में 14 फरवरी 2024 को एक दिन में ही आठ लाख़ पोलिंग स्टेशन में 20 करोड़ लोगों ने मतदान कर दिया. इंडोनेशियाई संविधान के मुताबिक़, जोको विडोडो तीसरी बार राष्ट्रपति पद के लिए लड़ नहीं सकते थे, चुनांचे जनरल प्रावोओ सुविआंतो निर्वाचित हुए. इंडोनेशिया में सेना वाली पृष्ठभूमि के ये तीसरे राष्ट्रपति हैं. मात्र 21 लाख की आबादी वाला बाल्कन का छोटा सा मुल्क नार्थ मेसेडोनिया में भी 8 मई 2024 को संसदीय चुनाव हुए. यूरोपीय संघ में एकीकरण की धीमी गति, और भ्रष्टाचार मुख्य मुद्दे थे. भारत की तरह मतदाताओं ने उत्तरी मेसेडोनिया में बहुमत वाली सरकार का जनादेश नहीं दिया है. राष्ट्रवादी वीएमआरओ-डीपीएमएनई पार्टी के नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी विपक्षी गठबंधन ने 58 सीटें हासिल कर चुनाव तो जीत लिया, लेकिन यह पूर्ण बहुमत से तीन कम थे. इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट के अनुसार, ₹2024 में कुछ ऐसे चुनाव भी शामिल होंगे, जो आइसलैंड के राष्ट्रपति चुनाव की तरह स्वतंत्र और निष्पक्ष होंगे और कुछ देश लोकतांत्रिक रूप से होने वाले चुनाव नकार भी सकते हैं.₹ लगभग ऐसा ही हुआ. दो उदाहरण दरपेश है. रूस में 15 से 17 मार्च 2024 तक राष्ट्रपति चुनाव हुए. यह देश में आठवां राष्ट्रपति चुनाव था. व्लादिमीर पुतिन ने 88 प्रतिशत वोट के साथ जीत हासिल की, जो सोवियत रूस के बाद के राष्ट्रपति चुनाव में सबसे अधिक प्रतिशत था. इसे तानाशाही के तौर पर निरूपित किया जा रहा है. 1 जून 2024 को नार्डिक देश आइसलैंड में बिज़नेसवुमन, हाला थॉमसदोतिर 34.6 प्रतिशत मतों से निर्वाचित हुई हैं. हाला मुल्क की दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं. इनसे पहले 1980 में विगदिस फिन्नवोगादोरिस पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गई थीं.

मतदाता इतने ताक़तवर हो सकते हैं, यह तुर्किये के नेता रिजेब तैयप एर्दोआन, विश्वगुरू से बहुचर्चित नरेंद्र मोदी, दक्षिण अफ्रीका के अजेय रहे राष्ट्रपति माटामेला सिरिज राम्फोसा ने भी नहीं सोचा था. दक्षिण अफ्रीका के सबसे अमीर लोगों में से एक माने जाने वाले रामफोसा ने इसकी कल्पना नहीं की थी कि उनकी लीडरशिप में एएनसी अल्पमत में आ जाएगी. पिछले हफ्ते चुनाव में शर्मनाक हार के बाद, दक्षिण अफ्रीका की सत्तारूढ़ अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) इसी नतीज़े पर पहुंची कि राजनीतिक विरोधियों के साथ गठबंधन सरकार ही एकमात्र विकल्प है. इस बारे में बंद कमरे में बातचीत शुरू कर दी है. रविवार को, चुनाव आयोग (आईईसी) ने घोषणा की, कि दक्षिण अफ्रीका में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष थे, लेकिन किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला. पार्टियों के पास राष्ट्रपति चुनने के लिए दो सप्ताह की समय सीमा है. विश्लेषकों का कहना है कि एएनसी को गठबंधन सरकार के लिए सहयोगी दलों की कई मांगों को स्वीकार करना होगा, जो उनके लिए अतीत में असहज था. एएनसी ने गुजिश्ता शनिवार को अपने राष्ट्रीय नेताओं के साथ एक बैठक की, जिसमें गठबंधन में बदलाव और राष्ट्रीय एकता सरकार बनाने की संभावना पर चर्चा की. ऐसी व्यवस्था पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला के युग की याद दिलाती है, जिन्होंने 1994 से 1997 तक राष्ट्रीय एकता सरकार का नेतृत्व किया था. उस कालखंड में नेल्सन मंडेला राष्ट्रपति थे और अंतिम रंगभेदी प्रधान मंत्री एफडब्ल्यू डी क्लार्क उनके उप-राष्ट्रपति बने. इंकथा फ्रीडम पार्टी (आईएफपी) के नेता कैबिनेट का हिस्सा थे. 27 साल बाद कुछ ऐसी ही परिस्थियां पैदा हो गईं, जिसके लिए यदि ठीक से देखा जाए, तो दक्षिण अफ्रीका के मतदाता ज़िम्मेदार हैं. मतदाताओं की ताक़त को और समझना हो, तो मैक्सिको का आम चुनाव भी एक उदाहरण है. मैक्सिको में राष्ट्रपति केवल एक टर्म के लिए चुना जाता है, लेकिन किसी ने तसव्वुर नहीं की थी कि एक महिला, वो भी यहूदी मूल की इस देश में इतिहास रचने जा रही है. 2 जून 2024 के आम चुनाव में मैक्सिको के मतदाताओं ने क्लाउडिया शीनबाम को रिकार्ड वोट दिये. 2018 के चुनाव में क्लाउडिया के मेंटर आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर को 30.1 मिलियन वोट मिले थे, उस रिकार्ड को भी उन्होंने पीछे छोड़ दिया था. मेक्सिको के इतिहास में यह पहला आम चुनाव था जिसमें राष्ट्रपति पद के लिए दो महिलाएँ मुख्य दावेदार थीं. दक्षिणपंथी सहयोग के बावजूद जोचिटल गैलवेज़, वामपंथी पार्टी 'मुरैना' की सदस्य क्लाउडिया शीनबाम के आगे टिक नहीं पाईं. ब्रिटेन में भी मतदाताओं का खौफ 14 साल से सत्ता पर काबिज़ कंजर्वेटिव पार्टी के नेताओं पर भी तारी होने लगा है. 650 सीटों वाली ब्रिटिश संसद के लिए 4 जुलाई 2024 को मतदान है. अब महीना से भी कम समय रह गया है. जिस तरह भारत में चुनाव परिणाम आये हैं, उसका असर कमोवेश एशियाई मूल के ब्रिटिश मतदाताओं पर पड़ता दीख रहा है. यों, ऋषि सुनक से लोग यही उम्मीद कर रहे थे कि उनके रहते वर्ष के अंत में चुनाव होगा. लेकिन जिस तरह से सत्तारूढ़ सांसदों की भगदड़ मची, वह अदभुत है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## सदाचार का आधार

हमारे में सभी सद्गुण भय से ही स्थायित्व पाते हैं. भय प्रत्येक जीव की प्राकृतिक संज्ञा है. 'ईश्वर-आस्तिक' को ईश्वर के नाराज़ होनें का भय होता है तो 'कर्म-फल-आस्तिक' को बुरे प्रतिफल मिलने का भय रहता है. 'नास्तिक' को बुरा व्यक्तित्व कहलाने का भय रहता है. भय के कारण ही सभी सदाचारी रहना उचित मानते है और कदाचारों से दूर रहने का प्रयास करते हैa. आस्तिको को विशेष रूप से ईश्वर और कर्म-फल के प्रति श्रद्धा व सबूरी का आधार रहता है. अगर आस्तिक को सदाचार के एवज मे प्रशंसा और प्रतिफल त्वरित न भी मिले तो वह सब्र कर लेता है, और निर्णायक दिन या अगले जन्म तक का भी इन्तजार कर लेता है और आस्था के कारण अपने विश्वास से विचलित नहीं होता. वहां भौतिकवादी नास्तिक, सदाचार के प्रतिफल में विपरित परिणामों का अनुमान मात्र लगाकर विचलित जाता है. अनुकूल परिणाम न आते देखकर निराश हो जाता है. क्योंकि धैर्य का उसके पास कोई औचित्य ही नहीं होता. वह शीघ्र ही सदाचार से पल्ला झाड़ लेता है. वह जरा सी प्रतिकूलता देखते ही अपने अनास्थक मानसिकता पर और भी मजबूत हो जाता है. इस प्रकार सदाचार पर टिके रहने के लिए न तो उसके पास पर्याप्त मनोबल होता है और न ही प्रतिफल का पूर्ण विश्वास. पर्याप्त आधार के बिना भला वह क्यों सब्र करेगा? 'अच्छे का नतीजा अच्छा', या 'भले का परिणाम भला' वाला नीतिबल तो कब का नष्ट हो चुका होता है. नैतिकता पर 'चलने' का आधार समाप्त ही हो जाता है. विश्वास स्वरूप 'पैर' ही न हो तो कदम क्या खाक उठा पाएगा? इसी आशय से मैंने कहा था, "नास्तिकी-सदाचार के तो पैर ही नहीं होते" उसके पास दृढ़ता से खडे रहने का नैतिक बल ही नहीं होता. किस भरोसे खडा रहेगा? भला वह क्यों मोल लेगा भावी के भरोसे, निश्चित कष्ट, प्रतीक्षा और अनावश्यक तनाव? तत्क्षण प्रतिशोध ही उनके लिए न्यायमार्ग होता है. और प्रतिशोध किसी भी दृष्टि से सदाचार नहीं है. सदाचरण सदैव, घोर परिश्रम, सहनशीलता और धैर्य की मांग करते हैं. अधिकांश बार उपकार का बदला अपकार से भी मिलता है. कईं बार सदाचारियों की गणना कायरों में गिनी जाती है. सामान्यतया तो उसे डरपोक ही मान लिया जाता है. सदाचारी के शत्रुओं की भी संख्या बढ जाती है. उसे पाखण्डी ही समझा जाता है. कभी कभी तो उसे शान्ति के बदले मिलती कीर्ति का भी हनन कर दिया जाता है. इतना सब होने के बाद, अनास्थावान् का सदाचारों पर टिके रहना तलवार की धार पर चलने के समान होता है.

# नीतियों में आम आदमी के सरोकार जरूरी

• सियासत

जगदीश रत्तनानी

अब यह स्पष्ट है कि भारत के लोगों एक खास तरह की राजनीति के प्रति नाराजगी जाहिर की है . नई लोकसभा में भाजपा बहुमत से काफी पीछे है. भले ही भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए केंद्र में सरकार बना ले, लेकिन इस समय जिस नैरेटिव को आगे बढ़ाया जा रहा है, उससे इस बात की संभावना बढ़ जाती है कि गठबंधन की राजनीति के पेंचों के सामने मजबूत दिखने वाली भाजपा झुकने के लिए मजबूर हो जाएगी. भाजपा को अपने नए साझीदारों, विशेष रूप से चंद्रबाबू नायडू (तेलुगु देशम पार्टी) और नीतीश कुमार (जनता दल-यूनाइटेड) की बात सुनने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा, जिन्होंने नई ताकत हासिल कर ली है. खबरों के मुताबिक ये दोनों पहले से ही प्रमुख विभागों की मांग कर रहे हैं. यह अपने आप में भाजपा पर ब्रेक लगाता है, जो अंहकारवश धर्म की अपनी खुद की धुन बजाती है, जिसे कई भारतीय नापसंद करने लगे हैं. इन परिस्थितियों में हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में मोदी के नेतृत्व वाली कमान और नियंत्रण के प्रति आसक्त भाजपा के दिन शायद ढल गए हैं. अब यह एक रास्ते, एक चुनाव, एक व्यक्ति, एक सत्य की पार्टी नहीं हो सकती. भारत के लोगों, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के मतदाताओं ने यह सुनिश्चित किया है कि भाजपा इंद्रधनुष में शामिल सभी रंगों के बारे में कुछ महत्वपूर्ण सबक सीखे, जिनके संयोग से सफेद रंग का सृजन होता है. कम से कम 2024 के चुनाव कई अन्य ट्विस्ट और टर्न की संभावनाओं के साथ खबरों में हैं, जिनमें भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनने के बावजूद मोदी की शीर्ष पर बने रहने की संभावना जैसे महत्वपूर्ण प्रश्न शामिल हैं. अब तक किसी भी चुनौती को उठाने या अपने नेतृत्व के किसी भी सवाल को पूछने के लिए अभ्यस्त न होने की वजह से खोखली हुई पार्टी चुनाव परिणामों से मिले झटकों से उबरने में कुछ समय लेगी. संभवतः वह पार्टी नेतृत्व के खिलाफ आंतरिक विद्रोह करने के संकेतों के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर देखेगी. यह एक ऐसी घटना हो सकती है, जिसकी कुछ समय पहले तक कोई संभावना नहीं दिखती थी. भाजपा के स्वघोषित लक्ष्यों से पतन का एक बड़ा हिस्सा सीधे तौर पर 'डेढ़ नेतृत्व' के अहंकार से जुड़ा हुआ है. महाराष्ट्र इसका एक उदाहरण है. मोदी ने शरद पवार को 'भटकती आत्मा' कहा, क्योंकि पवार के परिवार में दरार पड़ गई थी. उन्होंने बाल ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे को 'नकली वारिस' या फर्जी कहा, जिसके कारण भाजपा द्वारा पैदा किए गए राजनीतिक विभाजन में जहर के नए स्तर को भर दिया. फिर भी यदि मोदी-शाह की जोड़ी ने महाराष्ट्र में पिछले विधानसभा चुनावों के बाद ठाकरे को एक और कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री बने रहने दिया होता तो इस सबकी कोई जरूरत नहीं पड़ती. पद देने से इनकार करके उन्होंने ठाकरे को कांग्रेस-एनसीपी से दोस्ती करने के लिए मजबूर किया और जब ठाकरे ने राज्य में सरकार बनाई तो भाजपा ने शिवसेना नेताओं के पीछे अपनी जांच एजेंसियों को लगा दिया. भाजपा ने अंततः सरकार बनाने के लिए शिवसेना को विभाजित कर दिया. एक वरिष्ठ राजनीतिक साथी से अपेक्षित है कि वह शालीनता और परस्पर सम्मान के साथ पेश आए लेकिन भाजपा ने अल्पकालिक लाभ, दीर्घकालिक विस्तार तथा जमीनी स्तर के राजनीतिक कार्य की कीमत पर यह हासिल किया. इसी दृष्टिकोण के साथ अन्य भागीदारों के साथ भी भाजपा इसी तरह खेल रही है, जिसके कारण भाजपा नेतृत्व पर भरोसा नहीं किया जाता है. इसे गंदी चालें खेलने वाले खिलाड़ी के रूप में देखा जाता है और भागीदारों का उपयोग केवल उन्हें निगलने के लिए करता है. यह सर्वज्ञात है कि चंद्रबाबू नायडू वास्तव में भाजपा नेतृत्व, विशेष रूप से मोदी के प्रति अच्छी भावना नहीं रखते हैं. यह सच है कि इन चुनावों में भाजपा के साथ उनका गठबंधन था, लेकिन भाजपा के साथ अधिकांश गठबंधन राजनीतिक मजबूरियों में और मोदी की जांच एजेंसियों द्वारा उत्पीड़न के खतरे से बचने के लिए किए गये हैं. ओडिशा में राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के स्वास्थ्य को लेकर जबरन शुरू किया गया विवाद भी उतना ही नकारात्मक था और इसने कटुता ही पैदा की. भाजपा ने भले ही ओडिशा जीत लिया हो, लेकिन वे यहां जिन तरीकों के सफल होने की उम्मीद कर रहे हैं, वे वैसे ही तरीके हैं, जिनके कारण उसने कहीं और सत्ता खो दी है और पार्टी का नाम बर्बाद कर दिया है. इन तरीकों को संकीर्ण, शातिर और कडुवाहट से भरा हुआ माना जा रहा है.

> भाजपा के स्वघोषित लक्ष्यों से पतन का एक बड़ा हिस्सा सीधे तौर पर 'डेढ़ नेतृत्व' के अहंकार से जुड़ा हुआ है. महाराष्ट्र इसका एक उदाहरण है. मोदी ने शरद पवार को 'भटकती आत्मा' कहा, क्योंकि पवार के परिवार में दरार पड़ गई थी. उन्होंने बाल ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे को 'नकली वारिस' या फर्जी कहा, जिसके कारण भाजपा द्वारा पैदा किए गए राजनीतिक विभाजन में जहर के नए स्तर को भर दिया.

# क्या थमेगी बेरोजगारी की बढ़ती दर?

• सामयिकी

डॉ. ज्ञान पाठक

वा 2014 के बाद से जारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले दो कार्यकालों में अभूतपूर्व बेरोजगारी संकट उनके तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहने की संभावना है, जब तक कि वर्तमान रोजगारहीन विकास मॉडल में बदलाव नहीं किया जाता. लगभग एक अरब कामकाजी आयु वर्ग की आबादी में से, पिछले कुछ वर्षों से रोजगार में लगे लोगों की संख्या लगभग 40 करोड़ के आसपास रही है, जो चिंता का विषय है. इस भयावह जमीनी हकीकत के बावजूद, प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के अधिकारी दावा करते रहे कि बेरोजगारी दर में गिरावट आ रही है. यहां तक कि सरकार के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों से पता चला है कि 2022-23 के दौरान बेरोजगारी दर गिरकर 3.1प्रतिशत हो गयी है. हालांकि, गैर-सरकारी सीएमआईई के ताजा रियल टाइम आंकड़ों से पता चलता है कि बेरोजगारी 7-8प्रतिशत के आसपास मंडराती रही है. लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के दौरान, जब बेरोजगारी मतदाताओं के बीच एक प्रमुख मुद्दा बन गयी, तो केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने एक बयान दिया कि 2022-2023 में 30 मिलियन नौकरियां पैदा की गयीं और पिछले पांच वर्षों में 110 मिलियन से अधिक नौकरियां जोड़ी गयीं. इसका मतलब यह था कि मोदी सरकार ने देश के बेरोजगारी संकट को पहले ही हल कर दिया था, क्योंकि हर साल लगभग 20 मिलियन लोग ही भारतीय श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं. इसका यह भी मतलब था कि मोदी सरकार ने एक साल में 30 मिलियन नौकरियां पैदा करके ज़रूरत से ज़्यादा काम किया. मार्च में ही मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा था कि यह मान लेना गलत है कि सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक और आर्थिक समस्याओं को हल कर सकती है. उन्होंने यह बयान नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और मानव विकास संस्थान (आईएचडी) के संयुक्त प्रकाशन 'भारत रोजगार रिपोर्ट 2024: युवा रोजगार, शिक्षा और कौशल' के लॉन्च के दौरान दिया था. सीईए नागेश्वरन ने आश्चर्य जताया था कि सरकार 'खुद को और अधिक नियुक्त करने के अलावा रोजगार के मामले में क्या कर सकती है', उन्होंने कहा कि 'सामान्य दुनिया में, यह वाणिज्यिक क्षेत्र है, जिसे नियुक्तियां करने की जरूरत है. 'रोजगार सृजन पर मोदी सरकार का दृष्टिकोण काफी चौंकाने वाला था. यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि अभूतपूर्व बेरोजगारी संकट को हल करना मोदी सरकार की प्राथमिकता नहीं थी. पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने सीईए के इस बयान की आलोचना की थी कि 'सरकार बेरोजगारी की समस्या का समाधान नहीं कर सकती'. अगर यह भाजपा सरकार का आधिकारिक रुख है तो यह चौंकाने वाला है. भारत के पास राष्ट्रीय रोजगार नीति भी नहीं है, हालांकि श्रम और रोजगार के मुद्दों पर देश में शीर्ष त्रिपक्षीय निकाय भारत श्रम सम्मेलन (आईएलसी) ने 2013 में अपने 45वें सत्र में इसकी सिफारिश की थी. आईएलसी ने 2015 में आयोजित अपने 46वें सत्र में भी इसे दोहराया, उसके बाद मोदी सरकार ने कभी इसका अगला सत्र नहीं बुलाया. मोदी सरकार ने अभी तक देश के लिए राष्ट्रीय रोजगार नीति लाने की कोई योजना नहीं बनायी है.2017-18 तक भारत की बेरोजगारी दर 6.1 प्रतिशत हो गयी थी, जो 45 साल में सबसे अधिक थी. अब भारत रोजगार रिपोर्ट 2024 ने नौकरी के मोर्चे पर एक गंभीर तस्वीर पेश की है, खास तौर पर भारतीय युवाओं के लिए. इस प्रकाशन से देश को पता चलता है कि लाखों युवाओं को कभी नौकरी नहीं मिल पायी, उनमें से कई की मोदी शासन के पिछले 10 वर्षों के दौरान नौकरी की योग्यता की उम्र ही निकल गयी और जो किसी तरह नौकरी पाने में कामयाब रहे उनमें से 90 प्रतिशत अनौपचारिक रूप से कार्यरत हैं, जिनमें से 82 प्रतिशत अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत हैं. 2022 में 55.8 प्रतिशत लोगों के लिए स्वरोजगार ही रोजगार का प्राथमिक स्रोत बना रहा, जबकि आकस्मिक रोजगार में केवल 22.7प्रतिशत और नियमित रोजगार में केवल 21.5 प्रतिशत लोग ही थे. प्रभावी आर्थिक विकास के बावजूद, देश के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बेरोजगारी का संकट भयावह बना हुआ है, जो मोदी सरकार द्वारा 2014 से अपनाये जा रहे रोजगार रहित विकास मॉडल का प्रमाण है. लोकसभा के नतीजों ने पीएम मोदी को लोकसभा में बहुमत से वंचित कर दिया, जो उनके लिए और सरकार में एनडीए सहयोगियों के लिए भी एक सबक है. बेरोजगारी सरकार के लिए एक प्रमुख समस्या बनी रहने की संभावना है.

> भारत के पास राष्ट्रीय रोजगार नीति भी नहीं है, हालांकि श्रम और रोजगार के मुद्दों पर देश में शीर्ष त्रिपक्षीय निकाय भारत श्रम सम्मेलन (आईएलसी) ने 2013 में अपने 45वें सत्र में इसकी सिफारिश की थी. आईएलसी ने 2015 में आयोजित अपने 46वें सत्र में भी इसे दोहराया, उसके बाद मोदी सरकार ने कभी इसका अगला सत्र नहीं बुलाया.

### मीडिया में अन्यत्र

## आर्थिक प्रगति में तीव्र गति की संभावना



**नरेंद्र** मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल में प्रमुख मंत्रालयों का आवंटन पुरानी नीतियां जारी रहने का संकेत देता है. इससे वित्तीय बाजारों में भरोसा पैदा होना चाहिए, जो चुनाव नतीजों के बाद लड़खड़ाते नजर आए थे. बहरहाल, एक ओर जहां व्यापक निरंतरता से अल्पावधि में विश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी, वहीं बदलते हालात के साथ नीतियों में परिवर्तन भी आवश्यक है. इस संदर्भ में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से उम्मीद की जाएगी कि वे हालिया वर्षों की बुनियाद पर आगे बढ़ेंगी. उनका पिछला कार्यकाल हाल के समय में किसी भी वित्त मंत्री के लिहाज से सर्वाधिक कठिन कार्यकाल था. मोटे तौर पर ऐसा महामारी के कारण लगे झटकों की वजह से था. हालांकि भारत महामारी के कारण लगे झटके से मजबूती से उबरने में कामयाब रहा, लेकिन चल रहे प्रयासों की मदद से ही टिकाऊ वृद्धि हासिल की जा सकेगी और देश की राजकोषीय स्थिति को बेहतर बनाया जा सकेगा. वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 8.2 फीसदी की दर से बढ़ोतरी हुई और माना जा रहा है कि चालू वर्ष में यह दर सात फीसदी रहेगी. राजकोषीय मोर्चे पर सरकार 2025-26 तक सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 फीसदी के बराबर राजकोषीय घाटा लक्ष्य हासिल करने की दिशा में बढ़ती नजर आ रही है. अपेक्षा से अधिक राजस्व संग्रह और आर्थिक वृद्धि ने राजकोषीय घाटे को गत वित्त वर्ष के दौरान ही कम करके 5.6 फीसदी के स्तर पर ला दिया था. अंतरिम बजट में इसके लिए 5.8 फीसदी का संशोधित लक्ष्य रखा गया था. चालू वर्ष में भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से अपेक्षा से अधिक अधिशेष स्थानांतरण भी सरकारी वित्त की मदद करेगा. अब जबकि सीतारमण और उनकी टीम पूर्ण बजट तैयार करना शुरू करेंगे, जिसे जुलाई में पेश किए जाने की उम्मीद है तो बेहतर होगा कि वे रिजर्व बैंक के अतिरिक्त अधिशेष का इस्तेमाल राजकोषीय घाटा कम करने में करें और उसे मध्यम अवधि के लक्ष्य के करीब ले जाएं. नए राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए अतिरिक्त व्यय का दबाव बन सकता है.ऋण और जीडीपी के अनुपात को अधिक प्रबंधनयोग्य स्तर पर लाने के लिहाज से भी यह बहुत महत्त्वपूर्ण होगा. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पूर्वानुमानों के अनुसार भारत का आम सरकारी ऋण 2029 तक महामारी के पहले के स्तर से ऊपर बना रह सकता है. राजस्व समायोजन के संबंध में केंद्र सरकार को जीएसटी परिषद में तत्काल वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी की दरों और स्लैब को युक्तिसंगत बनाने का प्रयास करना चाहिए. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## गाली/गालू

जा रे हट नटखट, तू छोड़ मेरा घूंघट पलट के दूंगी मैं तुझको गाली रे, मुझे समझो न तू भोली-भाली रे. यह एक फिल्मी गीत का मुखड़ा है, जिसमें नायिका नायक को गाली देने की धमकी दे रही है, लेकिन नायक को उसकी गाली भी मीठी लगती है. गाली अप्रिय शब्द को ही कहते हैं, गाली संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका मतलब है रोष में आकर कही गयी अपमानजनक उक्ति, अपशब्द, अशिष्ट बात, दुर्वचन, कलंक या निंदा की बात. किसी के मुंह से अगर किसी को अपमानित करने के लिए निकलती है तो वह निश्चित रूप से कष्ट पहुंचाने वाली ही होती है. कुछ लोग तकिया कलाम की तरह अपशब्दों का प्रयोग करते रहते हैं तो कुछ लोग हंसते-हंसते अशिष्ट बात कहते रहते हैं. समाज में ऐसे लोगों को अभद्र और अशिष्ट ही समझा जाता है. कुछ परिस्थितियों में गाली प्रिय रूप धारण कर लेती है. शादी विवाह के अवसर पर महिलाओं द्वारा गालियां दी जाती हैं, लेकिन मजेदार बात यह होती है कि जिन्हें गालियां दी जाती हैं, वे हंसते-मुस्कराते नजर आते है. ऐसी गालियां लोकगीतों के माध्यम से सुरीली आवाज में दी जाती हैं. ये गीत आपस में हंसी मजाक का माध्यम होती हैं. इन्हें परिहास गीत भी कहा जाता है. यह अलग बात है कि विवाह-शादी में परिहास गीत गाने की परंपरा काफी हद तक क्षीण हो चुकी है. इससे बना शब्द-युग्म है गाली-गलौज. यह संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका अर्थ है विवाद में एक दूसरे को गाली देने की क्रिया. कुछ लोग इसे गाली-गलौच भी कहते या लिखते हैं, जो गलत है. गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है- हंसब ठठायब फुलायब गालू, एक साथ नहीं होहिं भुवालू. मतलब हंसना और गाल फुलाना दोनों काम एक साथ नहीं हो सकता, लेकिन गाल बजाने, बढचढ़ कर बातें करने या शेखी बघारने का काम आसानी से हो सकता है और जो ऐसा करता है, उसे गालू कहा जाता है.

# प्रतिभा-पलायन की समस्या पर अध्ययन दल

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश



अधिकारी अपने कार्यालय में आराम से कुर्सी पर अधलेटा था. सामने मेज पर फाइलें गट्ठर बनाकर रखी हुई थीं. अधिकारी की आंखें बंद थीं. पता नहीं किस गहन चिंतन में लीन था. अकस्मात फोन की घंटी बजी. अधिकारी ने उधर से आने वाला स्वर सुना. बॉस का टेलीफोन था. "सुनो दिगंबर! तुमको प्रतिभा पलायन के कारणों का पता लगाने के लिए बनाए गए अध्ययन दल का सदस्य हमने बनवा दिया है." सेकंड भर में अधिकारी इस लॉटरी का महत्व समझ गया. उसने दिल से तो हजारों दुआएं अपने बॉस को दीं, शब्दों में केवल इतना ही कह पाया "आपका यह एहसान मैं जिंदगी भर नहीं भूलूंगा." फोन पर बात समाप्त होते ही अधिकारी भविष्य की कार्य-योजना बनाने में तल्लीन हो गया. उसका दिमाग तेजी से दौड़ रहा था. अध्ययन दल में शामिल होने के मायने हैं, प्रतिभा पलायन की समस्या पर अध्ययन करके उनके कारणों का पता लगाना पड़ेगा. सबसे पहले तो अधिकारी ने प्रतिभा पलायन पर यह सोचना शुरू किया कि प्रतिभा भारत से पलायन होकर सबसे ज्यादा अमेरिका में जा रही है. उसके बाद ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, कनाडा, फ्रांस आदि दुनिया के सभी देश और सभी देशों के सभी शहर इसकी परिधि में आ जाते हैं. अधिकारी को विश्वास था कि इतना बड़ा काम तीन साल से कम की अवधि में अध्ययन करके पूरा नहीं हो सकता. इसमें इन सब देशों में जाना पड़ेगा. विभिन्न शहरों का भ्रमण करना होगा. वहां के दूतावासों में अधिकारियों से मिलना पड़ेगा. अधिकारियों से ज्यादा जो लोग पलायन करके भारत से समृद्ध देशों में गए हैं, उनसे भी बात करनी होगी. लेकिन फिर उसने सोचा कि हम लोगों से बातचीत करने की बजाय विदेशों की उन सुविधाओं का अध्ययन क्यों न करें, जिनके कारण भारत से प्रतिभाशाली लोग पलायन करके विदेश जाना चाहते हैं. सुना है विदेशों की नदियां, वहाँ के समुद्र और झीलें, वहां के जलप्रपात बहुत सुंदर होते हैं. संभव है प्रतिभा पलायन का मूल कारण इन स्थानों के सौंदर्य में छिपा हुआ हो. वहां के पहाड़ हो सकता है, भारत के प्रतिभाशाली लोगों को पलायन के लिए आकृष्ट करते हों. मगर यह सब तो उन स्थानों का गहराई से और बारीकी से अध्ययन करके ही पता लग सकता है. अधिकारी ने एक लिस्ट बनानी शुरू की ,जिन का अध्ययन करना उसकी दृष्टि में बहुत जरूरी है. उसे महसूस हुआ कि इस महान कार्य के लिए तीन वर्ष कम हैं. खैर, जब तीन साल बीत जाएंगे तब अध्ययन की अवधि एक-दो साल सरलता से बढ़ाई जा सकती है. तभी उसके दिमाग में एक प्रश्न कौंध गया और उसने बॉस को फोन मिलाया- "सर! यह पूछना तो भूल ही गया कि रिपोर्ट किस तरह तैयार की जाएगी? किसको दी जाएगी और उस रिपोर्ट के आधार पर क्या कार्यवाही होगी?" बॉस ने हंसते हुए उसे बताया "आज तक किसी अध्ययन दल की रिपोर्ट पर कोई कार्यवाही हुई है, जो अब होगी? तुम दुनिया की सैर करने की तैयारी शुरू कर दो. शायद तुम शुरू कर चुके होगे?"

# लाइफ लाइन

सेलेब्स डाइट सीक्रेट : अमिताभ बच्चन

## खजूर, सेब, केले से होती बिग बी की सुबह की शुरुआत

**अमिताभ बच्चन 81 प्लस की उम्र में हैं, लिवर सिरोसिस जैसी बड़ी बीमारी का सामना किया है, बावजूद इसके वे फिट हैं, सक्रिय हैं. आइए आज अमिताभ बच्चन की फिटनेस का राज जानते हैं-**



पिछले 50 वर्ष से अधिक समय से अमिताभ बच्चन हिंदी फिल्म का सरताज बने हुए हैं. 70 के दशक में पर्दे पर कमाल करने वाले अमिताभ के पास आज भी ऑफरों की कमी नहीं है. बड़े पर्दे, छोटे पर्दे के साथ साथ विज्ञापनों के अवसर भरे पड़े हैं तो उन्हें ब्रांड अंबेस्डर बनाने के लिए भी कंपनियां लाइन लगा कर खड़ी नजर आतीं. कौन बनेगा करोड़पति में उनका जलवा बरकरार है. सहज सवाल उठता है कि उम्र के इस पड़ाव पर जब सब कुछ थमता, छूटता सा नजर आता है, बिग बी आखिर कैसे इतना कुछ कर लेते हैं.

- **प्रतिदिन 20 मिनट का वॉक**

चाहे मौसम कोई भी हो और व्यस्तता कैसी भी हो, बिग बी की दिनचर्या से वर्कआउट नहीं दूर होता है. सुबह उठने के बाद वह सबसे पहले जिम जाते हैं. अपनी बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन को अच्छा रखने के लिए बिग बी रोज 20 मिनट वॉक करते हैं. इसके अलावा वो कार्डियो पर भी ध्यान देते हैं. वे योग, प्राणायाम पर भी कुछ समय नियमित देते हैं.

- **ब्रेकफास्ट में यह सब**

जिम से लौटने के बाद अमिताभ बच्चन खजूर, सेब और केले जैसे फ्रूट्स खाते हैं. ब्रेकफास्ट में वे दलिया, ओट्स, अंडा भुर्जी आदि विकल्पों के साथ कभी दूध, कभी प्रोटीन ड्रिंक तो कभी फलों का रस लेते हैं. सुबह में मुट्ठी भर बादाम भी जरूर खाते हैं. इसके बाद दवाएं, आंवले का जूस, तुलसी की पत्तियां और नारियल पानी पीते हैं. दोपहर को भूने नट्स आदि के साथ नारियल पानी पीना पसंद करते हैं. वे चाय कॉफी या सॉफ्ट ड्रिंक से दूर रहते हैं. सिगरेट, शराब व नॉनवेज से उनका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं.


- **लंच में दाल-रोटी**

दोपहर का खाना आमतौर पर सादा होता है जिसमें दाल, रोटी, सब्जियां, सलाद आदि होते हैं. रात के खाने जल्दी लेते हैं. इसमें आमतौर पर हल्का सूप, पनीर भुर्जी, ग्रिल्ड वेजिटेबल आदि होता है.

- **चाट व बंगाली मिठाई फेवरिट**

बिग बी की किस स्वाद के लिए मचल-बहक जाते हैं? एक इंटरव्यू ने उन्होंने कहा था कि उन्हें चाट से प्यार है. हर तरह का चाट उन्हें पसंद है. इसके अलावा बंगाली मिठाई को देख कर भी खाने को मचल जाते हैं.

## कई रोगों की एक दवा जामुन



इन दिनों बाजार में जामुन खूब मिल रहे हैं. जामुन कई शारीरिक समस्याओं में रामबाण इलाज है. पेट दर्द और पथरी जैसी बीमारियों से पीड़ित हैं तो जामुन के बीज का पाउडर बनाकर रात को सोने से पहले खाएं. बच्चा बिस्तर गीला करता है, तो आप इस पाउडर में पानी मिलाकर, एक चम्मच रोज पिलाएं. जामुन खाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है. मधुमेह के उपचार में जामुन का उपयोग सदियों से होता आया है. इसकी गुठली, छाल, रस और गूदा, पत्ते सभी मधुमेह में बेहद फायदेमंद हैं. पथरी की समस्या है तो जामुन के बीज को पीसकर पानी या दही के साथ लें. जामुन के बीज का पाउडर का प्रतिदिन सुबह पानी के साथ सेवन वजन भी घटा देगा. चेहरे के मुंहासे और दाग-धब्बों को हटाने के लिए रात को सोने से पहले अपने चेहरे पर इस पाउडर का लेप लगा लें. सुबह उठकर गुनगुने पानी से इसे धो लें. अनीमिया पीड़ित को जामुन खाने से राहत मिलेगी चाहिए. मसूड़ों में होने वाले दर्द से राहत के लिए जामुन की गुठलियों को धूप में सुखाने के बाद पीसकर अपने दांतों पर लगाएं.

# तेज लू है बरतिए सावधानी



डॉ दीपक चंद्रा प्रकाश
फिजीशियन व गहन रोग विशेषज्ञ, मेडिका, रांची

**झारखंड में इस बार भीषण गर्मी पड़ रही है. लू की चपेट में आने से लोग बीमार ही नहीं हो रहे, बल्कि जानें भी गंवा रहे हैं. अगर पीड़ित पर तुरंत ध्यान नहीं दिया जाए तो आर्गन फेल होने, कोमा या मौत का खतरा होता है. आइए लू के प्रकार, लक्षण, बचाव व उपचार की करें चर्चा-**

### क्या है लू

लू की स्थिति तब होती है जब मैदानी इलाकों में तापमान 40 डिग्री, तटीय क्षेत्रों में 37 डिग्री और पहाड़ी क्षेत्रों में 30 डिग्री तक पहुंच जाता है. लू दो तरह का होता है. एक्सर्शनल हीट स्ट्रोक अधिक गर्मी के कारण होता है जबकि नॉन एक्सर्शनल हीट स्ट्रोक का कारण उम्र या बीमारियां होती हैं. अपने शरीर के तापमान को ठीक से नियंत्रित नहीं कर पाने के कारण बुजुर्गों और बच्चों को लू का खतरा सबसे अधिक होता है.



### ये हैं लू लगने के लक्षण

लू लगने का सबसे प्रमुख लक्षण है शरीर का तापमान 40 डिग्री पार कर जाना. त्वचा लाल व सूखी हो जाती है. सिर में तेज दर्द हो सकता है. तेज और उखड़ी हुई सांसे, मसल्स में कमजोरी या ऐंठन और वोमेटिंग लू लगने के सामान्य लक्षण हैं. तेज धूप लगने पर शरीर में पानी की कमी महसूस होने लगती है. इस वजह से प्यास बहुत लगती है. उल्टी, चक्कर आना, बुखार व पसीना अधिक आना, इसके लक्षण हैं. कई लोग गर्मी की वजह से बेहोश हो जाते हैं, जिसे हीट सिंकोप कहा जाता है. ऐसे में ध्यान रखने की बात यह है कि पीड़ित को शरीर से पसीना आ रहा है या नहीं. कई बार लंबे समय तक धूप में रहने से शरीर से पसीना आना बिल्कुल बंद हो जाता है. यह स्थिति अच्छी नहीं कही जा सकती. दरअसल यह यह हीट स्ट्रोक का लक्षण है जिससे किडनी, लिवर जैसे महत्वपूर्ण अंग तक प्रभावित होने की आशंका होती है.

### इन्हें है अधिक खतरा

वैसे लोग जिन्हें शराब पीने की लत हो, जो पानी कम पीते हैं, जो हार्ट, किडनी की बीमारियां से पीड़ित हों आदि को लू लगने की आशंका अधिक होती है.

### लू से बचाव

दोपहर बारह से शाम चार बजे तक संभव हो तो बाहर सूरज की तपिश में नहीं निकलें. अगर जाना ही पड़े तो छाता का इस्तेमाल करें और सिर को ढंक कर बाहर निकलें. अच्छी कंपनी का धूप का चश्मा और सन स्क्रीन लगाएं. गर्मी के मौसम में भरपूर मात्रा में लिक्विड ड्रिंक का सेवन करें. खूब पानी पिएं. छाछ, लस्सी, फलों का रस, नारियल पानी, नींबू पानी आदि का सेवन करें. इन दिनों चाय-कॉफी के अधिक सेवन से बचें. कार्बोनेटेड कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन करने से बचें. भले तत्काल राहत का अहसास हो, लेकिन इससे शरीर में तरल की कमी हो जाती है. भोजन अधिक मसालेदार नहीं हो, बल्कि सादे भोजन का सेवन करें. कोशिश करें की मांसाहार का कम से कम सेवन करें.

### जब लू लग जाए



लू लगने से लक्षण दिखने पर पीड़ित को तत्काल मेडिकल सहायता उपलब्ध कराएं. दरअसल लू लगने पर शरीर को बहुत तेजी से ठंडा करने की जरूरत होती है. इसके लिए शरीर को बर्फ से स्पंज करने के साथ-साथ तापमान को नियंत्रित करने के लिए ड्रिप भी लगाना पड़ सकता है. कुछ घरेलू उपचार भी तत्काल राहत पहुंचा सकते हैं. जब तक मेडिकल सहायता उपलब्ध नहीं होती है, पीड़ित के शरीर के तापमान को कम करने की कोशिश करें. ठंडे पानी से शरीर को पोंछें. साफ, पतला सूती कपड़ा पहनाएं, भारी भरकम कपड़े शरीर परनहीं रहने दें. किसी ठंडी जगह पर या पंखे के नीचे या एसी कमरे में मरीज को लिटाएं. व्यक्ति की गर्दन, बगल और कमर के क्षेत्र में आइस पैक या कोल्ड कंप्रेस लगाएं. ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां बड़ी रक्त वाहिकाएं सतह के करीब होती हैं, और उन्हें ठंडा करने से शरीर के तापमान को कम करने में मदद मिल सकती है. यदि व्यक्ति होश में है तो उसे हाइड्रेट करें. कच्चे आम का पना, इमली से तैयार पेय, एलोवेरा का जूस, नारियल पानी, छाछ, पुदीना और धनिया का जूस या प्याज का रस पीने से राहत मिलती है. आम के पना, प्याज के रस और चंदन को बॉडी पर लेप की तरह लगाने से भी आराम हो सकता है.

## छोटी मोटी भूख को ऐसे करें बाय-बाय



डॉ मनीषा घई
सीनियर कंसल्टेंट डाइटीशियन

**ऑफिस में डेढ़ घंटे से अपनी सीट पर जमे हैं, लंच तो कर लिया है पर कुछ खाने की तलब हो रही. तुरंत चिप्स के पैकेट खोल लेते हैं और तलब मिट जाती है. शाम के समय टीवी देखते समय भी कई बार ऐसी ही तलब होती है और हम कुछ फ्राइड या पैकेट बंद फूड खा लेते हैं. कुछ ऐसी ही तलब बोरियत, दोस्तों के साथ मटरगस्ती, शॉपिंग या मूवी के समय भी होती है. समोसा, चाट, पकौड़े, गोलगप्पा, आइसक्रीम, चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक, बटर मसाला पॉपकॉर्न, चिप्स, केक, मफीन, पफ्स आदि इसी वक्त अधिक खाते. बेवक्त की इस भूख की वजह से हम अक्सर ऊटपटांग कुछ खा लेते हैं जो आमतौर पर हाई कैलोरी स्नैक्स होते हैं. हमारे मोटे होने की वजह भी आमतौर पर यही होता. दरकार इस बात की है कि हम स्मार्ट स्नैकर बने ताकि बेवक्त की भूख में भी हमारी डाइट हेल्दी हो.**

- **तो कम लगेगी बेवक्त की भूख**

बेशक हमारी थाली में प्रोटीन के साथ कार्बोहाइड्रेट की भी अहमियत है. पर यह भी सच है कि प्रोटीन से भरपूर खाना देर तक पेट में टिका रहता है. इसके बाद बेवक्त की भूख कम लगती है. साथ ही कार्बोहाइडेट में भी अच्छी क्वालिटी के चयन की दरकार है. कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट बेहतर विकल्प है. ब्राउन राइस ऐसा ही कार्बोहाइड्रेट है. इसी तरह सब्जियों से भी कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट की पूर्ति होती है.



- **गर ऑफिस में हैं**

ऑफिस में रहने पर कई बार हमारे सामने अधिक विकल्प नहीं होते. पर कुछ खास बातों का ध्यान रखकर ऑफिस में भी हम स्मार्ट स्नैकर बन सकते हैं. बैग में भुने चने, रोस्टेड मूंगफली, फल आदि खा कर छोटी मोटी भूख को बाय बाय कर सकते हैं. एक छोटे लंच बॉक्स में स्प्राउट्स, इडली, सलाद, सूखे मेवे आदि रख सकते. मल्टीग्रेन बिस्किट का एक छोटा पैकेट भी आपको स्मार्ट स्नैकर बना सकता. आमतौर पर ऑफिस के आसपास भुट्टे आदि के ठेले भी लगे होते हैं. बेशक यह भी हेल्दी स्नैक है.



- **रेस्ट्रां में भी हेल्दी ऑप्शन**

इन दिनों रेस्त्रां में भी आपको कुछ हेल्दी ऑप्शन मिल जाते हैं. जैसे लो फैट योगर्ट स्मूदी. इसी तरह होल ग्रेन सैंडविच विद हेल्दी वेजिटेबल. सूप में क्लियर चाइनीज सूप बेहतर विकल्प है. हां, अजीनोमॉटो नहीं डालने की हिदायत देना नहीं भूलें.

- **ये हो सकते हैं बेहतर विकल्प-**

ये तो बात हुई ऑफिस, रेस्त्रां आदि बेवक्त की भूख मिटाने के हेल्दी विकल्पों की. जब घर में छोटी मोटी भूख को बाय-बाय कहना हो तो आपके पास विकल्पों की ढेर होती है. हां, सच है कि अच्छी खासी जानकारी होने पर भी कई बार हम इनका ध्यान नहीं रख पाते. आइए एक बार फिर एक नजर इन पर डालें

- लो फैट चीज और ग्रीन वेजिटेबल से भरपूर ब्राउन ब्रेड सैंडविच के साथ एक कप चाय या कॉफी. घर की बची रोटी पर भी अपनी रचनात्कमता दिखा कर यह विकल्प तैयार कर सकते. बेशक यह अधिक हेल्दी होगा.
- हंग कर्ड और कद्दूकस खीरा-गाजर के साथ जरा सी काली मिर्च और नमक डाल कर भी सैंडविच तैयार कर सकते हैं.
- पोहा, इडली, उपमा तो सदियों से हमारी किचन के हेल्दी फूड हैं. घर में सहजता से मौजूद इंग्रेडिएंट से तैयार ये आयटम भूख तो मिटाते ही हैं, हमारे शरीर को स्वस्थ भी रखते हैं.
- हंग कर्ड में ताजे मौसमी फल काट कर मिलाएं. मिठास के लिए चाहें तो बस थोड़ा सा शहद डाल दें. हल्की फुल्की भूख को भगाने का बहुत स्वादिस्ट अंदाज है.
- एक गिलास लस्सी के साथ घर के बने स्टफ पराठे भी कई बार आत्मिक सुख दे जाते हैं.
- चटपटा खाने का मन है तो भी विकल्प देखिए. गोलगप्पे खाने हैं तो आटे वाले खाएं. इसमें मीठी चटनी और आलू नहीं डलवाएं. इसीतरह कटी इडली को कम तेल में भून कर उसमें भूना जीरा, कालानमक, हरी चटनी, चाटमसाला, कटे प्याज-खीरा डाल कर इंस्टेंड चाट बनाएं.

झारखंड के औषधीय वृक्ष

## कृमि, कफ, पित्त, खांसी आदि को नष्ट करता है बहेड़ा





झारखंड में वन के अव्यवहारिक दोहन के बाद भी बहेड़ा का वृक्ष देखने को मिल जाता है, यह झारखंड के लिए बहुत ही सौभाग्यशाली बात है. इसे हिंदी में बहेड़ा, बहेरा कहते हैं, संस्कृत में विभीतकी, कर्षफल, भूतवास, कलियुगालय इत्यादि भी कहते हैं. लैटिन में टर्मिनलिया बेलिरिका), अंग्रेजी में बेलेरिक माइरोबैलन्ज, बंगला में बहेड़ा या वयड़ा कहते हैं. बहेड़ा कफ, पित्त, खांसी को नष्ट करने वाला होता है. यह नेत्र, बाल, स्वरभेद इत्यादि के लिए लाभदायक है. इसका उपयोग विभिन्न तरह से पारंपरिक चिकित्सा में किया जाता है. त्रिफला में बहेड़ा का उपस्थिति अनिवार्य मानी गई है. इसके सेवन से कृमि नष्ट हो जाते हैं. बहेड़ा के वृक्ष बहुत बड़े होते हैं. इसकी ऊंचाई लगभग 100 फीट से 150 फीट तक की होती है. इसकी छाया स्वास्थ्य के लिए लाभदायक समझी जाती है. बंगाल में उद्यानों में इसको लगे हुए पा सकते हैं. इसके पत्तों का आकार वट के पत्तों की तरह लेकिन आकार में छोटा होता है. पुष्प बहुत ही छोटे-छोटे होते हैं. फल गोल-गोल होते हैं. फलों का वजन एक कर्ष (दो तोला) तक प्रायः होते हैं. इसलिए इसको कर्षफल भी कहते हैं. एक कर्ष लगभग 20 ग्राम के बराबर होता है. यह वृक्ष झारखंड में सर्वत्र मिल जाते हैं. चुने युक्त भूमि में अधिक फल देता है.



अनिल कुमार पाठक
पारंपरिक चिकित्सक

**(औषधीय पौधा के खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार)**

**तस्वीर : अनिल कुमार पाठक**

## ये योगासन वजन कम करने में होंगे मददगार

**योग की सहायता से अनेक लोगों को वजन कम करने लाभ मिला है. पर ये एक आम बहस का विषय है कि क्या योग करने से वजन घटता है? बहुत से लोग मानते हैं कि सिर्फ योग करने से वजन कम नहीं होता है. वज़न कम करने के लिए योग के साथ आपको एक स्वस्थ और संतुलित आहार लेना चाहिए क्योंकि यह आपके दिमाग और शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ वजन कम करने में भी मदद करता है. योग आपको अधिक सचेत बनाता है. योग करने के बाद आप स्वस्थ भोजन ग्रहण करने के लिए प्रेरित होंगे और वसा (फैट) युक्त खाने से परहेज करेंगे. बहरहाल बात योग के महत्वपूर्ण आसन की, जो आपका वजन घटाने में सहायता करते हैं :**



ऋषि रंजन
योग एक्सपर्ट

### चतुरंग दंडासन- प्लैंक पोज

चतुरंग दंडासन आपके कोर (आंतरिक शक्ति) को मजबूत करने का सबसे अच्छा तरीका है. यह देखने में जितना आसान लगता है, इसके फायदे उतने ही ज्यादा हैं. जब आप इस योगसन की मुद्रा में होंगे, तब आपको इसका असर अपने पेट की मांसपेशियों पर महसूस होने लगेगा.



### वीरभद्रासन– योद्धा मुद्रा



यह योग मुद्रा आपकी जांघों और कंधों को टोन करने के लिए, साथ ही साथ आपकी एकाग्रता में सुधार करने के लिए अच्छा है. जितना अधिक आप इस मुद्रा का अभ्यास करेंगे, आपको उतने ही बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे. कुछ मिनट्स वीरभद्रासन का अभ्यास करने से आपके क्वाड्स को काफी लाभ मिल सकता है.

### अधो मुख संवासन – डाउनवर्ड डॉग पोज

अधो मुख संवासन विशिष्ट मांसपेशियों पर थोड़ा अतिरिक्त ध्यान देकर आपके पूरे शरीर को टोन करता है. यह आपकी बाहों, जांघों, हैमस्ट्रिंग और पीठ को मजबूत करने में मदद करता है. इस मुद्रा को धारण करने और अपनी श्वास पर ध्यान केंद्रित करने से आपकी मांसपेशियां प्रभावित एवं टोन होती है, साथ ही साथ आपकी एकाग्रता और रक्त परिसंचरण (ब्लड सर्कुलेशन) में सुधार होता है.



### त्रिकोणासन – त्रिभुज मुद्रा

त्रिकोणासन पाचन में सुधार करने के साथ-साथ पेट और कमर में जमा चर्बी को कम करने में मदद करता है. यह पूरे शरीर में रक्त परिसंचरण (ब्लड सर्कुलेशन) को सुधारता है. इस आसन की पार्श्व गति (लेटरल मोशन) आपको कमर से अधिक वसा जलाने और जांघों और हैमस्ट्रिंग में अधिक मांसपेशियों के निर्माण में मदद करती है. हालांकि यह मुद्रा आपकी मांसपेशियों को दूसरी योग मुद्राओं की तरह प्रभावित नहीं करती है, लेकिन यह आपको वह सारे लाभ देती है जो अन्य आसन देते हैं. यह संतुलन और एकाग्रता में भी सुधार करता है.



### सर्वांगासन – शोल्डर स्टैंड पोज

सर्वांगासन आपकी ताकत बढ़ाने से लेकर पाचन में सुधार तक कई लाभ प्रदान करता है. यह मेटाबोलिज्म (चयपचय क्रिया) को बढ़ावा देने और थायरॉइड के स्तर को संतुलित करने के लिए काफी प्रभावशाली है. सर्वांगासन या शोल्डर स्टैंड ऊपरी शरीर, पेट की मांसपेशियों और पैरों को मजबूत करता है. इसके अलावा यह श्वसन प्रणाली और नींद में भी सुधार करता है.



### धनुरासन – धनुष मुद्रा

क्या आप अपने बेली फैट (पेट की चर्बी) को कम करने का सबसे अच्छा तरीका ढूंढ रहे हैं? धनुरासन पेट से चर्बी कम करने में मदद करता है, पाचन में सुधार करता है और जांघों, छाती और पीठ को मजबूत करता है. यह आपके पूरे शरीर को स्ट्रेच करता है एवं बेहतर रक्त परिसंचरण (ब्लड सर्कुलेशन) के साथ आपकी मांसपेशियों को मजबूत और टोन करता है.



### सूर्य नमस्कार

सूर्य नमस्कार मांसपेशियों को ऊर्जा प्रदान कर उन्हें मज़बूत करने और रक्त प्रवाहित (ब्लड सिरकुलेट) करने के अलावा और भी अन्य लाभ पहुंचाता है. यह अधिकांश प्रमुख मांसपेशियों को स्ट्रेच और टोन करता है, कमर की चर्बी को कम करता है, बाहों को टोन करता है, पाचन तंत्र को स्टिमुलेट (उदीप्त) करता है, और मेटाबोलिज्म को संतुलित करता है. सूर्य नमस्कार अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक संपूर्ण पैकेज है और वजन कम करने का सबसे अच्छा तरीका है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी




# आज के मैच : करो या मरो मुकाबले में न्यूजीलैंड का सामना वेस्टइंडीज से

भाषा। टरूबा

न्यूजीलैंड को अगर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां होने वाले करो या मरो मैच में बेहतर प्रदर्शन करके हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी.

अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और उसकी पूरी टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आउट हो गई, जिससे उसे 84 रन से हार का सामना करना पड़ा, इससे उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया और वह ग्रुप सी में सबसे निचले स्थान पर है. न्यूजीलैंड का विश्व कप में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है. वह पिछले तीन वनडे विश्व कप और तीन टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है लेकिन इस बार उसके लिए चुनौती आसान नहीं है. अफगानिस्तान के खिलाफ उसके केवल दो बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंच पाए थे. केन विलियमसन की अगुवाई वाली टीम को अब उस प्रदर्शन को भूलकर वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा खेल दिखाना होगा. पिछले मैच में न्यूजीलैंड को केवल बल्लेबाजी में ही नहीं क्षेत्ररक्षण में भी निराशा हाथ लगी. उसने आसान कैच टपकाए और स्टंप आउट करने के मौके गंवाए. अफगानिस्तान ने इसका फायदा उठाकर मजबूत स्कोर खड़ा किया. वेस्टइंडीज के साथ ऐसी कोई दिक्कत नहीं है और लगातार तीसरी जीत से वह सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर लेगा.




**15.2** ओवर में 75 रन पर आउट हो गई जिससे उसे 84 रन से हार का सामना करना पड़ा

### टीमें इस प्रकार हैं

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), ब्रैंडन किंग, जॉनसन चार्ल्स, निकोलस पूरन (विकेट कीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, आंद्रे रसेल, रोमारियो शेफर्ड, रोस्टन चेस, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, गुडाकेश मोटी, ओबेद मैककॉय, शमर जोसेफ, शिमरॉन हेटमायर और शाई होप.

**न्यूजीलैंड :** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, डेवोन कॉनवे (विकेट कीपर), डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, ट्रेंट बोल्ट, टिम साउथी, ईश सोढ़ी, जेम्स नीशम और रचिन रवींद्र.

**मैच का समय :** भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे

## उम्मीदें जीवंत रखने के लिए भिड़ेंगे बांग्लादेश और नीदरलैंड

भाषा। किंग्सटाउन

बांग्लादेश और न्यूजीलैंड टी20 विश्व कप के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाने के लिए गुरुवार को यहां एक दूसरे का सामना करेंगे. दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी से शीर्ष पर रहकर पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है. बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है. उसके और नीदरलैंड के समान दो-दो अंक हैं. बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है. नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं लेकिन उनके पास भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में जगह बनाने का मौका है. बांग्लादेश ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को दो विकेट से हराया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके बल्लेबाज अपेक्षाकृत छोटा लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे थे और उसे चार रन से हार का सामना करना पड़ा था. नीदरलैंड की टीम भी पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार गई थी और वह भी वापसी करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी.




**08** में जगह बनाने का मौका है. बांग्लादेश ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को दो विकेट से हराया था

### टीमें इस प्रकार हैं

**बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तनजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम और तनजीम हसन साकिब.

**नीदरलैंड :** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), आर्यन दत्त, बास डी लीडे, काइल क्लेन, लोगन वैन बीक, मैक्स ओ''डॉड, माइकल लेविट, पॉल वैन मीकेरेन, रयान क्लेन, साकिब जुल्फिकार, सिब्रांड एंजेलब्रेच, तेजा निदामनुरु, टिम प्रिंगल, विक्रम सिंह, विव किंगमा और वेस्ले बैरेसी.

**मैच का समय :** भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से.

### ▼ ब्रीफ खबरें

#### वालपुइया मुंबई सिटी एफसी में बने रहेंगे

**मुंबई।** वालपुइया के नाम से पहचाने जाने वाले हमिंगथनमाविया राल्ते ने मुंबई सिटी एफसी के साथ अपना अनुबंध 2027 सत्र तक बढ़ा दिया है. क्लब ने बुधवार को यहां जारी विज्ञप्ति में मिजोरम के इस खिलाड़ी को टीम का अहम सदस्य करार दिया. वह इस टीम से ऐतिहासिक रहे 2020-21 सत्र में जुड़े थे. मुंबई सिटी एफसी ने इस साल आईएसएल शील्ड और खिताब जीता था.

#### नडाल-अलकराज स्पेन का प्रतिनिधित्व करेंगे

**मैड्रिड।** राफेल नडाल और कार्लोस अलकराज पेरिस ओलंपिक में स्पेन के लिए युगल मुकाबले खेलेंगे. यह जानकारी स्पेन की टेनिस महासंघ ने बुधवार को दी. अलकराज ने रविवार को फ्रेंच ओपन जीता था, जो इस 21 साल के खिलाड़ी का तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है. 38 साल के नडाल के पास पहले से ही 22 ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ एकल और युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक हैं.

#### टिटमस ने फ्रीस्टाइल तैराकी में रिकॉर्ड बनाया

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया की एरियार्ने टिटमस ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के ओलंपिक तैराकी ट्रायल के दौरान महिला 200 मीटर फ्रीस्टाइल में विश्व रिकॉर्ड बनाया. टिटमस ने एक मिनट 52.23 सेकेंड का समय लेकर पिछले साल की विश्व चैंपियनशिप में मोली ओकालाघन के एक मिनट 52.85 सेकेंड के समय से बेहतर प्रदर्शन किया. मोली एक मिनट 52.48 सेकेंड का समय लिया.

#### पुर्तगाल ने आयरलैंड को 3-0 से हराया

**लिस्बन।** स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप के अभ्यास मैच में आयरलैंड को 3-0 से पराजित करके अपनी तैयारी का पुख्ता सबूत पेश किया. पुर्तगाल की तरफ से जोआओ फेलिक्स ने पहला गोल किया. इसके बाद 39 वर्षीय रोनाल्डो ने दूसरे हाफ में दो गोल दागे.

## टी-20 विश्व कप : टीम इंडिया ने अमेरिका को सात विकेट से हराया

# सुपर-8 में पहुंचा भारत

न्यूयॉर्क। एजेंसी

- टीम इंडिया की टी-20 वर्ल्ड में जीत की हैट्रिक
- अमेरिका के खिलाफ सूर्यकुमार बने संकटमोचन
- अर्शदीप सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड

**स्कोर बोर्ड**

| | |
|---|---|
| भारत | 111/3 |
| अमेरिका | 110/8 |

बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (चार ओवर में नौ रन पर चार विकेट) की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के बाद सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे के बीच मुश्किल पिच पर 65 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारत ने आईसीसी टी-20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में बुधवार को यहां अमेरिका को तीन विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की. अमेरिका को आठ विकेट पर 110 रन पर रोकने के भारत ने 18.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 111 रन बनाये जो सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा करते हुए इस मैदान का सबसे बड़ा स्कोर है. टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक के बाद छह अंकों के साथ भारत सुपर आठ में पहुंच गया. अमेरिका तीन मैच में चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर है. लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 10 रन तक विराट कोहली (शून्य) और कप्तान रोहित शर्मा (तीन) के विकेट गंवा दिया था. दोनों को बायें हाथ के तेज गेंदबाज सौरव नेत्रवलकर (18 रन पर दो विकेट) ने आउट किया. सूर्यकुमार यादव 49 गेंद में नाबाद 50 रन की पारी खेल एक छोर संभाले रखा. उन्होंने ऋषभ पंत (18) के साथ तीसरे विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी के बाद दुबे के साथ मिल कर टीम को जीत दिलायी. सूर्यकुमार ने अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के लगाये तो वहीं दुबे ने 35 गेंद की पारी में एक चौका और एक छक्का जड़ा नाबाद 31 रन का योगदान दिया. मैन ऑफ द मैच अर्शदीप का यह प्रदर्शन टी20 विश्व कप में किसी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है. इससे पहले यह रिकॉर्ड रविचंद्रन अश्विन के नाम था, जिन्होंने 2014 में मीरपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 रन पर चार विकेट लिये थे.

**अर्शदीप ने नौ रन देकर चार विकेट चटकाए :** अर्शदीप को हार्दिक पंड्या का अच्छा साथ मिला जिन्होंने चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाये. अक्षर पटेल को एक सफलता मिली. अमेरिका के लिए नितीश कुमार ने 23 गेंद में 27 जबकि सलामी बल्लेबाज स्टीवन टेलर ने 30 गेंद में 24 रन का योगदान दिया. लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत काफी खराब रही. कोहली का खराब लय इस मैच में जारी रहा जबकि रोहित भी बल्ले से योगदान नहीं दे सके. सूर्यकुमार यादव ने नेत्रवलकर तो वहीं पंत ने जसदीप सिंह पर छक्का लगाया लेकिन पावरप्ले में भारत का स्कोर दो विकेट पर 33 रन ही था. आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये अली खान (21 रन पर एक विकेट) ने पंत को बोल्ड किया. गेंद टप्पा खाने के बाद ज्यादा उछाल लिये बिना विकेटों से टकरा गयी.

**11वें ओवर में भारत के 50 रन पूरे हुए :** सूर्यकुमार और शिवम दुबे को इसके बाद रन बनाने में परेशानी हुई. जसदीप की गेंद दुबे के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर चार रनों के लिए चली गयी जिससे 11वें ओवर में भारत के रनों का अर्धशतक पूरा हुआ. शैडली वान शाल्कविक की गेंद पर सूर्यकुमार की आकाशीय शॉट पर नेत्रवलकर ने कैच टपका दिया है. इस बल्लेबाज ने 14वें ओवर की आखिरी गेंद पर अली खान के खिलाफ चौका तो वहीं दुबे ने एंडरसन के खिलाफ छक्का लगाकर दबाव को कुछ कम किया. इस ओवर के बाद भारत को पांच पेनल्टी अंक मिल गये. अमेरिका ने अब तक तीन बार ओवर शुरू करने में एक मिनट की देरी की जिससे अंपायर ने उनके खिलाफ पांच पेनल्टी अंक दे दिये. सूर्यकुमार ने अगले ओवर में शाल्कविक के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाने के दौरान दुबे के साथ अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की.




अर्शदीप ने नौ रन देकर चार विकेट चटकाए

**सूर्यकुमार**

रन : 50
गेंद : 49
चौका : 2
छक्का : 2

### नामीबिया को हाराकर ऑस्ट्रेलिया भी सुपर आठ में

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** लेग स्पिनर एडम जंपा की शानदार गेंदबाजी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया को 86 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ में जगह बनाई. ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और नामीबिया को 17 ओवर में 72 रन पर आउट कर दिया. ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद केवल 34 गेंद पर एक विकेट पर 74 रन बनाकर शानदार जीत हासिल की. सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड 34 और कप्तान मिचेल मार्श 18 रन बनाकर नाबाद रहे. डेविड वार्नर ने आठ गेंद पर 20 रन का योगदान दिया. ऑस्ट्रेलिया की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे उसने एक मैच शेष रहते हुए ही सुपर आठ में प्रवेश कर लिया. उसे ग्रुप बी में अपना आखिरी मैच शनिवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ खेलना है. नामीबिया की यह तीन मैच में दूसरी हार है जिससे वह सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया है.

**36** रन बनाए जिससे नामीबिया 43 रन पर आठ विकेट गंवाने के बावजूद 50 रन की संख्या को पार कर पाया



### टी20 वर्ल्ड कप : अंक तालिका

**ग्रुप ए**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | +1.137 |
| अमेरिका | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | +0.127 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | +0.191 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.493 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.712 |

**ग्रुप बी**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | +3.580 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 0 | 5 | +2.164 |
| नामीबिया | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -2.098 |
| इंग्लैंड | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | -1.800 |
| ओमान | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.613 |

**ग्रुप सी**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +5.225 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +3.574 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -4.217 |
| पीएनजी | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.434 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.200 |

**ग्रुप डी**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| द. अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | +0.603 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.075 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.024 |
| नेपाल | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | -0.539 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 2 | 0 | 1 | -0.777 |

## आज का मैच : इंग्लैंड के अरमानों पर पानी फेर सकती है बारिश

भाषा। नॉर्थ साउंड

अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब इंग्लैंड के अरमानों पर ओमान के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बारिश पानी फेर सकती है.

पूर्व चैंपियन इंग्लैंड को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए ग्रुप बी के अपने बाकी बचे दोनों मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी. उसके दो मैच में केवल एक अंक है जो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ बारिश के कारण मैच नहीं हो पाने के कारण मिला था. जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम के लिए खबर अच्छी नहीं है क्योंकि मौसम विभाग ने ओमान के खिलाफ मैच के दिन बारिश की संभावना व्यक्त की है. इंग्लैंड को ओमान के बाद अपना आखिरी लीग मैच इसी मैदान पर नामीबिया के खिलाफ खेलना है. इन दोनों मैच में जीत के बावजूद भी इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच होने वाले मैच में अनुकूल परिणाम के लिए दुआ करनी होगी.



### टीमें इस प्रकार हैं

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम करन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले और मार्क वुड.

**ओमान :** आकिब इलियास (कप्तान), जीशान मकसूद, कश्यप प्रजापति, प्रतीक अठावले, अयान खान, शोएब खान, मोहम्मद नदीम, नसीम खुशी, मेहरान खान, बिलाल खान, रफीउल्लाह, कलीमुल्लाह, फैयाज बट, शकील अहमद और खालिद कैल.

**मैच का समय :** भारतीय समयानुसार रात 12.30 बजे से.

**गोल पर विवाद** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने मैच के आयुक्त से शिकायत की

# कतर के विवादास्पद गोल की जांच की मांग रखी



भाषा। नयी दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मैच आयुक्त को शिकायत करके दोहा में विश्व कप क्वालीफाइंग के अपने महत्वपूर्ण मुकाबले में कतर को विवादास्पद गोल देने की जांच की मांग की है. एआईएफएफ के सूत्रों ने बताया कि उन्होंने 'गोल की गहन जांच' की मांग है. मंगलवार को जस्सिम बिन हमाद स्टेडियम में करो या मरो के मुकाबले में भारत की 1-2 की हार के दौरान रैफरी किम वू सुंग ने गोल को स्वीकृति दी थी, जबकि इससे पहले ही गेंद खेल के मैदान से बाहर जा चुकी थी. इस गोल पर काफी विवाद हुआ, क्योंकि इसने 2026 के टूर्नामेंट के लिए भारत को पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश से वंचित कर दिया. एआईएफएफ के एक अधिकारी ने बताया, हमने मैच आयुक्त को शिकायत की है और पूरे मामले की गहन जांच की मांग की है. ईरान के हामेद मोमेनी इस मुकाबले के मैच आयुक्त थे. मैच आयुक्त की भूमिका मैच के आयोजन की निगरानी करना और यह सुनिश्चित करना होती है कि मुकाबले के दौरान फीफा के नियमों का पालन किया जाएगा. मैच के 73वें मिनट में अब्दुल्लाह अलाहरक की फ्री किक पर यूसेफ आयमेन ने हेडर लगाने का प्रयास किया जिसे भारतीय कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने रोक दिया. गुरप्रीत हालांकि मैदान पर गिर गए और इस दौरान गेंद खेल के मैदान से बाहर चली गई। हाशमी हुसैन किक मारकर गेंद को दोबारा खेल के मैदान में ले आए और आयमेन ने गोल कर दिया. गेंद के खेल के मैदान से बाहर जाने के कारण खेल रोका जाना चाहिए था और कतर को कॉर्नर किक मिलनी चाहिए थी क्योंकि गुरप्रीत गेंद के बाहर जाने से पहले उससे संपर्क करने वाले आखिरी खिलाड़ी थे.

भारतीय खिलाड़ी हालांकि उस समय हताश हो गए जब रैफरी ने कतर को गोल दे दिया और मेहमान टीम के कड़े विरोध के बावजूद मैदानी अधिकारी अपने फैसले पर बरकरार रहा. नियम के अनुसार अगर गेंद 'गोल लाइन या टचलाइन' से मैदान पर या हवा में पूरी तरह से बाहर निकल जाती है तो उसे खेल से बाहर माना जाएगा.

**1-2** की हार के दौरान रैफरी किम वू सुंग ने गोल को स्वीकृति दी थी

## श्रीलंका-नेपाल का मैच बारिश की भेंट चढ़ा

# द. अफ्रीका सुपर-8 में

भाषा। लॉडरहिल (अमेरिका)

श्रीलंका और नेपाल के बीच टी20 विश्व कप के ग्रुप डी का मैच भारी बारिश के कारण नहीं हो पाया, जिससे दक्षिण अफ्रीका की सुपर आठ में जगह पक्की हो गई. बारिश के कारण इस मैच में एक भी गेंद नहीं डाली जा सकी. इससे श्रीलंका और नेपाल दोनों को एक-एक अंक मिला जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार पर पहुंच गए हैं. दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप डी में शीर्ष पर रहते हुए सुपर आठ में जगह बनाई. उसने अभी तक अपने तीनों मैच जीते हैं. बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है. उसके और नीदरलैंड के समान दो-दो अंक हैं. बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है. नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं. नेपाल को अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को और बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को किंग्सटाउन, सेंट विंसेंट में मैच खेलने हैं. श्रीलंका की अगले दौर में पहुंचने की उम्मीदें लगभग समाप्त हो गई हैं. उसे अब केवल एक मैच नीदरलैंड के खिलाफ सोमवार को सेंट लूसिया में खेलना है.



### पूर्व भारतीय फुटबॉलर और कोच टीके चथुन्नी का निधन

**कोच्चि।** पूर्व भारतीय फुटबॉलर और कोच टी के चथुन्नी का बुधवार को यहां निधन हो गया. वह 79 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ समय से कैंसर से पीड़ित थे. चथुन्नी को रक्षापंक्ति में कुशल खिलाड़ी माना जाता था. उन्होंने संतोष ट्रॉफी में केरल और गोवा का प्रतिनिधित्व किया. खेल से संन्यास लेने के बाद वह कोच बन गए और अगले 40 वर्ष तक भारतीय फुटबॉल में अपनी अमिट छाप छोड़ी. चथुन्नी कई टीमों के कोच रहे जिनमें मोहन बागान, डेंपो गोवा और एफसी कोचीन भी शामिल हैं. वह 1979 में केरल की संतोष ट्रॉफी टीम के कोच भी रहे. केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीसन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया.

# राजग सरकार ने जिला प्रभारी मंत्रियों की सूची जारी की

## उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को क्रमशः पटना और मुजफ्फरपुर जिलों का प्रभारी मंत्री बनाया गया

- मंत्री लेशी सिंह को मधुबनी, मदन सहनी को सुपौल, नीतीश मिश्रा को अररिया और गया, नितिन नवीन को बक्सर और कैमूर तथा दिलीप जायसवाल को सहरसा का प्रभारी मंत्री बनाया गया है.


प्रेम कुमार


विजय सिन्हा


श्रवण कुमार


सम्राट चौधरी


सुमित सिंह

**संवाददाता । पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को अपने सभी कैबिनेट सहयोगियों को विभिन्न जिलों का 'प्रभारी मंत्री' नियुक्त किया. बिहार सरकार की ओर से बुधवार को जारी एक आदेश के अनुसार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को क्रमशः पटना और मुजफ्फरपुर जिलों का प्रभारी मंत्री बनाया गया है. सिन्हा भोजपुर जिले के भी प्रभारी मंत्री होंगे.

मंत्री विजय कुमार चौधरी को पूर्णिया और नालंदा जिलों का प्रभारी मंत्री बनाया गया है, जबकि बिजेंद्र प्रसाद यादव वैशाली जिले के प्रभारी मंत्री होंगे. आदेश के अनुसार, मंत्री प्रेम कुमार को नवादा, श्रवण कुमार को समस्तीपुर और मधेपुरा, संतोष कुमार सुमन को औरंगाबाद और सुमित कुमार सिंह को सारण का प्रभारी मंत्री बनाया गया है, जबकि रेणु देवी को सीवान का जिम्मा दिया गया है.

इसके अतिरिक्त, मंत्री मंगल पांडेय दरभंगा और बेगूसराय, नीरज कुमार सिंह कटिहार और अशोक चौधरी सीतामढ़ी तथा जहानाबाद के प्रभारी मंत्री होंगे. मंत्री लेशी सिंह को मधुबनी, मदन सहनी को सुपौल, नीतीश मिश्रा को अररिया और गया, नितिन नवीन को बक्सर और कैमूर तथा दिलीप कुमार जायसवाल को सहरसा का प्रभारी मंत्री बनाया गया है. मंत्री महेश्वर हजारी खगड़िया, शीला कुमारी शेखपुरा और लखीसराय तथा सुनील कुमार पूर्वी चंपारण, जनक राम पश्चिमी चंपारण, हरि सहनी अरवल और कृष्णनंदन पासवान गोपालगंज की जिम्मेदारी संभालेंगे. मंत्री जयंत राज को रोहतास, जामा खान को किशनगंज और शिवहर, रत्नेश सदा को जमुई, केदार प्रसाद गुप्ता को मुंगेर, सुरेन्द्र मेहता को बांका तथा संतोष कुमार सिंह को भागलपुर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है.

## बाइक सवार बदमाशों ने व्यवसायी को मारी गोली

# पैसों से भरे बैग छीनकर फरार

**संवाददाता । पूर्वी चंपारण**


घायल व्यवसायी

जिले के घोड़ासहन थाना क्षेत्र में बाइक सवार अपराधियों ने एक व्यवसायी को गोली मार कर जख्मी कर दिया और रुपये से भरा बैग छीनकर फरार हो गये. जख्मी व्यवसायी को इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों ने उसके शरीर में लगी दो गोली निकाल दी है. घटना की जानकारी मिलने के बाद सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार और घोड़ासहन थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर तफ्तीश शुरू कर दी है. घायल व्यवसायी की पहचान सुजीत जायसवाल के रूप में हुई है.

घायल व्यवसायी का घोड़ासहन में हिन्दुस्तान लीवर सहित वह कई कंपनियों के डिस्ट्रीब्यूटर हैं. घटना घोड़ासहन थाना क्षेत्र के अहमद नगर की है. सुजीत लहना वसूली कर लौट रहे थे. तभी बाइक सवार अपराधियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी. गोली मारने के बाद अपराधियों ने सुजीत के हाथ से पैसों से भरे बैग लेकर फरार हो गए. गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर आए और जख्मी सुजीत को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद मोतिहारी रेफर कर दिया.

## ▼ ब्रीफ खबरें

### पढ़ाई कर रही छात्रा ने की आत्महत्या

**नवादा :** नवादा नगर के कृष्णा नगर मोहल्ले (यादव चौक, वीआईपी कॉलोनी) में एक युवती ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतका नालंदा जिले के कतरी सराय थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी शैलेंद्र यादव की पुत्री सोनाली कुमारी थी. वह नवादा में रहकर पढ़ाई कर रही थी. सूचना के बाद पहुंची नगर थाना की पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की. शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंची. पिता ने बताया कि सोनाली नवादा में रहकर पढ़ाई करती थी.

### युवक को सिर मुंडवा कर गांव में घुमाया

**फारबिसगंज ।** फारबिसगंज अनुमंडल के नरपतगंज के बड़हरा पंचायत के एक गांव में कथित नाबालिग प्रेमिका से मिलने पहुंचे मधेपुरा निवासी युवक को परिजनों ने जमकर पीटा, इसके बाद उस शख्स का सर मुंडवाकर व चप्पल पहना कर उसे पुरे गांव में घुमाया. आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा युवक का सर मुंडवाकर गले में चप्पल का माला डालकर घूमने का वीडियो काफी वायरल हो रहा है. वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में खलबली मच गयी. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची व आरोपी बंधक बनाये गये युवक को छुड़वा कर थाना लाया. कागजी कार्रवाई पूरा करने के बाद इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया.

### व्यवसायी से 50 हजार रुपये की हो गयी ठगी

**किशनगंज ।** विदेशी नंबरों से वॉट्सऐप कॉल कर ठगी करने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं. किशनगंज में ऐसे कई मामले पिछले कुछ महीनों में सामने आए हैं. लेकिन फ्रॉड के मामले निरंकुश होते जा रहे हैं. प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के एक प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायी कमल कोठारी के बेटे अपने मित्र और परिवार के साथ कश्मीर घूमने गए थे. एक पुलिस मैन की तस्वीर लगी व्हाट्सएप्प डीपी से व्यवसायी को फोन आया कि उसके बेटे ने एक कश्मीरी युवती के साथ बलात्कार किया है. बलात्कार में उसके मित्र भी शामिल हैं.

## घटना मंगलवार देर रात एनएचई 327 पर हुई घटना

# सुपौल जिले में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत, दो घायल

**संवाददाता । पटना**



सुपौल जिले में एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी. घटना मंगलवार देर रात एनएचई 327 में मेन रोड खादी भंडार के पास हुई. यहां बालू लदे 18 चक्का ट्रक और सवारी लदे ऑटो की सीधी टक्कर हो गई, जिसमें चार लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. घटना में ऑटो सवार दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं.

घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ विपिन कुमार, अंचल निरीक्षक सत्य नारायण राय, प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार घटनास्थल पर पहुंचे. दोनों जख्मी लोगों को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें मधेपुरा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है और शवों को थाना लाया गया, जहां पंचनामा बनाकर मोर्चरी एंबुलेंस से उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया. ट्रक और ऑटो के बीच हुई टक्कर इतनी जोरदार थी की घटना में ऑटो के परखच्चे उड़ गए. एक महिला का शव ऑटो में फंस गया. वहीं अन्य दो की लाश ऑटो के दोनों ओर, जबकि एक की लाश ट्रक के चक्के में दब गई. सभी मृतक की प्रखंड क्षेत्र के एक ही पंचायत महेशुआ के रहने वाले है. मृतक दो महिलाओं की पहचान ममता देवी और बिजली देवी के रूप में हुई है. वहीं 56 साल के सियाराम शर्मा और ऑटो चालक राम गोविंद पासवान की मौत हुई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ये घटना उस समय घटी, जब बालू लदा ट्रक पिपरा से त्रिवेणीगंज बाजार की ओर आ रहा था. इसी दौरान विपरीत दिशा जदिया से आ रहा सवारी भरा ऑटो की बीच सड़क में ही आमने-सामने में सीधी टक्कर हो गई, जिसमें ऑटो में सवार लोगों की मौत घटनास्थल पर हो गई.

### ऑटो ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, छात्रा समेत दो की मौत

**मुंगेर ।** मुंगेर में पैसेंजरों से भरा ऑटो गंगा नदी पर बने श्री कृष्ण सेतु से होकर खगड़िया जा रहा था. इसी बीच ऑटो अनियंत्रित होकर पुल के साइड में खड़े ट्रक में धक्का मार दिया. इस एक्सीडेंट में ऑटो पर सवार नवीं क्लास की छात्रा फ्रूटी कुमारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहीं एक अन्य महिला 42 वर्षीय कामिनी देवी की इलाज के क्रम में सदर अस्पताल में मौत हो गई. वहीं इस हादसे में छः अन्य लोग बुरी तरह घायल हो गये. जिसको इलाज के लिए स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया. घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

## गोलियों की तड़तड़ाहट से दहला छपरा

# बदमाशों ने पिता-पुत्र को मारी गोली, मौत

**पटना ।** छपरा में बुधवार को अपराधियों ने वकील पिता और पुत्र को गोली मार दी जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. बताया जा रहा है कि मेथवालिया निवासी अधिवक्ता पिता राम अयोध्या राय और उनके अधिवक्ता पुत्र सुनील राय कचहरी जा रहे थे. इस दौरान में बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी. मौके पर अफरा-तफरी मच गई. उनको अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद मौके पर मुफस्सिल थाने की पुलिस पहुंची हुई है और जांच में जुटी है.

वहीं, इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में तनाव का माहौल हो गया है. घटना के बारे में जानकारी देते हुए मृतक के परिजनों ने बताया कि प्रतिदिन की तरह सुबह अधिवक्ता कचहरी के लिए निकले थे. इस दौरान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दूधिया पुल के पास पहले से घात लगाए बदमाशों ने बाइक सवार पिता-पुत्र वकील पर गोलियां चलानी शुरू कर दी. जिसमें पिता-पुत्र को गोली लग गई. स्थानीय लोगों की सूचना के बाद दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे. जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. वहीं, हत्या के बाद वकीलों ने कोर्ट के कार्य का बहिष्कार किया.

### दो नाबालिग लड़की के साथ तीन मानव तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

**मधुबनी ।** भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी जवानों ने दो नाबालिग लड़की के साथ तीन मानव तस्कर को गिरफ्तार किया है. अधिकारियों के अनुसार मानव तस्कर दो नाबालिग बच्चियों को देह व्यापार के उद्देश्य से भारत से लेकर जा रहे थे. गिरफ्तार किए गए तीनों तस्कर और स्कॉर्पियो को हरलाखी पुलिस को जबकि दोनों नाबालिग लड़की को बालिका गृह में रख दिया गया है. जानकारी के अनुसार एसएसबी को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर भारतीय क्षेत्र में एक स्कॉर्पियो गाड़ी को पिपरौन जटही चेक पोस्ट पर पूछताछ के लिए रोका गया. वहीं गिरफ्तार एक महिला और दो पुरुष मानव तस्कर की पहचान हो गई है.

### बिजली ट्रांसफॉर्मर ठंडा करने के लिए लगाया जा रहा है कूलर और पंखा


बिहार में गर्मी से त्राहिमाम

**गया ।** गया में पिछले पांच दिनों से भीषण गर्मी और हिट वेब की चपेट में है. 44 डिग्री तक तापमान जा पहुंचा है. इस भीषण गर्मी में गया शहरी क्षेत्र में बिजली की आवाजाही ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी है. इस भीषण गर्मी में भी आमजनों को निर्बाध बिजली की आपूर्ति हो. इसके लिए बिजली विभाग जुटा है. शहर के गांधी मैदान पावर सब स्टेशन के ट्रांसफार्मरों का तापमान से बुरा हाल है. ट्रांसफॉर्मर का तापमान को नॉर्मल रखने के लिए बिजली विभाग कूलर, पंखा लगाया है और हर आधे-एक घंटे पर पानी का छिड़काव कर रहा है.

## कारोबार

### मजबूत मांग से चांदी वायदा कीमतों में तेजी

**नयी दिल्ली ।** मजबूत हाजिर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से बुधवार को वायदा कारोबार में चांदी की कीमत 461 रुपये की तेजी के साथ 89,124 रुपये प्रति किग्रा हो गया. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के जुलाई महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 461 रुपये यानी 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 89,124 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया. इसमें 21,352 लॉट का कारोबार हुआ. वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में चांदी की कीमत 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 29.44 डॉलर प्रति औंस हो गयी.

### मजबूत मांग से धनिया के वायदा भाव में तेजी

**नयी दिल्ली ।** हाजिर बाजार में मजबूती के रुख को देखते हुए सटोरियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा कारोबार में बुधवार को धनिया की कीमत 24 रुपये की तेजी के साथ 8,000 रुपये प्रति क्विंटल हो गई. एनसीडीईएक्स में धनिया के जून महीने में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 24 रुपये या 0.33% की तेजी के साथ 8,308 रुपये प्रति क्विंटल हो गई. इसमें 3,915 7लॉट के लिए कारोबार हुआ. बाजार विश्लेषकों ने कहा उत्पादक क्षेत्रों से सीमित आपूर्ति होने के कारण मुख्यतः धनिया वायदा कीमतों में तेजी आई.

### मजबूत मांग से सोना वायदा कीमतों में तेजी

**नयी दिल्ली ।** मजबूत हाजिर मांग के बीच सटोरियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली किये जाने से वायदा कारोबार में बुधवार को सोने की कीमत 50 रुपये की तेजी के साथ 71,540 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अगस्त माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 50 रुपये यानी 0.07 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,540 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया. इसमें 15,149 लॉट का कारोबार हुआ. बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली के कारण सोना वायदा कीमतों में तेजी आई. वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,329.50 डॉलर प्रति औंस हो गया.

## एफआईयू : कमांडो बल एनएसजी के नाम पर एक धोखाधड़ी वाला खाता खोलने का मामला

# एक्सिस बैंक पर 1.66 करोड़ का जुर्माना लगाया

**एजेंसी । नयी दिल्ली**




वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने एक्सिस बैंक पर 1.66 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है. बैंक पर यह जुर्माना आतंकवाद रोधी कमांडो बल एनएसजी के नाम पर एक धोखाधड़ी वाला खाता खोलकर अपनी एक शाखा में किए गए संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने और उसकी जानकारी देने के लिए कोई तंत्र स्थापित करने में विफल रहने को लेकर लगाया गया है. संघीय एजेंसी ने तीन जून को धन शोधन रोधक अधिनियम की धारा 13 के तहत एक आदेश जारी किया.

अधिनियम संघीय एजेंसी के निदेशक को किसी रिपोर्टिंग इकाई (जैसे एक्सिस बैंक) पर मौद्रिक जुर्माना लगाने का अधिकार देता है. किसी इकाई के निदेशक मंडल में उसके नामित निदेशक या उसके किसी कर्मचारी के उक्त कानून के तहत अनिवार्य दायित्वों का पालन नहीं करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है. इस संबंध में एक्सिस बैंक को भेजे गए सवाल का तत्काल कोई जवाब नहीं मिला है.

पीटीआई-भाषा के पास मौजूद आदेश के सारांश के अनुसार, यह पूरा घटनाक्रम एक ऐसे मामले से संबंधित है, जिसमें एक्सिस बैंक के एक कर्मचारी पर अन्य लोगों के साथ मिलीभगत करके बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया गया था. एफआईयू के आदेश में कहा गया कि यह कथित कदाचार सरकारी एजेंसी राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के नाम पर एक धोखाधड़ीपूर्ण बैंक खाता खोलने से संबंधित है.

आदेश में कहा गया, रिपोर्ट से संकेत मिला कि एक्सिस बैंक के एक प्रबंधक ने इस खाते को खोलने में भूमिका निभाई जिसका मकसद कथित रूप से अवैध धन एकत्र करना था. आदेश में कहा गया कि एफआईयू ने धन शोधन निरोधक कानून के उल्लंघन के कथित आरोपों पर बैंक के खिलाफ कुल 1,66,25,000 रुपये का जुर्माना लगाया है. केंद्रीय वित्त मंत्रालय के तहत आने वाला एफआईयू एक एजेंसी है जिसे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरह धन शोधन रोधक कानून की कुछ धाराओं को लागू करने का काम सौंपा गया है.

### आईआरएफ ने हेलमेट पर से जीएसटी हटाने का किया आह्वान

**नयी दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) ने बुधवार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद और वित्त मंत्रालय से हेलमेट पर कर को 18 प्रतिशत से घटाकर शून्य करने का आग्रह किया, ताकि इसके इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा सके. आईआरएफ ने एक बयान में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक असुरक्षित होते हैं. हेलमेट पर जीएसटी की दर कम करने से आम लोगों के लिए हेलमेट को अधिक किफायती बनाने में मदद मिलेगी. बॉश रिपोर्ट का हवाला देते हुए आईआरएफ ने कहा कि दुनिया भर में सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले मामलों में से करीब 12 प्रतिशत भारत के हैं. इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को करीब 15.71-38.81 अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान होता है. आईआरएफ के मानद अध्यक्ष के. के. कपिला ने कहा, दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक असुरक्षित होते हैं. सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले मामलों में से करीब 31.4 प्रतिशत लोगों की मौत मुख्य रूप से सिर में चोट लगने से होती है. दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं से लगने वाली चोट या उससे जान गंवाने के मामले कम करने के सबसे प्रभावी उपायों में से एक है सही हेलमेट का इस्तेमाल.

# पाइपिंग कंपनी दी डेवलपमेंट इंजीनियर्स का आईपीओ 19 जून से खुल रहा है

**संवाददाता । नयी दिल्ली**




पाइपिंग समाधान प्रदाता दी डेवलपमेंट इंजीनियर्स लिमिटेड (डीडीईएल) ने बुधवार को कहा कि वह 19 जून को खुलने वाले अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 418 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है. इस निर्गम के लिए 193-203 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया है. निर्गम 21 जून को बंद होगा. इसके पहले बड़े (एंकर) निवेशक 18 जून को बोली लगा सकेंगे. आईपीओ से संबंधित दस्तावेजों के मसौदे के मुताबिक, आईपीओ के तहत 325 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे. इसके अलावा प्रवर्तक कृष्ण ललित बंसल 93 करोड़ रुपये मूल्य के 45.82 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश भी करेंगे. इस तरह आईपीओ का कुल आकार 418 करोड़ रुपये हो जाता है. कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी समीर अग्रवाल ने पीटीआई-भाषा से कहा कि शेयर बिक्री से जुटाए जाने वाले 325 करोड़ रुपये में से 175 करोड़ रुपये कर्ज भुगतान, 75 करोड़ रुपये कार्यशील पूंजी जरूरतों को पूरा करने और शेष 75 करोड़ रुपये सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे.

### डीसीआईएल को मिला 2,000 करोड़ का ठेका

**नयी दिल्ली :** ड्रेजिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को पश्चिम बंगाल में श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट अथॉरिटी से 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का ठेका मिला है. डीसीआईएल ने बयान में कहा कि यह ठेका मुख्य रूप से हल्दिया डॉक की ओर जाने वाले 'शिपिंग चैनल' में हुगली मुहाने में 'ड्रेजिंग' रखरखाव के लिए है. कंपनी के अनुसार, पांच साल के इस अनुबंध का मूल्य 2,015.88 करोड़ है. चेयरमैन एम. अंगमुथु ने कहा कि कंपनी परियोजना की कठोर आवश्यकताओं को पूरा करेगी.

## डेटा जारी — सांख्यिकी मंत्रालय ने मई महीने के लिए खुदरा महंगाई दर का डेटा जारी किया

# मई में खुदरा महंगाई दर घटकर आ गई 4.75% पर

**एजेंसी । नयी दिल्ली**


फाइल फोटो

मई महीने में भी खुदरा महंगाई दर में गिरावट देखने को मिली है. सरकार ने जो डेटा जारी किया है उसके मुताबिक मई 2024 में खुदरा महंगाई दर घटकर 4.75 फीसदी पर आ गई है जो अप्रैल 2024 में 4.83 फीसदी रही थी. खाद्य महंगाई दर में मामूली कमी आई है और ये अप्रैल के 8.70 फीसदी के मुकाबले मई में 8.69 फीसदी पर आ गई है. हालांकि साग-सब्जियों और दाल की महंगाई अभी भी लोगों को सता रही है.

सांख्यिकी मंत्रालय ने मई महीने के लिए खुदरा महंगाई दर का डेटा जारी किया है. इस डेटा के मुताबिक मई में सीपीआई इंफ्लेशन घटकर 4.75 फीसदी पर आ गई है. हालांकि कई जानकार इसके 5 फीसदी से ज्यादा रहने का अनुमान जता रहे थे. खाद्य महंगाई दर जस का तस बनी हुई है. खाद्य महंगाई दर मई में 8.69 फीसदी रही है जो अप्रैल में 8.70 फीसदी रही थी.

मई 2023 में खुदरा महंगाई दर 4.31 फीसदी और खाद्य महंगाई दर 2.96 फीसदी रही थी.

**आरबीआई के टोलरेंस बैंड 2 से 6 फीसदी के बीच हुआ :** खुदरा महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक के टोलरेंस बैंड 2 से 6 फीसदी के बीच में बना हुआ है. हालांकि आरबीआई के पॉलिसी रेट में गिरावट के लिए महंगाई दर 4 फीसदी तक घटने का इंतजार किया जा रहा है. पिछले हफ्ते ही एसबीआई ने अपने रिसर्च पेपर में कहा है कि मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में रेपो रेट में कटौती की उम्मीद है.

### साग-सब्जियों की महंगाई दर मई में 27.33 फीसदी रही



मई महीने में साग-सब्जियों और दालों में महंगाई में तेजी बनी हुई है. साग-सब्जियों की महंगाई दर मई में 27.33 फीसदी रही है जो अप्रैल में 27.80 फीसदी रही थी. दालों की महंगाई दर में मई महीने में उछाल देखने को मिला है और ये 17.14 फीसदी रही है जो अप्रैल में 16.84 फीसदी रही थी. फलों की महंगाई दर 6.68 फीसदी रही है जो अप्रैल में 5.94 फीसदी रही थी. अनाज और उससे जुड़े प्रोडक्ट्स की महंगाई दर मई में 8.69 फीसदी रही है जो अप्रैल में 8.63 फीसदी रही थी. मसालों की महंगाई दर घटकर मई में 4.27 फीसदी पर आ गई है जो अप्रैल में 7.75 फीसदी रही थी. चीनी की महंगाई दर घटकर 5.70 फीसदी रही है जो अप्रैल में 6.73 फीसदी और अंडों की महंगाई दर 7.62 फीसदी रही है जो अप्रैल में 9.59 फीसदी रही थी.



## सुरक्षा समूह

# जेपी इंफ्राटेक लि. में डाली 125 करोड़ की इक्विटी पूंजी

### बैंकों के बकाये का निपटान करने और दिल्ली-एनसीआर में करीब 20,000 अधूरे फ्लैट का निर्माण पूरा करेगी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

सुरक्षा समूह ने जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड में 125 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डाली है. सुरक्षा समूह ने जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड को दिवाला प्रक्रिया के जरिए अधिग्रहित किया है. उसने यह निवेश बैंकों के बकाये का निपटान करने और दिल्ली-एनसीआर में करीब 20,000 अधूरे फ्लैट का निर्माण पूरा करने की अपनी समाधान योजना के तहत किया है. सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा समूह ने जेआईएल में 125 करोड़ रुपये का इक्विटी पूंजी डाली है.

उन्होंने बताया कि सुरक्षा समूह जल्द ही निर्माण प्रक्रिया शुरू कर देगा. साथ ही तय समय के अनुसार यीडा (वाईईआईडीए) को भुगतान भी शुरू कर देगा. राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण ने 24 मई को जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड का अधिग्रहण करने के लिए सुरक्षा रियल्टी की तरफ से लगाई बोली को बरकरार रखा था. इसके साथ ही इसे किसानों को मुआवजे के रूप में यमुना यीडा को 1,334 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश भी दिया था. इसके पहले मार्च 2023 में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने दिवाला प्रक्रिया पर मुहर लगाई थी.

एनसीएलटी ने जेआईएल को खरीदने के लिए सुरक्षा समूह की तरफ से लगाई बोली को मंजूरी दे दी थी. यीडा सहित कई पक्षों ने एनसीएलटी के आदेश को चुनौती देते हुए एनसीएलएटी में याचिका दायर की थी. यीडा ने किसानों के मुआवजे के रूप में लगभग 1,700 करोड़ रुपये का दावा किया था.

# बुधवार को भी मोदी कैबिनेट के मंत्रियों ने पदभार संभाला



**हर्ष मल्होत्रा**

नई दिल्ली : सड़क परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने अपने परिवार के साथ बुधवार को नई दिल्ली के परिवहन भवन में पदभार ग्रहण किया.



**निर्मला सीतारमण**

निर्मला सीतारमण ने लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए वित्त मंत्रालय का कार्यभार बुधवार को संभाल लिया. वह जल्द ही वित्त वर्ष 2025 के लिए अंतरिम बजट पेश करेंगी.



**नितिन गडकरी**

नितिन गडकरी ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री का कार्यभार बुधवार को संभाल लिया. सोशल मीडिया 'एक्स' पर गडकरी ने मोदी 3.0 में यह भूमिका सौंपने के लिए पीएम को आभार जताया.

### सपा प्रमुख ने पद छोड़ा



**अखिलेश यादव**

माजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से चुने जाने के बाद बुधवार को करहल विधानसभा सीट से दिया इस्तीफा दे दिया.

### छह विधायकों ने ली शपथ



**हिमाचल प्रदेश**

विस के लिए नवनिर्वाचित छह विधायकों ने जिनमें सुधीर शर्मा, अनुराधा राणा, कैप्टन रणजीत सिंह, इंद्र दत्त लखनपाल, राकेश कालिया और विवेक शर्मा शामिल हैं.

## ब्रीफ खबरें

### नोबेल पुरस्कार विजेता पर गबन के आरोप

**ढाका ।** बांग्लादेश में एक विशेष न्यायाधीश की अदालत ने 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन मामले में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस और 13 अन्य पर बुधवार को आरोप तय किये. गरीब लोगों, विशेष रूप से महिलाओं की मदद करने के लिए सूक्ष्म ऋण की शुरुआत करने के लिए वर्ष 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित 83 वर्षीय यूनुस ने खुद को निर्दोष बताया. फिलहाल यूनुस जमानत पर बाहर हैं.

### घर में आग लगने से दो बच्चियों की मौत

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक घर में भीषण आग लगने से दो बच्चियों की मौत हो गई और परिवार के छह अन्य सदस्य झुलस गये. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी. पुलिस के मुताबिक, गोरखपुर के रामपुर नया गांव इलाके में मंगलवार रात करीब 10 बजे रामजी जायसवाल के घर में आग लगी. पुलिस ने बताया कि आग उस समय लगी, जब पूरा परिवार घर के अंदर था और महिलाएं खाना बना रही थीं. मीटर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी.

### मानसिक स्वास्थ्य संस्थान को मिली धमकी

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के एक मानसिक स्वास्थ्य संस्थान को बुधवार को ईमेल के जरिये बम की धमकी मिली. इसके बाद मरीजों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया और तलाशी अभियान शुरू किया गया. संस्थान के एक अधिकारी ने दावा किया कि इसी तरह का ईमेल दिल्ली और दक्षिण भारत के कई अस्पतालों को भेजा गया है. अधिकारी ने कहा कि वे मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के परिसर की तलाशी ली.

### छह विदेशी कार्यकर्ताओं का पासपोर्ट रद्द किया

**हांगकांग।** हांगकांग सरकार ने बुधवार को नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत विदेश स्थित छह कार्यकर्ताओं के पासपोर्ट रद्द कर दिए हैं. इसके साथ ही देश छोड़कर गए असंतुष्टों पर कार्रवाई तेज हो गई है. इससे प्रभावित होने वालों में लोकतंत्र समर्थक नाथन लॉ, श्रमिक नेता मुंग सिउ-टैट और कार्यकर्ता साइमन चेंग, फिन लाउ, जॉनी फॉक और टोनी चोई शामिल हैं. अधिकारियों ने सभी पर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया है.

**जम्मू-कश्मीर: आतंकवादियों के साथ हुए दो मुठभेड़, छह सुरक्षाकर्मी घायल**

# सीआरपीएफ जवान शहीद, दो आतंकी ढेर

**भाषा। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के डोडा और कठुआ जिलों में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान शहीद हो गया और छह सुरक्षाकर्मी घायल हो गए. वहीं, दो आतंकी भी ढेर हो गया. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि डोडा जिले में भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर स्थित चतरगला के ऊपरी इलाके में आतंकवादियों ने एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया, जिसमें राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) घायल हो गये. उन्होंने बताया कि दूसरी ओर कठुआ जिले के सैदा सुखल गांव में मंगलवार देर रात लगभग तीन बजे गांव में छिपे एक आतंकवादी द्वारा की गयी गोलीबारी में सीआरपीएफ के जवान कबीर दास गंभीर रूप से घायल हो गये. उन्होंने बताया कि जवान को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने गांव में सुरक्षा घेरा तोड़ने के लिए अंधाधुंध गोलीबारी की थी.

**सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया :** अधिकारियों के मुताबिक, मंगलवार शाम को अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट एक गांव पर आतंकवादियों के हमले में एक नागरिक घायल हो गया, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया और एक आतंकवादी को मार गिराया. उन्होंने बताया कि एक अन्य आतंकवादी को पकड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं और ऐसा माना जा रहा है कि छिपा हुआ आतंकवादी सीमा पार से घुसपैठ कर यहां पहुंचा है. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक की अगुवाई में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मुठभेड़ वाली जगह पर पहुंचे हैं. पुलिस ने बताया कि सीआरपीएफ की सहायता से उन्होंने इलाके की घेराबंदी कर दी है और घर-घर जाकर तलाशी ली जा रही है.

रविवार को रियासी के शिव खोड़ी मंदिर से तीर्थयात्रियों को कटरा ले जा रही बस पर हुए हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी किये जाने के बीच ये घटनाएं हुई हैं. दो दिन पहले हुए इस हमले में बस सड़क से गहरी खाई में जा गिरी थी, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 लोग घायल हुए थे. अधिकारियों ने बताया कि डोडा में आतंकवादियों ने मंगलवार देर रात भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर स्थित चतरगला इलाके में 4 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की एक संयुक्त चौकी पर गोलीबारी की, जिसे बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी और कई घंटों तक जारी रही. उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी घायल हुए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया. अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के खिलाफ अभियान तेज करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को इलाके में भेजा गया है.





### खास बातें

- आतंकवादियों ने एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया
- आतंकवादियों ने गांव में सुरक्षा घेरा, फायरिंग की

### आतंकवादी ने हथगोला फेंकने की कोशिश की

जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने कठुआ के सैदा सुखल गांव में अभियान के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा, दो आतंकवादी जो हाल में (सीमा पार से) घुसपैठ करके आए थे, रात आठ बजे (मंगलवार) के आसपास गांव में दिखाई दिए और एक घर से पानी मांगा. लोग डर गए और जैसे ही सूचना मिली एक पुलिस दल तुरंत गांव में पहुंचा. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने बताया, एक आतंकवादी ने हथगोला फेंकने की कोशिश की, जिसे मुठभेड़ में मार गिराया गया जबकि दूसरा आतंकवादी गांव में छिपा हुआ बताया जा रहा है. उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादी के पास से एक एके राइफल और एक बैग बरामद किया गया है. उन्होंने बताया कि आतंकवादी की पहचान और वह किस समूह से जुड़ा था, उसका पता लगाया जा रहा है.

### पीएम ने रियासी आतंकी हमले पर चुप्पी क्यों साध रखी है : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकी हमले का हवाला देते हुए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की 'नया कश्मीर' नीति के विफल रहने का आरोप लगाया और सवाल किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस हमले की निंदा करने का समय क्यों नहीं मिला और उन्होंने चुप्पी क्यों साध रखी है? पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक बयान में यह आरोप भी लगाया कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की झूठे ही सीना ठोकने की वजह से राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा है.

**पीएफआई के संदिग्ध सदस्यों को जमानत देने से इनकार**

# भारत को इस्लामिक देश में बदलने की साजिश रची: कोर्ट

**भाषा। मुंबई**



बंबई उच्च न्यायालय ने प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के तीन कथित सदस्यों को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने भारत को 2047 तक इस्लामिक देश में बदलने की साजिश रची थी और आपराधिक बल का इस्तेमाल करके सरकार को आतंकित करने का प्रयास किया था. न्यायमूर्ति अजय गडकरी और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की खंडपीठ ने मंगलवार को रजी अहमद खान, उनैस उमर खैय्याम पटेल और कय्यूम अब्दुल शेख की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं और कहा कि उनके खिलाफ प्रथमदृष्टया सबूत मौजूद हैं. उन पर पीएफआई के सदस्य होने का आरोप है और वे भारत सरकार के खिलाफ साजिश रचने में संलिप्त हैं. केंद्र ने 2022 में पीएफआई को प्रतिबंधित कर दिया था. अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपियों ने आपराधिक बल का इस्तेमाल करके सरकार को डराने की साजिश रची.

पीठ ने कहा, प्रथम सूचना रिपोर्ट में यह बात स्पष्ट रूप से कही गई है कि उन्होंने 2047 तक भारत को इस्लामिक देश बनाने की साजिश रची थी. आरोपी व्यक्ति देश के खिलाफ नफरत फैलाने और विभिन्न प्रचार माध्यमों से राष्ट्र विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने में शामिल थे. अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि उनके खिलाफ प्रथमदृष्टया सबूत मौजूद हैं. अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपियों का उद्देश्य अन्य धर्मों और भारत सरकार के प्रति नफरत पैदा करना तथा भारतीयों में विभाजन पैदा करना था.

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर का दौरा कब करेंगे : उद्धव ठाकरे

**भाषा। मुंबई**

शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने बुधवार को सवाल किया कि मणिपुर की स्थिति पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी के बाद क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्वोत्तर राज्य का दौरा करेंगे? यहां एक संवाददाता सम्मेलन में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी पूछा कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने के प्रावधान वाले अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद वहां जमीनी स्तर पर क्या बदलाव आया है ? मणिपुर में पिछले साल मई से मेइती और कुकी समुदाय के बीच हिंसा जारी है. अब तक इस हिंसा में करीब 200 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि बड़े पैमाने पर हुई आगजनी की वजह से हजारों लोग विस्थापित हो गए हैं और कई घर और सरकारी इमारतें जलकर खाक हो गई हैं. पिछले कुछ दिनों में मणिपुर के जिरीबाम से हिंसा की ताजा घटनाओं की खबरें आईं. आरएसएस प्रमुख भागवत ने सोमवार को मणिपुर में हिंसा के एक साल बाद भी शांति स्थापित न हो पाने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा था कि संघर्षग्रस्त पूर्वोत्तर राज्य की स्थिति पर प्राथमिकता से विचार किया जाना चाहिए.

# तीन महिला श्रद्धालुओं की मौत, 24 घायल

**भाषा। उत्तरकाशी**

उत्तराखंड में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी के समीप एक बस के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से तीन महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गयी और 24 अन्य लोग घायल हो गए. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात गंगनानी से 50 किलोमीटर पहले हुए हादसे के दौरान बस अनियंत्रित होकर क्रैश बैरियर तोड़कर खाई में गिर गयी. पुलिस के मुताबिक, खाई में गिरते ही बस पेड़ के सहारे अटक गयी, जिस कारण हादसे में जनहानि कम हुई. पुलिस ने बताया कि गंगोत्री से उत्तरकाशी की ओर जा रही बस में कुल 27 श्रद्धालु सवार थे. हादसे की सूचना मिलते ही बचाव और राहत कार्य शुरू किया गया और घायलों को निकालकर स्वास्थ्य केंद्र भटवाड़ी और उत्तरकाशी जिला अस्पताल भेजा गया. पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले के रूद्रपुर की रहने वाली दीपा तिवारी और हल्द्वानी की रहने वाली नीमा टेडा तथा मीना रेकवाल के रूप में हुई है. इसी स्थान पर 2010 में एक ट्रक खाई में गिरा था, जिसमें 27 कांवड़ यात्रियों की मौत हो गयी थी. वर्ष 2023 में भी यहां एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से सात तीर्थयात्रियों की मौत हुई थी.



**उत्तरकाशी में भीषण सड़क हादसा**

### ट्रक पलटा, चार बच्चों समेत आठ की मौत

**हरदोई (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में गंगा नदी से बालू भरकर ला रहा एक ट्रक बुधवार सुबह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी झोपड़ियां के बाहर सो रहे लोगों पर पलट गया, जिससे चार बच्चों समेत आठ लोगों की दबकर मौत हो गई. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी. पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने बताया कि मल्लावा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानपुर-उन्नाव मार्ग पर बालू से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झोपड़िया के बाहर सो रहे एक ही परिवार के लोगों पर पलट गया.

**राहुल गांधी ने केरल में रोड शो किया, कहा-**

# मोदी अब तानाशाही नहीं कर सकते

**भाषा। मलप्पुरम**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को उत्तरी केरल के मलप्पुरम जिले में रोड शो किया. राहुल गांधी ने लगातार दूसरी बार वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भारी अंतर से जीत हासिल की है. लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद यह गांधी का राज्य का पहला दौरा है. वायनाड लोकसभा सीट के तहत आने वाले एडवन्ना में राहुल के रोड शो के दौरान यूडीएफ के हजारों कार्यकर्ता और समर्थक एकत्र हुए. इससे पहले पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कोझिकोड हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत किया.



गांधी ने यहां एक सभा में लोस में वायनाड से दूसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने पर लोगों का आभार जताया. कहा कि वर्ष 2024 का लोस चुनाव संविधान की रक्षा के लिए लड़ा गया नफरत को प्रेम ने, अहंकार को विनम्रता ने पराजित कर दिया.

### भारत के लोगों ने कहा, संविधान को मत छुओ

राहुल ने कहा कि उन्होंने (भाजपा) सोचा कि राजनीतिक शक्ति, ईडी, सीबीआई और आईटी विभाग की मदद से वे भारत के लोगों को निर्देश दे सकते हैं कि क्या होने वाला है. लेकिन भारत के लोगों ने पीएम को दिखा दिया कि वह उन पर यह हुक्म नहीं चला सकते. भारत के लोगों ने उनसे कहा, संविधान हमारी आवाज़ है. संविधान को मत छुओ. राहुल ने कहा, एक तरफ, लाखों भारतीय कह रहे थे कि वे अपनी परंपरा, भाषा, संस्कृति, इतिहास चाहते हैं और मानते हैं और वे ही अपना भविष्य परिभाषित करेंगे.

**प्रसन्नता** | **ओडिशा के सीएम चुने जाने पर मोहन मांझी की पत्नी ने कहा-ये चमत्कार है**

# कभी नहीं सोचा था कि मेरे पति मुख्यमंत्री बनेंगे : प्रियंका

**भाषा। भुवनेश्वर**

मोहन चरण मांझी ओडिशा के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लिया. माझी के परिवार के सदस्यों के लिए यह किसी चमत्कार से कम नहीं है, क्योंकि उनमें से किसी ने कभी नहीं सोचा था कि वह ओडिशा के मुख्यमंत्री बनेंगे. मोहन की मां, पत्नी और दो बेटे भुवनेश्वर में सरकारी आवास में रहते हैं. मंगलवार को जब माझी को नया मुख्यमंत्री घोषित किया गया तो उनका परिवार आश्चर्यचकित रह गया. उन्हें सबसे पहले स्थानीय समाचार चैनलों से उनके मुख्यमंत्री के रूप में चुने जाने की जानकारी मिली. उस क्षण तक वे पूरी तरह से इस निर्णय से अनजान थे. आवाज में अविश्वास और गर्व के मिलेजुले भाव के साथ मोहन की पत्नी प्रियंका ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि वो (मोहन) मुख्यमंत्री बनेंगे. मुझे ये तो उम्मीद थी कि उन्हें नए भाजपा मंत्रिमंडल में मंत्री पद मिलेगा. लेकिन यह मेरे और मेरे परिवार के लिए एक चौंका देने वाला था. प्रियंका ने कहा कि वह अपने परिवार के साथ टीवी पर समाचार देख रहे थे, तभी उन्हें इस घटनाक्रम के बारे में पता चला. उन्होंने भरोसा जताया कि उनके पति ओडिशा के लोगों और अपने निर्वाचन क्षेत्र क्योंझर के लिए अच्छा काम करेंगे. मोहन माझी की मां बाले माझी ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि उनका बेटा मुख्यमंत्री बन गया. उन्होंने कहा, वह कम उम्र में ही लोगों की सेवा करने के लिए आगे आया. पहले वह सरपंच बना, फिर विधायक और अब मुख्यमंत्री. माझी के बेटे कृष्ण केंद्रीय विद्यालय में कक्षा आठ में पढ़ाई कर रहे हैं. उन्होंने कहा, मुझे बड़ी हैरानी हुई कि मेरे पिता मुख्यमंत्री बन गए. मेरे दोस्त मुझसे पार्टी मांग रहे हैं. मुख्यमंत्री पद के लिए मोहन माझी के नाम के ऐलान के बाद क्योंझर जिले के उनके पैतृक गांव रायकला में लोगों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया. माझी के पास एक छोटा सा घर है, जहां वो अपना कार्यालय भी चलाते हैं.

मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन माझी के एक पड़ोसी ने कहा, हम बहुत खुश है कि हमारे माझी मुख्यमंत्री बन गए. वह एक विनम्र व्यक्ति हैं और निश्चित रूप से राज्य के लिए काम करेंगे और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेंगे. इस बीच, माझी के मुख्यमंत्री बनने की घोषणा के बाद से ही उनके कई समर्थक और शुभचिंतक उन्हें बधाई देने के लिए भुवनेश्वर स्थित उनके आवास पर पहुंच रहे हैं.



सीएम मोहन चरण मांझी की पत्नी प्रियंका.

### खास बातें

- स्थानीय समाचार चैनलों से सीएम बनने की सूचना मिली
- पत्नी को उम्मीद थी कि मंत्री पद उन्हें जरूर मिलेगा

### अपार्टमेंट में आग लगने से एक की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में 27 मंजिला एक आवासीय इमारत के एक फ्लैट में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई. नगर निगम के अधिकारियों ने यह जानकारी दी. ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि तुलसीधाम सोसाइटी में इमारत की चौथी मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में मंगलवार की देर रात आग लग गई. उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद बालकुम से दमकलकर्मी और क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ की टीम मौके पर पहुंची. अधिकारी ने बताया कि बचावकर्मियों ने फ्लैट के एक कमरे में अरुण केडिया (47) नामक व्यक्ति को बेहोशी की हालत में पाया. उन्हें निकटवर्ती अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

# पाकिस्तान में बढ़ी गधों की संख्या

- वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 59 लाख हुई

**भाषा। इस्लामाबाद**



कृषि प्रधान देश पाकिस्तान में पशुधन पर जारी नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश में गधों की संख्या 1.72 प्रतिशत बढ़कर 59 लाख हो गयी है. मंगलवार को पाकिस्तान आर्थिक सर्वेक्षण (पीईएस) 2023-24 जारी किया गया, जिसमें मौजूदा वित्तीय वर्ष में प्रमुख आर्थिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है. इसमें दिखाया गया है कि देश में गधों की संख्या बढ़ रही है.

पीईएस में जारी आंकड़ों से पता चलता है कि बोझ ढोने वाले जानवरों की संख्या 2019-2020 में 55 लाख थी. यह संख्या 2020-21 में 56 लाख, 2021-22 में 57 लाख और 2022-23 में 58 लाख थी, जबकि 2023-24 में यह बढ़कर 59 लाख हो गई है. इसमें कहा गया है कि घोड़े और खच्चरों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में कोई खास बदलाव नहीं आया है तथा यह क्रमशः चार लाख और दो लाख हैं. गधे कई पाकिस्तानियों की आखिरी उम्मीद हैं, खास करके उन लोगों के लिए जो ग्रामीण इलाकों में रहते हैं. ग्रामीण इलाकों में अर्थव्यवस्था इन जानवरों के साथ गहरे से जुड़ी हुई है. पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने पशुधन पर आंकड़ा दिया.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)